धनबाद
बुधवार 29.01.2025
मूल्य- ₹ 1.50
वर्ष-30 अंक-335 पृष्ठ- 12
माघ कृष्ण पक्ष-15
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑबजर्वर



## मंईयां सम्मान योजना से किसी पर बोझ नहीं पड़ेगा:हेमंत सोरेन



**रांची (एजेंसी):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बजट पूर्व संगोष्ठी में कहा कि मंईयां सम्मान योजना के लिए आंतरिक संसाधनों से ही भुगतान किया जाएगा. इस योजना से ५५ लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह २५०० रुपये दिए जाएंगे.

उन्होंने कहा कि यह योजना नागरिकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालेगी. सीएम मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित बजट पूर्व संगोष्ठी में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि बजट में रोजगार और स्वरोजगार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. नौजवानों को नौकरी उपलब्ध कराना जरूरी है. रोज वे आंदोलन कर रहे हैं. ऐसे में इस समस्या का समाधान जरूरी है.

**बजट में नौकरियों पर विशेष फोकस**

सीएम ने कहा कि बजट में नौकरियों पर विशेष फोकस किया जाएगा. बजट में पैसा खर्च करने का जो प्रावधान है, उसका आउटकम क्या होगा, इस पर भी ध्यान रखना जरूरी है. विजन ऐसा होना चाहिए कि समग्र विकास हो सके.

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए आय बढ़ाने की जरूरत है. आय के अन्य स्रोतों को खोजने की जरूरत है. ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि योग्य भूमि का लगान काफी कम है। लगान दर में बढ़ोतरी जरूरी है, लेकिन आम जनता को अधिक बोझ नहीं देना है. अनुपयोगी योजनाओं को बजट में शामिल नहीं करने की हिदायत दी. उन्होंने कहा कि कई सालों से भवन बने पड़े हैं जिनका कोई उपयोग नहीं हो रहा है. राजस्व बढ़ाने के लिए पर्यटन और मार्केटिंग पर भी जोर दिया। कहा कि स्वयं सेवी संस्थाओं के उत्पादों को बेहतर पैकेजिंग करके मार्केटिंग करने पर जोर देना चाहिए.

**राज्य को सिर्फ 4408 करोड़ ही मिले**

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने झारखंड को १६,९६१ करोड़ का ग्रांट देने का फैसला लिया था, लेकिन राज्य को सिर्फ ४४०८ करोड़ ही मिले हैं.

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर ऐसा क्यों हुआ. केंद्र का कहना है कि समय पर उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण राशि रुकी हुई है. वित्त मंत्री ने अधिकारियों से पूछा कि इसके लिए कौन जिम्मेदार हैं. वित्त मंत्री ने कहा कि सिर्फ टैक्स से राजस्व बढ़ाना पर्याप्त नहीं है, समग्र विकास करना होगा. उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए नए और नवीन तरीके अपनाने होंगे.

## आज मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान

### एक दिन पहले साढ़े 4 करोड़ से अधिक लोगों ने लगाई महाकुंभ में डुबकी



**प्रयागराज (ईएमएस):** मौनी अमावस्या का अमृत स्नान बुधवार को ब्रह्म मुहूर्त सुबह ४ बजे से शुरू होगा। मंगलवार को प्रयागराज की आबादी साढ़े ४ करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। इसमें अगर जिले की आबादी करीब ७० लाख जोड़ ली जाए, तो प्रयागराज में एक दिन की संख्या ५.२० करोड़ रिकॉर्ड की गई।

ऐसे में आबादी के लिहाज से विश्व के सबसे बड़े शहर टोक्यो को भी प्रयागराज ने पीछे छोड़ दिया। इससे पहले मकर संक्रांति पर भी ४.२० करोड़ लोगों के साथ प्रयागराज विश्व का सबसे बड़ा जिला बनने का रिकॉर्ड बना चुका है। वहीं, महाकुंभ के सेक्टर- १९ के बालक नंदन दास के शिविर में आग लगी। रसोई में खाना बनाते समय यह हादसा हुआ। आग से कुर्सी और रसोई में रखा सामान जल गया। फायर ब्रिगेड की ४ गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है।

**मौनी अमावस्या पर 4 बजे होगा अमृत स्नान ब्रह्म मुहूर्त**

मौनी अमावस्या का अमृत स्नान ब्रह्म मुहूर्त सुबह ४ बजे से शुरू होगा। सबसे पहले महानिर्वाणी अखाड़े के नागा संन्यासी स्नान करेंगे। महानिर्वाणी अखाड़े के साथ श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा भी स्नान करेगा। सुबह ५.५० पर निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा स्नान करेगा।

सुबह ६.४५ बजे जूना अखाड़ा, आवाहन अखाड़ा और पंच अग्नि अखाड़ा स्नान करेगा। सुबह ९.२५ पर बैरागी अखाड़े स्नान करेंगे। १०.०५ पर दिगंबर अनि अखाड़ा स्नान करेगा। ११.०५ बजे पर निर्मोही अनि अखाड़ा स्नान करेगा। सबसे अंत में उदासीन परंपरा के तीनों अखाड़े स्नान ▶▶ 8

## आज 100वां मिशन लॉन्च करेगा इसरो

### जीएसएलवी-एफ 15 रॉकेट प्रक्षेपण का काउंटडाउन शुरू



**श्रीहरिकोटा (ईएमएस):** इसरो के १००वें मिशन जीएसएलवी-एफ १५ रॉकेट के साथ सैटेलाइट एनवीएस-०२ को लॉन्च करने का काउंटडाउन शुरू हो गया है। स्वदेशी क्रायोजेनिक स्टेज वाले रॉकेट को बुधवार को सुबह ६.२३ बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से प्रक्षेपित किया जाएगा। २७ घंटे का काउंटडाउन पूरा करने के बाद रॉकेट सैटेलाइट को लेकर रवाना होगा। इसके साथ ही यह इसरो के नए अध्यक्ष वी नारायणन का पहला मिशन होगा।

इसरो ने बताया कि जीएसएलवी-एफ१५, एनवीएस-०२ सैटेलाइट को भू-स्थिर स्थानांतरण कक्षा में स्थापित करेगा। इसकी २७.३० घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार सुबह ०२.५३ बजे शुरू हुई। इसरो के अनुसार, नेविगेशन विद इंडियन कंस्टीलेशन भारत का स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम है। इसका उद्देश्य भारत और भारतीय जमीन से १,५०० किमी तक फैले क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं को सटीक पोजीशन, वेलोसिटी और टाइमिंग सेवाएं प्रदान करना है। इसरो ने बताया कि यूआर सैटेलाइट सेंटर द्वारा डिजाइन और विकसित एनवीएस-०२ उपग्रह का वजन लगभग २२५० किलोग्राम है। इसमें एल१, एल५ और एस बैंड में नेविगेशन पेलोड के साथ-साथ सी-बैंड में रेंजिंग पेलोड भी लगाया गया है, जैसा कि ▶▶ 8

## श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरों पर बरसाईं गोलियां, दो गंभीर रुप से घायल

### भारत ने कहा- बल प्रयोग स्वीकार्य नहीं

**नई दिल्ली (ईएमएस):** मंगलवार सुबह डेल्फ़्ट द्वीप के निकट श्रीलंकाई नौसेना ने गोलीबारी करते हुए दो भारतीय मछुआरों को घायल कर दिया। इस मामले में भारत ने सख्त प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्रीलंका के उच्चायुक्त को तलब कर कहा बल प्रयोग स्वीकार्य नहीं।

मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, कि आज मंगलवार सुबह डेल्फ़्ट द्वीप के निकट १३ भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गोलीबारी करने की सूचना प्राप्त हुई है। इस गोलीबारी में मछली पकड़ने वाली नाव पर सवार १३ मछुआरों में से दो को गंभीर चोटें आई हैं।

घायलों को जाफना टीचिंग अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही भारत में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को विदेश मंत्रालय ने तलब कर इस मामले पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक श्रीलंका की गोलीबारी में तीन अन्य भारतीय मछुआरों को मामूली चोटें भी आई हैं। भारत ने घटना पर सख्त प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग स्वीकार्य नहीं होगा।

## राष्ट्रपति मुर्मु बजट सत्र से पहले 31 को संसद के संयुक्त सत्र को करेंगी संबोधित



**नई दिल्ली (ईएमएस):** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ३१ जनवरी को सुबह ११ बजे लोकसभा में संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। इस संबोधन के साथ ही बजट सत्र की औपचारिक शुरुआत हो जाएगी।

संसद का यह बजट सत्र दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला चरण ३१ जनवरी से १३ फरवरी तक चलेगा जिसमें १ फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। दूसरा चरण १० मार्च से लेकर ४ अप्रैल तक चलेगा। राष्ट्रपति के संबोधन पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए ३, ४ और ६ फरवरी का समय तय किया गया है। ६ फरवरी को चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब दिया जाएगा। वहीं संसद की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ३० जनवरी को सभी दलों की एक बैठक बुलाई है। उन्होंने विपक्षी नेताओं से रचनात्मक चर्चाओं में सहयोग देने की अपील की है।

बजट को लेकर उम्मीद जताते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण १ फरवरी को संतुलित और व्यापक बजट पेश करेंगी। उन्होंने कहा कि बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति के संबोधन से होगी वहीं जनता को सकारात्मक और जनहितैषी बजट की उम्मीद है।

## तहव्वुर को लाने यूएस जाएगी एनआईए

**नई दिल्ली (ईएमएस):** मुंबई हमले (२६/११) के दोषी तहव्वुर राणा को भारत लाने के लिए नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की टीम जल्द अमेरिका का दौरा कर सकती है। रिपोट्र्स के मुताबिक एनआईए की टीम में इंस्पेक्टर जनरल और डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल रैंक के अधिकारी होंगे, जो इस महीने यानी अगले १-२ दिन में अमेरिका का दौरा करेंगे।

इस बारे में गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय को जानकारी दे दी गई है। पिछले हफ्ते अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी। फैसले के बाद भारतीय अधिकारियों ने राणा को भारत लाने की प्रक्रिया में तेज कर दी थी।

## मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड

**मुंबई (ईएमएस):** मुंबईकरों के आराध्य देव सिद्धिविनायक मंदिर में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु आते हैं। कई भक्त विभिन्न वेशभूषा में दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। खबर है कि मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू किया गया है। इस बाबत सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट की ओर से एक आधिकारिक बयान जारी किया गया है। इसमें यह कहा गया है कि सिद्धिविनायक मंदिर में आने वाले भक्तों को अब मंदिर में प्रवेश की अनुमति केवल तभी दी जाएगी जब वे पारंपरिक भारतीय पोशाक या पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहने होंगे। सिद्धिविनायक मंदिर में आने वाले भक्त की पोशाक पवित्रता बनाए रखने वाली होनी चाहिए। ऐसे कपड़े जो दूसरों को शर्मिंदा कर सकते हैं या असहज महसूस करा सकते हैं तथा छोटे कपड़े निषिद्ध हैं। सिद्धिविनायक मंदिर में प्रवेश के लिए यह ड्रेस कोड अगले सप्ताह से लागू किया जाएगा।

## विरोध प्रदर्शन रोकने के लिए धारा 144 का गलत इस्तेमाल: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (ईएमएस):** विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए जिला दंडाधिकारी द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा १४४ के दुरुपयोग पर चिंता जताते हुए इसे अवैधानिक माना है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अभय एस ओक और उज्ज्वल भुइन्या की खंडपीठ ने कहा है, जिला प्रशासन की यह प्रवृत्ति बन गई है। जब भी कोई विरोध प्रदर्शन होना होता है। इसकी सूचना मिलने के बाद धारा १४४ लगा दी जाती है। यह अधिकार का दुरुपयोग है।

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ झारखंड सरकार की याचिका को खारिज करते हुए, यह आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने निशिकांत दुबे सहित अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ दंगे का मामला खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ क्या अपील की गई थी। धारा १४४ की पाबंदियों के बीच यह प्रदर्शन हुए थे। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से जिला दंडाधिकारी विरोध प्रदर्शन रोकने के लिए यदि धारा १४४ का गलत उपयोग करते हैं। उस पर सुप्रीम कोर्ट की यह नसीहत सामने आई है।

## चुनाव आयोग ने केजरीवाल को यमुना के पानी में जहर वाले बयान पर थमाया नोटिस

**नई दिल्ली (ईएमसस):** दिल्ली में विधानसभा चुनाव की हलचल के बीच यमुना के पानी में जहर का मामला गरमा गया है। चुनाव आयोग ने अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेजा है। यह नोटिस हरियाणा की ओर से यमुना के पानी को जहरीला करने के उनके आरोपों पर है। केजरीवाल ने दावा किया था कि अगर दिल्ली जल बोर्ड ने जहर नहीं पकड़ा होता, तो सामूहिक नरसंहार हो सकता था। एउ ने चिंता जताई है कि केजरीवाल के आरोपों से गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इनमें क्षेत्रीय समूहों के बीच दुश्मनी, पड़ोसी राज्यों के निवासियों के बीच तनाव और पानी की कमी के कारण कानून-व्यवस्था की समस्याएं शामिल हैं। एउ ने केजरीवाल से कल शाम ८ बजे तक सबूत देने को कहा है।

## सीमा विवाद सुलझाने के बाद और करीब आए भारत और चीन

### कैलाश मानसरोवर यात्रा होगी शुरू, दोनों देश सीधी उड़ान पर हुए सहमत



**नई दिल्ली (ईएमएस):** भारत और चीन अब दोस्ती का हाथ बढ़ा रहे हैं। पुरानी बातें भूलकर दोनों रिश्तों की नई पटकथा लिख रहे हैं। इसका असर दिखने भी लगा है। पहले तो एलएसी पर सीमा विवाद सुलझा। दोनों देशों के सैनिक पीछे हटे। जहां-जहां तनाव था, वहां से डिसइंगेजमेंट हो गया। अब भारत और चीन फिर से कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू करेंगे। दोनों देश सीधी उड़ान पर सहमत हो गए हैं। भारत और चीन ने सोमवार को अपने रिश्तों के पुनर्निर्माण की दिशा में यह घोषणा की। इसके तहत इस साल गर्मी के मौसम में कैलाश मानसरोवर की यात्रा फिर से शुरू हो सकती है।

२०२० के बाद से ही कैलाश मानसरोवर यात्रा के साथ दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें बंद हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच साल बाद शुरू होगी। साल २०२० में भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी और पैंगोंग त्सो झील के पास झड़पें हुई थीं। इन झड़पों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। हर तरह ▶▶ 8

## आईएसआईएस मॉड्यूल के खिलाफ एनआईए ने मारा 16 ठिकानों पर छापा




**नई दिल्ली (ईएमएस):** एनआईए ने १६ ठिकानों पर छापेमारी की है। यह जांच आईएसआईएस के उस मॉड्यूल के खिलाफ है, जिसके तहत युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेला जा रहा है। केरल, तमिलनाडु के युवाओं को इसमें भर्ती करने की कोशिशें हो रही है। यही नहीं बीते कुछ सालों में करीब २० युवा इस्लामिक स्टेट में शामिल होने के लिए सीरिया और इराक तक गए थे। एजेंसी की ओर से यह छापेमारी इस्लामिक स्टेट के अलावा कुछ और विदेशी आतंकी संगठनों के साथ लिंक को लेकर की जा रही है।

सूत्रों का कहना है कि चेन्नई और मायिलादुथुरई समेत कई इलाकों में ये छापेमारी जा रही है। अब भी एनआईए की टीमें सर्च ऑपरेशन चला रही है। एजेंसी ने २५ जनवरी को ही दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया था। ये लोग प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से जुड़े ▶▶ 8

## राम रहीम पैरोल पर जेल से बाहर

**चंडीगढ़ (ईएमएस):** दिल्ली विधानसभा चुनाव और हरियाणा में निगम चुनाव से पहले डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को ३० दिन की पैरोल मिल गई है। मंगलवार सुबह ६ बजे वह रोहतक स्थित सुनारिया जेल से निकला। जेल जाने के बाद पहली बार उसे सिरसा डेरे में रहने की परमिशन मिली है।

साल २०१७ में साध्वियों से यौन शोषण और मर्डर केस में सजा होने के बाद राम रहीम १२वीं बार जेल से बाहर आया है। इससे पहले ११ बार वह उत्तर प्रदेश के बरनावा आश्रम में रहा। सिरसा पहुंचते ही राम रहीम ने वीडियो जारी कर कहा कि परमात्मा की कृपया से आपके दर्शनों के लिए और आपकी सेवा में आए हैं। इस बार सिरसा शाह सतनाम जी धाम में आए हैं। आपसे प्रार्थना है कि आप सिरसा में न आएं। अपनी-अपनी जगह पर ही रहें। सेवादार जैसा कहेंगे, आपको अमल करना है। भगवान आप सबको बहुत खुशियां दे। बहुत-बहुत आशीर्वाद।

## क्रिस गोपालकृष्णन, बालाराम सहित 16 पर एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज



**नई दिल्ली (ईएमएस):** वर्ष २०२१ में इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के पूर्व निदेशक बालाराम सहित १६ लोगों पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामला सदाशिव नगर पुलिस स्टेशन में सिटी सिविल और सेशन कोर्ट के निर्देशों के आधार पर दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता दुर्गप्पा बौवी जनजाति समुदाय से हैं और इस मामले में मुख्य आरोपी हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें हनी ट्रैप मामले में झूठा फंसाया गया और बाद में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें जातिसूचक गालियां और धमकियां दी गईं। मामले में अन्य व्यक्तियों को भी शामिल किया गया है, जिनमें गोविंदन रंगराजन, श्रीधर वारियर, संध्या विश्वेश्वरैया, और अन्य हैं। क्रिस गोपालकृष्णन २०११ से २०१४ तक इंफोसिस के उपाध्यक्ष रहे हैं, जिसके बाद उन्होंने अपने वेंचर्स में निवेश किया है। क्रिस गोपालकृष्णन की अनुमानित संपत्ति ३८,५०० करोड़ रुपए है और उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। यह मामला भारतीय विज्ञान संस्थान के एक फैकल्टी सदस्य की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

## दाऊद इब्राहिम से संबंध के चलते अनमोल बिश्नोई ने करवाई बाबा सिद्दीकी की हत्या

### शूटर गौतम ने किया कबूल कहा- बाबा या बेटे जीशान को मारने का मिला था आदेश



**मुंबई (ईएमएस):** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता रहे बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। शूटर ने कबूल किया है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रची गई थी। उसने पुलिस को गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई का नाम बताया है। पुलिस ने इस मामले में २५ से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कुख्यात अपराधी अनमोल बिश्नोई ने 'दाऊद इब्राहिम से कथित संबंध को लेकर एनसीपी के दबंग नेता बाबा सिद्दीकी पर हमला करने का आदेश दिया था। सिद्दीकी पर हमले के आरोपी मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने अपने इकबालिया बयान में यह बात कही। गौतम का बयान महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी की १२ अक्टूबर को हुई हत्या के सिलसिले में दायर आरोपपत्र का हिस्सा है। मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में सिद्दीकी की उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

गौतम ने कहा कि उसे बाबा सिद्दीकी या जीशान सिद्दीकी को मारने के लिए कहा गया था और इसके बदले उसे १५ लाख रुपए देने का वादा किया था। उसने बताया है कि वह पुणे में कबाड़ इकट्ठा करता था और सह-आरोपी हरीश कुमार कश्यप को बेचता था। कबाड़ की दुकान संचालित करने वाले हरीश कश्यप ने उसके रहने की व्यवस्था की थी और इस दौरान उसकी जान-पहचान प्रवीण लोनकर और उसके भाई शुभम लोनकर से हुई थी।

गौतम ने बयान में कहा कि एक दिन शुभम लोनकर ने शूटर को बताया कि वह और उसका भाई बिश्नोई गिरोह के लिए काम करते है। जून २०२४ में शुभम लोनकर (शुब्बू) ने मुझे और धर्मराज कश्यप को बताया कि अगर हम उसके कहने पर काम करेंगे तो हमें १० से १५ लाख रुपए मिलेंगे। जब काम के बारे में पूछा तो शुभम ने बताया कि बाबा सिद्दीकी या उसके बेटे ज़ीशान सिद्दीकी की हत्या करनी है, लेकिन उसने कोई और जानकारी नहीं दी। मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में आरोप-पत्र दायर किया है। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक चार्जशीट में कहा गया है कि अनमोल की अगुवाई चलाए जाने वाले अपराध सिंडिकेट ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की थी। ▶▶ 8

# केंद्रीय इस्पात मंत्री ने टासरा परियोजना का किया निरीक्षण



**सिंदरी/धनबाद (कासं) :** मंगलवार को केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी तथा इस्पात एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा ने सेल की टासरा ओपन

**केंद्रीय इस्पात मंत्री ने टासरा परियोजना का किया निरीक्षण**

कास्ट परियोजना एवं चासनाला वाशरी का निरीक्षण किया। इस दौरान सेल के चैयरमेन अमरेंदु प्रकाश भी उनके संग मौजूद थे। मौके पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन एवं सेल के वरीय पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं, सेल के महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी ने मंत्री को टासरा परियोजना की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि टासरा परियोजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। यह परियोजना ४ मिलियन टन वार्षिक क्षमता की परियोजना है, जिसमें वाशरी का निर्माण भी शामिल है।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना से स्थानीय क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों का विकास होगा एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

वहीं केंद्रीय इस्पात मंत्री ने कोल माइन के लेआउट आदि का निरीक्षण कर कहा कि यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम है एवं इस परियोजना से कोकिंग कोल के आयात में कमी आयेगी, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार की बचत होगी। उन्होंने सेल एवं मेसर्स के टीएमपीएल के संयुक्त तत्वावधान में सीएसआर के अन्तर्गत संचालित महिला स्वरोजगार गतिविधियों का अवलोकन किया एवं सेल के सामाजिक क्षेत्रों के कार्यों की सराहना की।

तत्पश्चात मंत्री ने सेल चासनाला वाशरी का अवलोकन कर वाशरी के कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद मंत्री ने चासनाला के शहीद स्मारक पहुंच कर खान दुर्घटना में शहीद हुए श्रमिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सेल के बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी, कोलियरी प्रभाग के कार्यपालक निदेशक एसके सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) संजय तिवारी, महाप्रबंधक टासरा एसके कुरील, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यम, केटीएमपीएल के प्रवीण कोटा, टी रमेश एवं बड़ी संख्या में सेल के अधिकारी, प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अपर समाहर्ता ने सुनी लोगों की शिकायतें



**धनबाद (कासं) :** समाहरणालय में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी।

जनता दरबार में बलियापुर के भिखराजपुर से आए व्यक्ति ने अपर समाहर्ता को बताया कि उनके भाई द्वारा जबरन उनका घर तोड़ा जा रहा है। विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट करते हैं।

वहीं मनईटांड से आए व्यक्ति ने कहा कि वह जीविको पार्जन के लिए विगत २६ वर्षों से एक पान गुमटी चला रहे हैं। परंतु मोहल्ले के कुछ लोगों द्वारा बारबार गुमटी हटाने की धमकी दी जा रही है। एक अन्य फरियादी ने रैयती जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा कर घर बनाने की शिकायत की।

इसके अलावा राशन कार्ड बनाने, आरटीआई में पुत्र का चयन होने के बाद भी विद्यालय द्वारा नामांकन नहीं करने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। अपर समाहर्ता ने सभी शिकायतों को संबंधित पदाधिकारी के पास निष्पादन करने के लिए अग्रसारित कर दिया है। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद व जन शिकायत कोषांग के नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

# एनएसयूआई ने किया पोस्टर लॉन्च




**धनबाद (कासं) :** एनएसयूआई धनबाद ने मंगलवार को पीके रॉय कॉलेज में हम बदलेंगे का पोस्टर जारी किया। यह मुहिम भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा वरुण चौधरी की निगरानी में दिल्ली मुख्यालय में जारी किया गया था। इसके बाद यह मुहिम पूरे भारतवर्ष में सभी कॉलेज और विश्वविद्यालय में चलाया जा रहा है। इस मुहिम के तहत बच्चों को राजनीतिक और प्रेरित करना तथा उन्हें कैंपस में खुद की आवाज को कैसे बुलंद करेंगे यह जानकारी और जिम्मेदारी बच्चों को दी जा रही है। सारे पोस्टर के साथ स्केनर दिया गया है। जिसके जरिए छात्र इस मुहिम का हिस्सा बन सकते हैं और एनएसयूआई द्वारा चलाया गया इस कंपेन में अपने कॉलेज में एनएसयूआई कैंपस एंबेस्डर भी बन सकते हैं।

मौके पर पूर्व धनबाद महानगर अध्यक्ष सनी सिंह ने बताया कि इस मुहिम में जुड़ने से उन्हें भारतीय राजनीति की ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्हें कांग्रेस के विधायक तथा सांसदों के साथ मिलकर काम करने का मौका मिलेगा। जिससे उनमें बेहतर लीडरशिप क्वालिटी डेवलप होगी। इस मुहिम के तहत महिलाओं एससीएसटी ओबीसी एवं माइनॉरिटी स्टूडेंट्स को एक स्पेशल इनविटेशन दिया गया है। और कैंपस एंबेस्डर बनाने के लिए इन सारे बातों को मध्य नजर रखा जाएगा सभी को उसमें दिए गए स्केनर को स्केन करके अपनी सभी जानकारी को भरना है। स्क्रुटनी के जरिए संगठन निर्णय करेगी की किस कॉलेज और विश्वविद्यालय का एनएसयूआई एंबेस्डर बनाया गया है। मौक पर राज रंजन सिंह, सनी सिंह अमन प्रसाद, रोशन कुमार, नवनीत कुमार, रोहित कुमार, रोशन और अनेकों एनएसयूआई के सदस्य मौजूद थे।

# आग से झुलसने से महिला की मौत

**धनबाद (कासं) :** आगजनी की घटना में झुलसे ६ लोगों का धनबाद के एसएनएमएमसीएच में इलाज चल रहा है। गिरिडीह में आगजनी की घटना हुई थी। गिरिडीह के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शीतलपुर में आगजनी की घटना में उमेश दास के परिवार के एक महिला की मौत हो गई है और आग की जद में आने से ६ लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। झुलसे लोगों का धनबाद एसएनएमएमसी अस्पताल में इलाज चल रहा है। झुलसे लोगों में एक महिला और एक पुरुष की हालत गंभीर है। दोनों को रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में अस्पताल में इलाजरत उमेश दास ने बताया कि सभी रात में सोए हुए थे। इस दौरान पानी गिरने की आवाज आई। देखने पर मालूम हुआ कि वह पानी नहीं, बल्कि पेट्रोल था। घर के नीचे चारों ओर भारी मात्रा में पेट्रोल फैला हुआ था। बाहर से घर का दरवाजा बंद था। इसलिए कोई भी बाहर नहीं निकल सका। इस क्रम में किसी ने खिड़की से माचिस जलाकर घर में फेंक दिया। जिससे पूरे घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। फिर अचानक से ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट के बाद घर की छत ऊपर की ओर क्षतिग्रस्त हो गई। दीवार की ईंट टूटकर नीचे गिर गई। ब्लास्ट और आग लगने के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह घर के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। इस हादसे में उमेश दास की सास बेदानी देवी की मौत हो गई है। जबकि उमेश की पत्नी सबिता देवी, छोटा बेटा सन्नी और ससुर टुकून बुरी तरह झुलस गए। सबिता देवी और टुकून रविदास को रांची रेफर कर दिया गया है।

# पुलिस की सह पर हो रही पशु तस्करी : संजय सिन्हा



**निरसा (ससे) :** निरसा में अवैध पशु तस्करी का धंधा जोरों पर है। बिहार से झारखंड की सीमा में आते ही सभी जगहों पर सेटिंग के आधार पर पशु लदे वाहनों को पकड़ा नहीं जाता है। ऐसे में पशु तस्कर आराम से अपने धंधे को चला रहे हैं। वहीं जिम्मेवार पदाधिकारी सिर्फ कार्रवाई करने की बात कहकर अपनी जवाबदेही से बच जाते हैं। अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ के जिला अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी संजय सिन्हा ने कहा है कि निरसा जीटी रोड के रास्ते हो रही गोतस्करी पर अविलंब रोक लगाए। थानेदार मंजीत कुमार सिंह। पशु तस्करी प्रतिबंधित है, फिर भी बहुत सारे तस्कर पशुओं को अलग-अलग तरीके से झारखंड के रास्ते पश्चिम बंगाल और वहां से बांग्लादेश पशुओं को भेजते रहे हैं। कई बार पुलिस सक्रिय रहती है तो तस्करी का उद्भेदन हो पता है। कुछ सामाजिक संगठन भी इस दिशा में सक्रिय रहते हैं। लेकिन इधर इस अवैध धंधे को नया रूप दिया जा रहा है। पशुओं को अब नए तरीके से चोरी छिपे तस्करी कर ले जाया जा रहा है। वहीं चंद रुपये के लिए पुलिस के जवान पशुओं की तस्करी में सहायक बन गये है। इसके लिए उनके गुर्गे हर रास्ते में निगाह लगायें बैठे है। जो हर आने जाने वाले का लेखा जोखा रखते है। इसके लिए वो कोडवर्ड का प्रयोग भी करते है।

झारखंड गो सेवा आयोग अधिनियम के तहत सात जनवरी २००६ को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य में पशु परिरक्षण तथा कल्याण के लिए गो सेवा आयोग की स्थापना की जाती है। इसमें संस्थाओं के पर्यवेक्षक तथा नियंत्रण के लिए सशक्त अधिनियम के तहत प्रावधान किया गया है कि पशुओं को तत्समय प्रवृत किसी विधि के अधीन दिए सरंक्षण को सुनिश्चित करें, जिसमें कत्ल के लिए ले जाए जाने वाले, कत्ल के लिए या उसकी संभावना प्रतीत होने पर वैसे पशुओं की जब्ती व आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई का प्रावधान किया गया है।

# कांग्रेसी नेत्री अनुपमा सिंह ने किया झंडोत्तोलन

**जोड़ापोखर (ससे) :** लोकसभा की लोकप्रिय कांग्रेस नेत्री एवं राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह ने राष्ट्रीय



कोलियरी मजदूर यूनियन आवासीय कार्यालय जोड़ापोखर में ७६ वां गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराते देशवासियों को शुभकामनाएं बधाइयां देते हुए कहा देश के जवानों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए याद करने का दिन है साथ ही साथ यह दिन महान संविधान को सम्मान करने का दिन है जो देश के प्रत्येक नागरिक को न्याय स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व की गारंटी देता है लोकतंत्र और स्वतंत्रता के महत्व की याद दिलाती है गणतंत्र दिवस एक उत्सव मात्र ही नहीं बल्कि आत्मनिरीक्षण करने देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा देने वाला रिमाइंडर दिन है गणतंत्र दिवस भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का उत्सव है यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम सब बराबर हैं और देश के शासन में हमारी भी भागीदारी है यह दिन देश की कई जातियां संस्कृतियों और धर्म को एकजुट होने का अवसर देता है हमारे अधिकारों और कर्तव्य को परिभाषित करता है इस अवसर पर बच्चों को चाकलेट, मिठाइयां वितरण किया गया तथा ठंड से ठिठुर रहै गुलमुलिया परिवारों को कंबल भी वितरण किया गया कार्यक्रम में संतोष महतो अशोक राय अच्छेयवर प्रसाद क्यूम खान गुड्डू खान भगवान दास किशोर कुमार सतपाल सिंह ब्रोका संतोष चौधरी इम्तियाज अंसारी नयन चक्रवर्ती जमालुद्दीन फैयाज खान मोहम्मद फैज जयप्रकाश चौहान अनु पासवान विक्की कुमार राजू सिंह सोनू सिंह हरेंद्र वीरेंद्र जितेंद्र कृष्णा राजवीर आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# चेंबर के अध्यक्ष बने रामदास, अजय सचिव

**भूली (ससे) :** रामदास राजभर ७१ मतों से जीतकर दूसरी बार शक्ति मार्किट चेंबर के अध्यक्ष चुने गए हैं। वे इससे पहले २०१७२३ तक भूली चैंबर के अध्यक्ष रह चुके हैं। भूली शक्ति मार्किट चेंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव एक निजी मार्किट में संपन्न हुआ। वहीं इस बार सचिव पद पर अजय विश्वकर्मा ने ६० मत लाकर बड़ी जीत दर्ज की। गुप्त मतदान के जरिए अध्यक्ष और सचिव पद के लिए चुनाव किया गया। शक्ति मार्किट चैंबर में १३४ सदस्य है। अध्यक्ष पद के लिए रामदास,ललन मिश्रा चुनावी मैदान में थे। वहीं, सचिव पद के लिए अजय विश्वकर्म और नोशद खान में लड़ाई थी। कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह चुने गए। चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने में जिला चैंबर के महासचिव अजय नारायण लाल, बैंक मोड़ चेम्बर अध्यक्ष प्रमोद कुमार गोयल, जिला चेम्बर के संघठन सचिव सुनील पाडेय शामिल थे।

# सिविल सर्जन कार्यालय में भ्रष्टाचार : वालिया

**धनबाद (कासं) :** झामुमो (यू) के धनबाद महानगर अध्यक्ष जेपी वालिया ने उपायुक्त के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सरकार को लिखित पत्र देकर धनबाद सिविल सर्जन कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत की है। इसकी जांच कराये जाने की मांग की है। श्री वालिया ने पत्र में लिखा है कि इन दिनों पैसे लेकर टांसफर और पोस्टिंग किए जाने की खबर है। साथ ही विकलांगों को सर्टीफिकेट जारी करने में भी रिश्वत की मांग की जाती है। पैसे का लेन देन खुले आम किया



जाता है। यह कार्य सीएस कार्यालय में ही होता है। इसके पूर्व साल २०१५ में भी सिविल सर्जन पर पैसे लेने का आरोप लगा था। इसके अलावा टांसफर व पोस्टिंग में भी पैसों का खेल होता है। इस कार्य में सीएस कार्यालय के कर्मचारी संजुत कुमार सहाय की अहम भूमिका रहती है। कई कर्मचारी पिछले १५ सालों कार्यालय में जमे हुए हैं। श्री वालिया ने आगे बताया कि दलालों के माध्यम से सिविल सर्जन को पैसे जाते हैं। उन्होंने मामले की जांच एसीबी से कराने की मांग है।

# डैफोडिल्स एकेडेमी ने निकाली प्रभात फेरी

**पुटकी (ससे) :** गणतंत्र दिवस पर डैफोडिल्स एकेडेमी एवं बचपन में प्राचार्य तापस बनर्जी के मार्गदर्शन में विद्यालय के



शिक्षक, शिक्षिकाओ, विद्यार्थियों व शिक्षकेतर कर्मचारियों ने आयोजन कर मां भारती को नमन किया। ७ बजे करकेंद मुख्य मार्ग पर कदम से कदम मिलाते हुए आकर्षक झांकी निकाली गई, जिसमें विद्यालय के छात्राओं द्वारा लक्ष्मी बाई एवं भारत माता के प्रतिरूप में अपने आपको प्रस्तुत कर झांकी को मनभावन बना दिया। छात्रों के द्वारा नेता जी सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह, महात्मा गाँधी एवं भीमराव आंबेडकर की वेषभूषा में आकर्षक झांकी निकाली गई। संस्थापक भूतपूर्व गणित शिक्षक स्व० चंडीचरण बनर्जी की कर्मस्थली पुटकी उच्च विद्यालय आकर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी गई। पुटकी उच्च विद्यालय के प्राध्यापक आदरणीय नाजिर हुसैन एवं सभी शिक्षकों ने डैफोडिल्स एकाडेमी एवं डैफोडिल्स बचपन के सभी सदस्यो का स्वागत किया एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान की। विद्यालय में प्राचार्य तापस बनर्जी के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। झंडोत्तोलन के पश्चात आकर्षक एवं मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस मौके पर विद्यालय के उप प्राचार्य देवाशीष मुखर्जी एवं सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। मंच संचालन प्रमोद सिन्हा ने किया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य तापस बनर्जी ने उपस्थित सभी देशवासियो को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# कोयलांचल में शान से लहराया तिरंगा






**केन्दुआ/पुटकी (ससे) :** मुनीडीह ओपी थाना प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष ७६वें गणतंत्र दिवस के शुअवसर पर ओपी प्रभारी संतोष कुमार महतो ने झंडोत्तोलन किया एवं लहरते तिरंगे को राष्ट्रीय सलामी दी। मौके पर उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर पुलिस पदाधिकारीओ, जवान सहित, जीतेश सिंह,प्रीतम रवानी, सबदर अंसारी, सूर्य नरायन सिंह, सुबरण तिवारी आदि उपस्थित थे।

इधर, केन्दुआडीह थाना प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष ७६वें गणतंत्र दिवस के शुअवसर पर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय ने झंडोत्तोलन किया एवं लहरते तिरंगे को राष्ट्रीय सलामी दी। मौके पर उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए सभी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर पुलिस पदाधिकारीओ, जवान सहित, रामगोपाल भुवानिया, गीता सिंह, हरि प्रसाद पप्पू, मनोज राय, मुनव्वर अहमद, विजय सिंह, चन्द्र देव यादव आदि उपस्थित थे।

दूसरी ओर भागाबांध ओपी थाना प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष ७६ वें गणतंत्र दिवस के शुअवसर पर ओपी प्रभारी धर्म राज कुमार ने झंडोतोलन किया एवं लहरते तिरंगे को राष्ट्रीय सलामी दी। उन्होंने मौके पर उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर पुलिस पदाधिकारीओ, जवान सहित, रामविलास पासवान, सूर्य नाथ सिंह, गुड्डू खान, अर्जुन मांझी, जैतून बीबी, कलावती देवी, पूनम सिंह, पिंकी देवी, किरण देवी आदि उपस्थित थे।

इधर, गोन्दुडीह ओपी थाना प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष ७६ वें गणतंत्र दिवस के शुअवसर पर ओपी प्रभारी राजन कुमार झा ने झंडोत्तोलन किया एवं लहरते तिरंगे को राष्ट्रीय सलामी दी। ओपी प्रभारी ने उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर पुलिस पदाधिकारियों, जवान सहित, टुनटुन यादव, राजेश यादव,रंजीत यादव, त्रिवेनी यादव, मोहन राम, धनन्जय प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

दूसरी ओर डीएवी पब्लिक स्कूल मुनीडीह में रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि एस के पांजा, प्रोजेक्ट ऑफिसर मुनीडीह प्रोजेक्ट के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्रीमती पांजा रही परेड व् विभिन्न सदनों के द्वारा अनेक झांकी एवम् देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया अनेकता में एकता को झांकी के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया हर राज्य के संगीत नृत्य बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया प्राचार्या इंदु प्रसाद ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया मुख्य अतिथि के द्वारा सभी बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाये दिया गया साथ ही बच्चों को मोबाइल के फायदे और नुक्सान की भी जानकारी अपने भाषण के दौरान दिए भारत की वर्तमान प्रगति, उन्नत्ती पर प्रकाश डाला अनुशासन के सन्दर्भ पर अभिभावकों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए कार्यक्रम को सफल बनाने में एम के सिंह, आर के राही, रूबि सिंह, कृष्णा प्रसाद, एस के मोहंती, जितेन्द्र कुमार आदि का अहम् योगदान रहा।

इधर, डीएवी अलकुसा विद्यालय में रविवार को 'पराक्रम का स्वर्णिम पर्व' ७६वें गणतंत्र दिवस पर प्राचार्य एस मोदक ने तिरंगा फहराकर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं और बधाइयां दी। उन्होंने विरासत, विकास और विकसित भारत एवं जय जवान, जय संविधान, जय हिंदुस्तान जैसे बहुमूल्य शब्दों से देश के प्रति समर्पित होने का प्रण लिया। बच्चों ने देश भक्ति से ओतप्रोत एक से बढकर एक झांकी और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्वेता सिंहा, वंदना झा, डी के श्रीवास्तव, इला घोष, अंजना मिश्रा, सांतना कर, पीयू घोष, जया सिन्हा, एस के पांडे, पूर्णिमा कुमारी, रमेश विश्वकर्मा, रोहित सिंह, सरिता कुमारी, श्वेता कुमारी, मदुरेंद्र पांडे, ए के दत्ता, रविंद्र चौधरी, मनष जैसवाल आदि का अहम् योगदान रहा।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# संपादकीय

## संसदीय समितियों में सहमति की बजाय हो रहा हंगामा

संसदीय समितियों से अपेक्षा की जाती है कि जिन विधेयकों पर सदन में सहमति न बन पाए, उन पर कानूनी दृष्टि से विचार-विमर्श कर सुझाव पेश करें। कई बार कुछ विधेयकों या कानूनों में संशोधनों पर विपक्ष आपत्ति उठाता और उन्हें संयुक्त संसदीय समिति में विचार की मांग करता है। ऐसा इसीलिए होता है कि संसदीय समितियों की निष्पक्षता पर सबको भरोसा होता है। संवैधानिक भावना यह है कि संसदीय समितियों को सत्तापक्ष के दबदबे से दूर रखा जाए, ताकि विचार के लिए आए विषयों पर तार्किक और निष्पक्ष ढंग से विचार हो सके।

मगर पिछले कुछ समय से जिस तरह संयुक्त संसदीय समितियों में हंगामे देखे गए हैं, उससे उनकी प्रासंगिकता पर ही सवाल उठने लगे हैं। वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति में एक बार फिर हंगामा हुआ और उसके अध्यक्ष ने दस विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। विपक्षी सांसदों का आरोप था कि अध्यक्ष सरकार के इशारों पर काम कर रहे हैं और वे विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं देना चाहते। इसकी लिखित शिकायत भी उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को भेजी है।



दरअसल, सरकार ने वक्फ कानूनों में संशोधन का विधेयक तैयार किया है। उसके मुताबिक वक्फ के फैसलों को भी अदालत में चुनौती दी जा सकती है। फिर, कोई भी ऐसी जमीन, जिसे दान में नहीं दिया गया है और वहां मस्जिद या अन्य इबादतगाह बनाई गई है, तो उसे अवैध कब्जा माना जाएगा। दरअसल, इस संशोधन को लेकर मुसलिम धर्मगुरुओं, नेताओं और विपक्ष ने आशंका जाहिर की थी कि सरकार नए संशोधन कानून के जरिए वक्फ की संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है। इसलिए सदन में बिना बहस के ही सरकार ने उस विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष विचार के लिए भेज दिया था।समिति को अपने सुझाव बजट सत्र में पेश करना है। मगर जिस तरह समिति की बैठकें हंगामे की भेंट चढ़ती रही हैं, उससे नहीं लगता कि कोई सर्वमान्य फैसला हो पाएगा। इस संशोधन विधेयक के खिलाफ कई मुसलिम संगठन भी संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष विरोध जता चुके हैं। किसी संयुक्त संसदीय समिति में जब भी अध्यक्ष सत्तापक्ष का होता है, तो ऐसे विवाद की गुंजाइश बनी ही रहती है। वक्फ कानून वैसे भी संवेदनशील विषय है, इसलिए अगर इस पर राजनीतिक नफे-नुकसान के मद्देनजर विचार रखे जाएंगे, तो उनके निष्पक्ष रहने का दावा नहीं किया जा सकता।

सरकार के पिछले कार्यकाल के वक्त भी संसदीय समितियों के गठन और उनके अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर खासा विवाद उठा था। जिन समितियों के अध्यक्ष पद पर सत्तापक्ष के किसी सांसद को नहीं नियुक्त किया जाना चाहिए, उन पर भी सत्तापक्ष काबिज हो गया था।

तब भी संसदीय समितियों की प्रासंगिकता पर सावल उठे थे। संयुक्त संसदीय समिति में हर दल और पक्ष के लोग रखे ही इसलिए जाते हैं, कि वहां किसी विवादित विषय पर हर कोण से विचार-विमर्श हो सके और एक सर्वमान्य, सर्वहितकारी कानून बनाया जा सके। मगर शायद यह मकसद अब गौण मान लिया गया है और इन समितियों को भी राजनीतिक रस्साकशी का मंच बना दिया गया है। इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। अध्यक्ष और विपक्षी दलों को भी आपसी सहमति बनाने की कोशिश करनी चाहिए, वरना संयुक्त संसदीय समितियां एक दिखावा भर बन कर रह जाएंगी।

## मुंबई आतंकी हमले में इंसाफ का कठघरा, अमेरिकी कोर्ट ने खारिज की तहव्वुर राणा की याचिका



वर्ष 2008 में हुए मुंबई आतंकी हमलों की याद आज भी दिल दहला जाती है। तब जो हुआ था, उसे दुनिया का सबसे बर्बर आतंकी हमला माना जा सकता है। उसके बाद उसमें शामिल आतंकवादियों को पकड़ने से लेकर सजा तक पहुंचाने को लेकर समूचे सरकारी तंत्र ने जितना संभव हो सका, किया। मगर अब भी कुछऐसे आतंकी देश के कानूनी दायरे से बाहर हैं, जो किसी तरह अन्य देशों में भाग गए, उन्हें वापस लाने के लिए वहां की कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ रहा था। भारत हर स्तर पर उन अपराधियों को सजा दिलाने की कोशिश करता रहा है। मुंबई हमले के एक अभियुक्त तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित किए जाने की मांग उनमें से एक थी। तहव्वुर राणा इस मांग का विरोध कर रहा था और उसने अमेरीकी सुप्रीम कोर्ट में अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। मगर अब राणा की भारत को प्रत्यर्पित करने संबंधी पुनर्विचार याचिका को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इस तरह राणा को भारत लाकर उस पर कानूनी प्रक्रिया चलाने का रास्ता साफ हो गया है। मुंबई हमले में जिनके परिजन मारे गए थे, उनकी पीड़ा जगजाहिर है। अजमल कसाब को उसके किए की सजा मिल चुकी है। हमले का एक आरोपी पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा अभी अमेरिका की जेल में है। दरअसल, राणा को अपने दोस्त डेविड कोलमैन हेडली के साथ मुंबई हमले में भागीदारी करने और इसके बाद डेनमार्क में आतंकी हमले की योजना बनाने का दोषी पाया गया था। लेकिन मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के संदर्भ में उसकी भूमिका के मद्देनजर भारत अपनी अदालत में उस पर मामला चलाना चाहता है। यह भी सच है कि हमले के बाद इतना लंबे वक्त तक अगर उसे भारत लाकर मुकदमा चलाना संभव नहीं हो पाया, तो उसकी वजह यही होगी कि समय पर कूटनीतिक पहल नहीं हुई। अब अगर उसके भारत में प्रत्यर्पण की स्थिति बनी है तो सरकार को कोई अन्य और नई अड़चन खड़ी होने से पहले उसे भारत लाकर कानून के कठघरे में खड़ा करना चाहिए और शीघ्र इंसाफ सुनिश्चित करना चाहिए

आज का कार्टून




## केजरीवाल को मुश्किल में डाल सकते हैं डॉ. मुनीश रायजादा

2015 में ऐतिहासिक जीत के साथ दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई केजरीवाल सरकार ने मुनीश रायजादा को अपना स्वास्थ्य सलाहकार बनाया। मोहल्ला क्लीनिक, जिसकी ढोल केजरीवाल खूब पीटते हैं, एक तरह से मुनीश के दिमाग की उपज है। सरकार में काम करते वक्त दिल्ली को बदलने और उसके जरिए देश को बदलने का सपना देख रहे मुनीश रायजादा को बाद में झटके लगने शुरू हुए। जब उन्होंने अपनी आंखों से केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की ओर मुड़ते देखा। केजरीवाल की अगुआई में बनी आम आदमी पार्टी ने सादगी के साथ राजनीति और शासन का सपना दिखाया था। लेकिन बाद के दिनों में मुनीश ने देखा कि आम आदमी पार्टी और उसके नेता भी पारंपरिक राजनेताओं की ही तरह आगे बढ़ रहे हैं। उन्हें किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से गुरेज नहीं है। रायजादा को अपना सपना टूटता हुआ दिखा तो उन्होंने केजरीवाल का साथ छोड़कर अपनी अलग राह चुन ली।

उमेश चतुर्वेदी

दिल्ली के चुनावी मैदान में एक नाम ऐसा भी है, जिसकी ओर किसी का ध्यान नहीं है। अगर ध्यान है भी तो उसे जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है। सामाजिक जीवन में कई बार प्रतिभाओं और ताकत को जानबूझकर अनदेखा किया जाता है। विशेषकर समाज का ताकतवर तबका उभरती ताकतों को इसलिए अनदेखा करता है कि कहीं उसकी ओर ध्यान देने से वह प्रतिभा अचानक लाइमलाइट में ना आ जाए, वह लोगों का अपनी ओर ध्यान न खींच ले। स्थापित शख्सियत को डर होता है कि कहीं उभरती प्रतिभा की ओर लोग का ध्यान चला गया तो उस हस्ती की ताकत कम हो सकती है। शायद यही वजह है कि दिल्ली के चुनावी मैदान की इस प्रतिभा को नजरंदाज किया जा रहा है। आप भी सोच रहे होंगे कि यह प्रतिभा कौन है, यह ताकत कौन है? इस सवाल का जवाब हैं डॉक्टर मुनीश रायजादा। जो नई दिल्ली सीट पर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को चुनौती दे रहे हैं।

मुनीश रायजादा प्रोफेशन से नवजात बच्चों के डॉक्टर हैं। अमेरिका में स्थापित प्रैक्टिस और नौकरी रही है। चौदह साल पहले जब अन्ना हजारे की अगुआई में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन चला तो मुनीश को लगा कि अगर यह आंदोलन सफल हुआ तो भारत बदल जाएगा। भारत में रहते वक्त उन्होंने लालफीताशाही और कदम-कदम पर खुद भी भ्रष्टाचार का सामना किया था। इसलिए उन्हें लगता था कि अगर भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन सफल हुआ और जनलोकपाल की अवधारणा हकीकत बनी तो भारत बदल जाएगा। इस सपने के साथ वे भी अमेरिका की सुविधा संपन्न जिंदगी और डॉक्टरी छोड़ भारत आ गए और भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का सक्रिय सदस्य बन गए। मुनीश की अगुआई में पढ़े-लिखे लोगों को अन्ना आंदोलन की ओर आकर्षित करने और विशेषकर विदेशों स्थित भारतीयों से संपर्क करने का बड़ा श्रेय है। उन्होंने विदेशों से अन्ना आंदोलन के लिए खूब चंदा भी जुटाए। देखते ही देखते वे उस भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बड़े सिपाही बन गए। इसके साथ ही उनकी नजदीकियां अरविंद केजरीवाल से बन गई।

2015 में ऐतिहासिक जीत के साथ दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई केजरीवाल सरकार ने मुनीश रायजादा को अपना स्वास्थ्य सलाहकार बनाया। मोहल्ला क्लीनिक, जिसकी ढोल केजरीवाल खूब पीटते हैं, एक तरह से मुनीश के दिमाग की उपज है। सरकार में काम करते वक्त दिल्ली को बदलने और उसके जरिए देश को बदलने का सपना देख रहे मुनीश रायजादा को बाद में झटके लगने शुरू हुए। जब उन्होंने अपनी आंखों से केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की ओर मुड़ते देखा। केजरीवाल की अगुआई में बनी आम आदमी पार्टी ने सादगी के साथ राजनीति और शासन का सपना दिखाया था। लेकिन बाद के दिनों में मुनीश ने देखा कि आम आदमी पार्टी और उसके नेता भी पारंपरिक राजनेताओं की ही तरह आगे बढ़ रहे हैं। उन्हें किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से गुरेज नहीं है। रायजादा को






अपना सपना टूटता हुआ दिखा तो उन्होंने केजरीवाल का साथ छोड़कर अपनी अलग राह चुन ली।

अलग राह चुनने बाद उनके पास अमेरिका लौटकर अपनी डॉक्टरी प्रैक्टिस करने का विकल्प था। अमेरिका में रह रही उनकी डॉक्टर पत्नी ने इसके लिए उन्हें प्रेरित भी किया। लेकिन उनके मन को लगी गहरी चोट ने उन्हें लौटने नहीं दिया। सपनों का बिखरना उन्हें परेशान करता रहा। लिहाजा कुछ दोस्तों के साथ उन्होंने भारतीय लिबरल पार्टी बना ली। अब रायजादा का एक ही सपना है, केजरीवाल के भ्रष्टाचार को उजागर करना और चुनावी बिसात पर किसी तरह से मात देना। उनका मानना है कि अगर केजरीवाल को चुनावी बिसात पर मात नहीं दिया गया तो भारत में फिर से कोई भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन नहीं उभर पाएगा। भ्रष्टाचार के संपूर्ण खात्मे के लिए अरविंद का मुखौटा उतरना जरूरी है। मुनीश के पास संसाधनों की कमी है। उन्हें आर्थिक रूप से कुछ दोस्तों की मदद मिल रही है। चूंकि उनकी ओर लोगों का ध्यान नहीं है, इसलिए कोई उदार कारपोरेट भी उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया है। लेकिन रायजादा ने खुद नई दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के सामने ताल ठोक दी है। इसके साथ ही दिल्ली की सभी 12 आरक्षित सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रहे हैं। वैसे उनकी पार्टी दिल्ली की सभी 70 सीटों पर लड़ रही है। लेकिन उनका ज्यादा फोकस अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों के साथ ही नई दिल्ली सीट पर है। रायजादा ने अनुसूचित समुदाय में बहुत काम किया है। अब भी वे वहां सक्रिय रहते हैं। इसलिए उन्होंने खुद को इन्हीं सीटों पर फोकस किया है। झुग्गी बस्तियों और अनुसूचित जाति वाले समुदायों में उनकी बड़ी पकड़ है। दिलचस्प यह है कि वे इसके बावजूद विकास की राजनीति की बात कर रहे हैं। चुनावी रेवड़ियों की राजनीति पर लगाम की भी बात करते हैं। उनका मानना है कि केजरीवाल ने मुफ्त रेवड़ी की राजनीति करके विकास और श्रम को किनारे किया है। इसका असर है कि दिल्ली में श्रम का महत्व कम हुआ है। दूसरी बात यह है कि भ्रष्टाचार खत्म करने के वादे के साथ दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी दिल्ली की रिश्वतखोरी को खत्म नहीं कर पाई। रायजादा कहते हैं कि वह खत्म कैसे करेगी, क्योंकि खुद ही वह रिश्वतखोरी में डूब चुकी है। रायजादा को केजरीवाल की विलासिता भी चुभती है। इसलिए अपनी नुक्कड़ सभाओं और अपने वोटरों के बीच वे इसे खूब मुद्दा बना रहे हैं।

रायजादा की राह की बड़ी बाधा धन है। उनके पास नहीं है, इसलिए उनके चुनाव प्रचार में चमक-दमक नहीं है। बड़े होर्डिंग और अखबारी विज्ञापन नहीं हैं। विदेशों से केजरीवाल के लिए पैसे जुटाने वाले शख्स के पास बड़े दानदाता नहीं है तो इसकी वजह केजरीवाल और उनकी राजनीति ही है। रायजादा कहते हैं कि किस मुंह से वे लोगों से दोबारा दान मांगे। फिर भी लोग, आम जनता और उनके दोस्त उनके चुनावी यज्ञ की समिधा बनकर उनके साथ चल रहे हैं।

रायजादा की राजनीति की जानकारी केजरीवाल खेमे को है। प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी और हर बड़े राजनेता के हर सवाल का तपाक से जवाब देने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी रायजादा के सवालों और आरोपों का जवाब नहीं दे रही। मुनीश मानते हैं कि केजरीवाल को डर है कि अगर उन्होंने रायजादा को तवज्जो देना शुरू किया तो मुनीश के आरोपों पर दुनिया ध्यान ही नहीं देगी, चूंकि एक दौर में मुनीश उनके सहयोगी रहे हैं, इसलिए उन पर गौर भी करने लगेगी। इससे केजरीवाल का शीराजा बिखरने लगेगा।

फिर भी केजरीवाल का शीराजा बिखरेगा। मुनीश इसके लिए प्राणपण से लगे हैं। बेशक मुनीश दिल्ली में सत्ता बनाने तक नहीं पहुंच पाएं, हो सकता है कि उन्हें चुनावी सफलता नहीं मिले। लेकिन इतना तय है कि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के वोट बैंक के एक बड़े हिस्से, झुग्गी-बस्ती तक उनकी पहुंच बढ़ी है और उसमें वे सेंध जरूर लगाएंगे। अगर यह सेंध मजबूत रही तो तय है कि आम आदमी के लिए दिल्ली की लड़ाई कठिन होगी। आम आदमी पार्टी की चौथी बार सत्ता की राह में मुनीश रायजादा और उनकी भारतीय लिबरल पार्टी बड़ी बाधा बन जाए तो हैरत नहीं होनी चाहिए।

## सीएम सिद्धारमैया पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर कांग्रेस चुप क्यों

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल पीएम मोदी की तरह झूठे वादे करते हैं। केजरीवाल ने कहा था कि भ्रष्टाचार मिटाएंगे लेकिन क्या दिल्ली में भ्रष्टाचार हटा क्या? अडानी पर भी केजरीवाल कुछ भी नहीं बोलते हैं। राहुल गांधी ने जब केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए उसी समय कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने (ईडी) ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले के संबंध में 300 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाली 142 अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया।

योगेंद्र योगी

ईडी के बेंगलुरु जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत इन संपत्तियों को जब्त किया। ईडी के अनुसार, ये संपत्तियां विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत हैं जो रियल एस्टेट व्यवसायी और एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। ईडी ने लोकायुक्त पुलिस मैसूर द्वारा भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।



आतंरिक तौर पर देखें तो राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे में इतना साहस भी नहीं हो सका कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद से हटाना तो दूर बल्कि कारण बताओ नोटिस तक जारी कर सकें। दरअसल कांग्रेस को अंदाजा है कि यदि सिद्धारमैया से कुछ भी पूछा गया तो विद्रोह की नौबत आ जाएगी। ऐसे में कांग्रेस ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखना ही सही समझा। कांग्रेस को शायद यह बात समझ में नहीं आई कि उसकी चुप्पी ही उसे अपराधी बना रही है। यही वजह है कि भाजपा ने विगत चुनावों में भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कांग्रेस की बखिया उधड़ने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। दरअसल कमजोर होती कांग्रेस में इतने क्षत्रप पनप गए हैं कि पार्टी चाह कर भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। ऐसे में भ्रष्टाचार हो या पार्टी विरोधी गतिविधियां, कांग्रेस खिसकते जनाधार के कारण यह जहर पीने को मजबूर हो गई है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसका उदाहरण हैं। सरेआम पार्टी के निर्णयों की उपेक्षा करने के बावजूद कांग्रेस गहलोत के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकी। इसी तरह सचिन पायलट भी पार्टी खुल कर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे, किन्तु कांग्रेस उनकी तरफ से भी आंखे फेरे रही है। गहलोत और पायलट के अंदरूनी सता संघर्ष का ही नतीजा रहा कि कमजोर कांग्रेस राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकी और करारी शिकस्त खाने को मजबूर हुई। कांग्रेस में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरने वाले सिद्धारमैया अकेले नेता नहीं हैं। पार्टी में नीचे से लेकर शीर्ष तक नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वाली कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी कई भाषणों में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के जमानत पर बाहर होने पर चुटकी भी लेते रहे हैं। संसद के सत्र के दौरान जब कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा था कि भ्रष्टाचार के मामले हैं तो गिरफ्तार क्यों नहीं करते, तब पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा था- जमानत पर हैं तो एन्जॉय करिए। इसी तरह कांग्रेस मौके-बेमौके ऐसे मुद्दें पर उपहास का पात्र बनती रही है। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर रहे हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती है। नेशनल हेराल्ड केस-2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी का आरोप है कि यह सब कुछ दिल्ली में बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस की 16 सौ करोड़ रुपये की बिल्डिंग पर कब्जा करने के लिए किया गया।

वर्ष 2013 में अगस्ता वेस्टलैंड वीआइपी हेलीकॉप्टर खरीद घोटाला में सीबीआई और दूसरी केंद्रीय एजेंसियां अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। राजस्थान में एंबुलेस घोटाला में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट भी आरोपी हैं। ये मामला 2010 से लेकर 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का है। ईडी अब तक 12 करोड़ की संपत्तियां आरोपियों से जब्त कर चुकी है। कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी।

टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने छापेमारी की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी। आश्चर्य यह नहीं है कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं, बल्कि लगाने वाले ने अपनी पार्टी की गिरेबां में झांक कर नहीं देखा। आकंठ तक भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी कांग्रेस के मुंह से भ्रष्टाचार शब्द भी अब बेजान हो गया है। कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान भ्रष्टाचार के काले कारनामों से रंगा हुआ है। कांग्रेस यदि आज देश में लगातार सिमटती जा रही है तो उसका प्रमुख कारण भ्रष्टाचार में लिप्त होना है। भाजपा के बाद देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस अपने दामन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर दोमुंही बातें करती रही है। यह निश्चित है कि जब तक कांग्रेस भ्रष्टाचार को लेकर कथनी और करनी के फर्क को नहीं मिटाती तब तक देश के मतदाताओं का पूरा भरोसा नहीं जीत सकती।

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को सफल बनाएं : डीडीसी

**बोकारो (ससे):** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्य तिथि के अवसर पर आगामी ३० जनवरी से १४ फरवरी तक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा।



इसको लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) गिरजा शंकर प्रसाद ने जिला समन्वय समिति की बैठक की।

उप विकास आयुक्त ने उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारियों, कर्मियों व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को कुष्ठ से आखिरी युद्ध करने के लिए आयोजित होने वाले अभियान में अपनी - अपनी सहभागिता निभाने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने विभाग द्वारा बनाए गए माइक्रोप्लान के तहत कार्य करने व ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने को कहा। ताकि समाज में कुष्ठ को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सके। उन्होंने जागरूकता अभियान को समाज के नीचले पायदान तक ले जाने के लिए समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य व अन्य सभी को समन्वय बनाकर काम करने को कहा।

उप विकास आयुक्त ने इसे सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। कहा कि सहिया अपने क्षेत्रों में चिन्हित कुष्ठ रोग पीड़ितों को घर - घर जाकर दवा खिलाने का काम करेंगी। उन्होंने सहियाओं के लिए कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया। वहीं, बैठक में कुष्ठ रोग से ठीक हो गये मकसुदन तिवारी का वीडियो बनाकर उसका प्रचार करने को कहा, ताकि लोगों को विश्वास हो कि कुष्ठ रोग का उपचार संभव है। यह लाइलाज या वंशानुगात बिमारी नहीं है।

मौके पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डा. सुधा सिंह ने बताया कि सुन्न दाग धब्बों का ज्ञान ही कुष्ठ रोग की पहचान है। इस अभियान में कुष्ठ रोग के प्रति लोगों को दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिता, जनसंदेश, पम्पलेट्स इत्यादि के द्वारा लोगों को जागरूक किया जाएगा। बताया कि ३० जनवरी का दिन स्पर्श डे के रूप में मनाया जाना है। इसमें जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कुष्ठ जागरुकता को लेकर उपायुक्त का संदेश पढ़ा जाएगा। साथ ही सभी ग्राम सभाओं में ग्राम प्रधानों का संदेश उनके द्वारा पढ़ कर लोगों को सुनाया जाएगा। इसी तरह सभी स्कूलों में चलेगा जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसमें आम सवाल - जवाब व भ्रांतियों पर चर्चा की जाएगी।

इस पर मौके पर उपस्थित जिला परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती बबीता देवी ने ग्राम सभा में ही सहिया, सेविका एवं वीएलई आदि को शामिल होकर जागरूक करने एवं उपस्थित लोगों में कुष्ठ रोगियों को चिन्हित करने को कहा।

बैठक में मौजूद सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा कुष्ठ उन्मूलन का लक्ष्य तय किया गया है। इसके बाद देश में कुष्ठ का अनुपात न्यूनतम होकर प्रति दस लाख लोगों में एक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही कुष्ठ के कारण लोगों में आनेवाली दिव्यांगता को शून्य करना व बच्चों में कुष्ठ रोगियों की संख्या को एक से कम करना है। अतः पूरे मनोयोग से लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी जुट जाएं। ताकि बोकारो जिला का कुष्ठ मुक्त बनाया जा सके।

मौके पर डीपीएम दीपक कुमार ने बताया कि जिले में वर्तमान में लगभग -- कुष्ठ रोगी चिन्हित है। इन सभी को नियमित रूप से दवा दी जा रही है। उन्होंने विस्तार से पूरी योजना की जानकारी दी। बैठक में डा. रेणु भारती, डा. जफरूद्दीन , डा. अरविंद समेत सभी प्रखंडों के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# साइंस चैलेंज में आरुष झारखंड में अव्वल



**बोकारो (ससे):** विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, जागरुकता एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) की ओर से आयोजित सीबीएसई साइंस चैलेंज २०२४-२५ में डीपीएस बोकारो की दसवीं कक्षा के छात्र आरुष रंजन ने पूरे झारखंड में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। १०वीं कक्षा की कैटेगरी में आरुष पूरे झारखंड से इस चैलेंज को क्वालीफाई करने वाला एकमात्र विद्यार्थी है। विज्ञान, पर्यावरण एवं सस्टेनेबिलिटी विषयवस्तु पर आधारित इस चैलेंज में देश के अलग-अलग प्रांतों से सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इनमें आरुष ने उच्चस्तरीय प्रदर्शन के साथ सफलता पाकर अपने विद्यालय व शहर के साथ-साथ पूरे राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

उल्लेखनीय है कि सीबीएसई प्रत्येक वर्ष कक्षा ८ से १०वीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह प्रतियोगिता अंतः विद्यालय एवं अंतर विद्यालय स्तर पर दो चरणों में आयोजित करता है। सीबीएसई साइंस चैलेंज में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान के चुनौतीपूर्ण प्रश्न पूछे जाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने आरुष की कामयाबी को विद्यालय के साथ-साथ पूरे राज्य के लिए उपलब्धि बताते हुए उसे बधाई दी। साथ ही, उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंगलवार को विद्यालय में आयोजित एक विशेष प्रार्थना सभा में आरुष को सम्मानित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि उसकी यह गौरवपूर्ण सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

उल्लेखनीय है कि आरुष ने हाल ही में विज्ञान के क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) में भी पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है। आगामी मई, २०२५ में होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन की राष्ट्रीय परीक्षा के लिए वह क्वालीफाई कर चुका है। इसके अलावा, रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आरएमओ) में भी उसने शानदार सफलता पाई।

एक निजी बीमा कंपनी में अधिकारी निरंजन कुमार एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) की कर्मी आरती रंजन के होनहार पुत्र आरुष को खगोलीय भौतिकी में काफी रुचि है।

वह आगे चलकर इसी क्षेत्र में शोध कर एक खगोलीय वैज्ञानिक बनना चाहता है। एक बातचीत में उसने कहा कि अगर उसे मौका मिला तो वह इसरो और नासा जैसे संस्थानों में जाकर ब्रह्मांड के रहस्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करेगा। दो भाइयों में बड़ा आरुष रोजाना छह से सात घंटे पूरी तल्लीनता के साथ पढ़ाई करता है। पढ़ाई के अलावा उसे गिटार बजाने और फोटोग्राफी का भी काफी शौक है।

# दिव्यांग जनों को मिला सहायक यंत्र



**डुमरी (ससे):** प्रखंड सह अंचल कार्यालय डुमरी के सभागार में मंगलवार को दिव्यांगजनों के बीच सहायक यंत्रों का वितरण किया गया। एलिम्को और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में डुमरी एवं पीरटांड़ प्रखंड के दर्जनों दिव्यांग जनों की उपस्थिति थी। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जयराम महतो थे। इस दौरान ८ लाभुकों को श्रवण यंत्र,११ लाभुकों को ट्राईसाईकिल,पीरटांड़ के एक दिव्यांग को बैटरी से संचालित ट्राईसाईकिल,६ लाभुकों को व्हील चेयर,२९ लाभुकों को वार्किंग स्टीक,२६ लाभुकों को बैसाखी,६ लाभुकों को एल्बो बेल्ट,३ लाभुकों को कमर बेल्ट,५२ लाभुकों को नी बेल्ट,एक लाभुक को रोलेटर,१ लाभुक को सुगमिया आवाज छड़ी एवं २ लाभुक को सीपी चेयर दिया गया।उपस्थित दिव्यांग जनों से विधायक ने कहा कि आपकी आवश्यकता अनुसार सहायक यंत्र दिया गया है जो आपके जीवन को सुलभता प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में बीडीओ अन्वेषा ओना उपप्रमुख उपेन्द्र महतो बब्लू अलिम्को कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय मंडल जेएलकेएम प्रखंड अध्यक्ष अमित महतो मुखिया जगदीश महतो,सीताराम तुरी पंसस अखिलेश राणा आदि उपस्थित थे।

# बीसीसीएल में राष्ट्रीय राजभाषा सम्मेलन का शुभारंभ

**धनबाद (कासं):** नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति (नराकास), धनबाद द्वारा आज भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सभागार में आयोजित दसवें राष्ट्रीय राजभाषा सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री समीरन दत्ता, अध्यक्ष, नराकास धनबाद की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।



उद्घाटन सत्र में श्री मुरली कृष्ण रमैय्या, निदेशक (कार्मिक); श्री राकेश कुमार सहाय, निदेशक (वित्त), बीसीसीएल; आनंद सक्सेना, उप महानिरीक्षक, सी आईएसएफ; एवं मुख्य अतिथि आस्था जैन, संयुक्त निदेशक (राजभाषा), कोयला मंत्रालय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उद्घाटन सत्र में बोलते हुए नराकास अध्यक्ष एवं बीसीसीएल सीएमडी श्री समीरन दत्त ने कहा कि हिंदी की पहचान अंतराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रही है। धनबाद स्थित केंद्र सरकार के सभी कार्यालय नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति के माध्यम से एकजुट होकर राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं, यह एक सराहनीय कार्य है।

उद्घाटन सत्र में सेल द्वारा प्रकाशित पत्रिका कोयला इस्पात भारती पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर एक भव्य राजभाषा प्रदर्शनी एवं पुस्तक मेला का भी आयोजन किया गया। पुस्तक मेला का उद्घाटन नराकास अध्यक्ष श्री समीरन दत्ता एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया।

इसके बाद चार तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में श्रीमती आस्था जैन ने राजभाषा हिंदी की ७५ वर्षों की गौरव यात्रा विषय पर अपना मुख्य व्याख्यान दिया। उन्होंने हिंदी के विकास और वर्तमान स्थिति पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ. विचित्रसेन गुप्ता, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोलकाता ने भी इस विषय पर अपने विचार साझा किए।

द्वितीय सत्र में श्री बालेंदु शर्मा दाधीच, निदेशक (मार्केटिंग़ प्रमुख , सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, सिंगापुर एशिया), माइक्रोसॉफ्ट ने हिंदी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर एक रोचक और ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि कैसे आधुनिक तकनीक हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में सहायक हो सकती है। अपराह्न के तृतीय सत्र में श्री अजय मलिक, पूर्व उप निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने केंद्रीय राजभाषा समिति के निरीक्षण और राजभाषा नीति पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

अंतिम सत्र में प्रो. हिमांशु शेखर चौधरी, कोयलांचल विश्वविधालय, धनबाद ने हिंदी के विकास में क्षेत्रीय भाषाओं का योगदान विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित राजभाषा प्रदर्शनी और हिंदी पुस्तक मेले को भी विशेष सराहना मिली। मेले में लगभग ५०० से अधिक पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें तकनीकी, साहित्यिक और शैक्षणिक पुस्तकें शामिल थीं। इस दौरान सेल, बीसीसीएल, यूनियन बैंक और कैनरा बैंक के स्टॉल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय और प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

नराकास धनबाद के लगभग ५० सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों के अलावा कोल इंडिया एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों के प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन बीसीसीएल के महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री कुमार मनोज ने किया और समापन नराकास धनबाद के सदस्य सचिव श्री दिलीप कुमार सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# निशांत कुमार के राजनीति में आने की चर्चा तेज

**पटना (एजेंसी):** बिहार की राजनीति में इन दिनों यह चर्चा जोर शोर से चल रही है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार बिहार की राजनीति में सक्रिय हो सकते हैं. कहा यह भी जा रहा है कि निशांत कुमार ने अपनी ओर से इसके लिए हामी भर दी है और होली के दरमियान निशांत कुमार जेडीयू ज्वाइन कर सकते हैं. अब सवाल ये है कि अगर निशांत कुमार राजनीति में आते हैं तो क्या एनडीए का समर्थन भी उन्हें मिलेगा? इस पर हम अध्यक्ष और बिहार सरकार में मंत्री संतोष सुमन ने बड़ी बात कही है. संतोष सुमन ने कहा कि सबकी अपनी मर्जी है, अगर कोई आना चाहेंगे तो हम विरोध क्यों करेंगे, सबका स्वागत है राजनीति में, उनको चाहना है कि वह राजनीति में आएंगे कि नहीं अगर वह आना चाहेंगे तो उनका स्वागत है. वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न दिए जाने की मांग पर मंत्री संतोष सुमन ने कहा कि जिस तरह से उन्होंने बिहार को आगे बढ़ाया है विकास किया है, तो उन्हें भारत रत्न मिलना चाहिए. एनडीए में सब कुछ ठीक-ठाक होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि एनडीए में सब कुछ ठीक है और हर परिस्थिति में हम एनडीए के साथ हैं. निशांत कुमार के राजनीति में आने की चर्चा तेज है, लेकिन जेडीयू नेता इसे केवल अंदेशा बता रहे हैं. जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीतिक ताकत बढ़ जाए या घट जाए लेकिन चर्चा के केंद्र में वे बने रहते हैं.जेडीयू प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश कुमार चुप हैं तो खबर, मुस्कुराए और इशारा किया तो खबर, खबरों से इतर अब उनके बेटे निशांत कुमार के बारे में यह खबर चलाई जा रही है कि सक्रिय राजनीति में वे एंट्री लेने वाले हैं.

# योजनाओं को पूर्ण करने में लाएं तेजी : डीडीसी

**बोकारो (ससे):** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने मंगलवार को डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति कार्य की समीक्षा बैठक किया।

इस क्रम में विशेष प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चास एवं तेनुघाट, विधुत प्रमंडल चास/तेनुघाट, लघु सिंचाई प्रमंडल, बांध प्रमंडल, एनआरईपी, सिविल सर्जन आदि* एजेंसियों को दिए गए योजना और उसके कार्य प्रगति की जानकारी ली। डीडीसी ने अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने में योजनाबद्ध कार्य करने का निर्देश दिया।

कहा कि योजनाओं को गति देने का संबंधित एजेंसी कार्य करें। जो आन गोइंग योजनाएं है, उसका प्रतिदिन मानीटरिंग करें। उन्होंने प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी राज शर्मा को इसकी सतत निगरानी का निर्देश दिया। डीडीसी ने अनटाइड फंड के तहत संचालित योजनाओं की भी प्रगति की समीक्षा किया और जरूरी दिशा - निर्देश दिया। मौके पर *सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता, पदाधिकारी आदि* उपस्थित थे।

# आदित्य जौहरी ने किया झंडोतोलन



**बोकारो (ससे):** परिसंपत्ति प्रबंधक श्री आदित्य जौहरी द्वारा झंडोतोलन किया गया।उक्त अवसर पर परिसंपत्ति प्रबंधक महोदय द्वारा गणतंत्र दिवस पर विस्तृत तरीके से अपना उद्बोधन दिया। श्री जौहरी ने स्वतंत्रता सैनानियों एवं संविधान रचयिता डॉ भीम राव अम्बेडकर को याद करते हुए संविधान पर अपना प्रकाश डाला।

ओएनजीसी द्वारा किए जा रहे विकासात्मक कार्य एवं उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर ओएनजीसी के सभी अधिकारी ,कर्मचारी एवं उनके पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस ने भाकपा के दो सदस्यों को दबोचा



**डुमरी (ससे):** एसपी गिरिडीह द्वारा २८ जनवरी को स्थानीय पुलिस को सूचना दी गयी कि टेसाफुली के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में कुछ माओवादी संगठन के दस्ता सदस्यों के भ्रमणशील रहने की सूचना है।

प्राप्त सूचना के सत्यापन के लिए एसपी एवं सीआरपीएफ १५४ बटालियन के कमांडेंट निर्देशानुसार छापामारी हेतु एएसपी अभियान सुरजीत कुमार द्वितीय कमान अधिकारी सीआरपीएफ दलजीत सिंह एसडीपीओ डुमरी सुमित प्रसाद असिस्टेंट कमांडेंट मनोज यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसमें डुमरी थाना प्रभारी प्रणीत पटेल पिरटांड़ थाना प्रभारी दिपेश कुमार मधुबन थाना प्रभारी जगन्नाथ पान महिला चौकीदार मैनवा देवी (पीरटांड़ थाना) व सशस्त्र बल को शामिल किया गया।टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना प्राप्त स्थान टेसाफुली के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य तालेश्वर हांसदा उर्फ सेरमा (२९ पिता दशरथ हांसदा) गणियाडीह थाना जमुआ एवं मालती मुर्मू उर्फ गुड़ी उर्फ गुड़िया (१९ पति तालेश्वर हांसदा) साकिन टेसाफुली थाना मधुबन को अवैध हथियार एवं गोली के साथ पकड़े गये।

पकड़ाये नक्सली द्वारा पूछताछ किये जाने पर उनके द्वारा स्वीकार किया गया कि वे प्रतिबंधित नक्सली के प्रमुख प्रयाग मांझी उर्फ विवेक उर्फ करण दा के दस्ते का सक्रिय सदस्य के रूप में काम करते हैं।

नक्सलियों के पास से एक ९ एमएम पिस्टल जिसमें दो जिंदा राउण्ड लोडेड,अभियुक्त तालेश्वर हांसदा के जैकेट के दाहिने पॉकेट से ९ एमएम का दो जिंदा गोली बरामद किया गया।उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर एसडीपीओ डुमरी ने दी है।

## राहुल व कांग्रेस दोनों का भविष्य खतरे में : अठावले

**पटना,(ईएमएस) :** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले वैशाली में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने बिहार पहुंचे हैं।

इससे पहले अठावले ने पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश में अच्छा काम किया है। ऐसे में यदि नीतीश कुमार जी के बेटे निशांत कुमार राजनीति में आ जाते हैं तो उनका हृदय से स्वागत है। केंद्रीय मंत्री अठावले ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अच्छा काम किया है और बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए ही जीतेगी।

# गिरिडीह में यात्री शेड का उद्घाटन



**गिरिडीह (ससे):** इनर व्हील क्लब गिरिडीह ने डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन अलकनन्दा बख्शी के आधिकारिक दौरे पर पपरवाटांड़ में एक और यात्री शेड का निर्माण करवा कर उसका उद्घाटन किया ।ये शहर में क्लब द्वारा बनवाया गया पांचवा यात्री शेड है ।

इसके अतिरिक्त क्लब के ३५वें चार्टर दिवस के अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई मध्य विद्यालय में असामाजिक तत्वों से सुरक्षा हेतु बाउंड्री वॉल पर कंटीले तारों से घेराबन्दी करवाई गई ।बच्चों के पीने के पानी और हाथ धोने के लिए अलग अलग नल लगवाए गए ।प्लंबिंग का काम करवाया गया ।इसी अवसर पर क्लब द्वारा बालिकाओं के लिए सैनिटरी नैपकिन दिए गए । विद्यालय के प्रधानाचार्य एवम सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवम सभी विद्यार्थियों ने क्लब की सदस्याओं के प्रति इस नेक कार्य को करवाने के लिए आभार व्यक्त किया ।

क्लब की उपस्थित सदस्याएं - डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन अलकनन्दा बख्शी , क्लब अध्यक्ष डॉक्टर रूपाश्री खैतान , क्लब वाईस प्रेसिडेंट हेमा दत्ता , सेक्रेटरी निवेदिता पोद्दार , ट्रेजरर डॉक्टर पायल वर्मा , एडिटर सोनी कंधवे , सी जी आर रेखा तर्वे , डिस्ट्रिक्ट वाईस चेयरमैन रश्मि गुप्ता , पास्ट इंटरनेशनल एडिटर प्रभा रघुनन्दन , पास्ट डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रुही अहमद , क्लब सदस्या , आराधना , उमा , साध्वी सिंह , चित्रलेखा डे, नौशाबा अहमद , डॉली हलधर आदि उपस्थित रहे।

## सीबीआई कोर्ट ने मैनेजर समेत 5 लोगों को सजा सुनाई

**पटना (ईएमएस):** सीबीआई कोर्ट ने ग्रामीण बैंक में फर्जीवाड़े के मामले के २८ साल बाद आरोपियों को सजा दी है। सीबीआई ने मुंगेर स्थित बैंक के तत्कालीन मैनेजर के अलावा चार और लोगों को ३.९२ लाख के फर्जीवाड़े मामले में दोषी मानकर सजा सुनाई है। सीबीआई कोर्ट ने पांचों को तीन साल की कठोर कारावास के साथ-साथ ५० हजार रुपए के जुर्माने की सजा भी सुनाई है।

**रामलला के दर्शन के लिए उमड़ रहा जनसैलाब**

**अयोध्या (ईएमएस):** प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर लाखों श्रद्धालु २९ जनवरी को प्रयागराज में स्नान कर सकते है। इसके बाद ये श्रद्धालु अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के लिए जा सकते है। इसी बीच, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने लोगों से एक अहम अपील की है।

# जेडीयू की तुलना में भाजपा ज्यादा परेशान

**पटना (एजेंसी):** इसमें कहने की कोई बात नहीं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार की राजनीति में एनडीए की ओर से तुरुप के इक्का हैं, लेकिन उनकी तबीयत खराब होने की खबरों से जेडीयू की तुलना में भाजपा ज्यादा परेशान है.

भाजपा को परेशानी हो भी क्यों न? दिल्ली के बाद भाजपा को बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटना जो है. भाजपा को न केवल खुद की बल्कि अपने सहयोगी दलों की भी चिंता करनी है, लेकिन आज की तारीख में सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी जेडीयू के अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत कुछ नासाज चल रही है. इस कारण वे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को रिसीव करने पटना के एयरपोर्ट तक भी नहीं पाए थे. विपक्ष उनकी बीमारी को उनकी अक्षमता साबित करने पर तुला हुआ है और इसी को चुनाव में मुद्दा बना सकता है. इसलिए भाजपा परेशान है.



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले १९ सालों में एक रवायत कायम की है और वो यह है कि एक दलित टोली में हर साल गणतंत्र दिवस के मौके पर वे झंडोत्तोलन के लिए जाते रहे हैं. हालांकि इस बार स्वास्थ्य ने उनका साथ नहीं दिया तो वे कार्यक्रम तय होने के बाद भी दलित टोली में झंडा फहराने नहीं गए. बता दें कि इस बार उन्हें फुलवारी शरीफ प्रखंड के महुली गांव के महादलित टोली में जाना था. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं गए तो उनके प्रतिनिधि के तौर पर वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय चौधरी वहां पहुंचे और उनकी मौजूदगी में महुली टोले के बुजुर्ग सुभाष रविदास ने झंडा फहराया.

पिछले सप्ताह पटना में देश भर के विधानसभा और विधान परिषद के सभापतियों का सम्मेलन था. सम्मेलन में लोकसभा के अध्यक्ष भी आए हुए थे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी सम्मेलन में शिरकत करना था, लेकिन वे स्वास्थ्य कारणों से नहीं आ पाए. इसके अलावा २४ जनवरी को कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई जाती है.

उपराष्ट्रपति राज्यसभा के सभापति यानी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस दिन पटना और समस्तीपुर के दौरे पर आए हुए थे. कायदे से प्रोटोकॉल के अनुसार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को रिसीव करने जाना चाहिए था पर वे नहीं जा पाए. इसके अलावा नीतीश कुमार कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का हिस्सा भी नहीं बन पाए थे, जबकि इसमें हिस्सा लेने के लिए शिवराज सिंह चौहान भी समस्तीपुर आए हुए थे.

जानकारों का मानना है कि भाजपा को सत्ता के करीब लाने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अहम रोल रहा है. भले ही भाजपा का अपना मुख्यमंत्री नहीं बन पाया है लेकिन पिछले २० साल में एक दो सालों को छोड़ दें तो भाजपा सत्ता में बनी रही है. अब नीतीश कुमार की अस्वस्थता के चलते बड़े कार्यक्रम भी मिस हो रहे हैं. डर इस बात का है कि कहीं नीतीश कुमार चुनाव प्रचार से दूर न हो जाएं. अगर ऐसा हुआ तो विपक्षी नेता खासतौर से तेजस्वी यादव नीतीश कुमार को अक्षम मुख्यमंत्री कहकर संबोधित करेंगे और लोगों के बीच एक परसेप्शन बनाने की कोशिश करेंगे, इसमें कोई दोराय नहीं होनी चाहिए.

भाजपा के लिए चिंता का विषय भी यही है. भाजपा को इस बात का भी डर है कि नीतीश कुमार की गैरमौजूदगी में जेडीयू में तोड़फोड़ न हो जाए. दूसरी पीढ़ी के नेताओं में एकमत न होने से पार्टी बिखर भी सकती है.

# विजय कुमार सिन्हा खुद भ्रष्टाचार करने में जुटे है : शक्ति यादव

**पटना (एजेंसी):** बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है. डिप्टी सीएम ने तेजस्वी यादव के कार्यकाल में पथ निर्माण विभाग में बड़ा घोटाला होने का दावा किया है. विजय सिन्हा का दावा किया है कि तेजस्वी यादव के पथ निर्माण मंत्री रहते हुए सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है. उन्होंने बताया कि सितंबर २०१६ से जून २०१७ के बीच पथ प्रमंडल, गया के लिए २६ करोड़ १६ लाख ७० हजार ४६३ रुपए की अवैध निकासी की गई. विजय कुमार सिन्हा ने यह भी कहा, बिना मंत्री के संरक्षण के ऐसा करना संभव नहीं है.

मामला गया के वजीरगंज-तपोवन सड़क (१९.५८ किमी), भिंडस-चमनडीह (२५.३ किमी) तथा जमुआ-सेउतर (१७.५ किमी) सड़क का है. निर्माण कंपनी को २६ सितंबर २०१६ से कई किस्तों में २६ करोड़ रुपए का भुगतान किया गया था. उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग के स्तर पर हुई समीक्षा बैठक में इस फर्जीवाड़े की बात सामने आयी. इस सूचना पर झारखंड के खनन विभाग से रिपोर्ट मंगायी गयी थी. उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजा कंस्ट्रक्शन ने निविदा (टेंडर) कैसे हासिल की इसकी भी जांच कराई जा रही है. निर्माण कंपनी से वसूली की कार्रवाई भी होगी. संबंधित कंपनी को काली सूची में डाले जाने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ेगी. विजय कुमार सिन्हा के इस बयान पर राजद प्रवक्ता शक्ति यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि घोटाला हुआ है तो कार्रवाई करने से किसने रोका है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार आए थे तो विधानसभा अध्यक्ष रहते हुए विजय कुमार सिन्हा गड़बड़ किए, बिल बनाए, उसकी भी जांच होनी चाहिए. राजद प्रवक्ता ने कहा कि बालू से उगाही हो रही है. जिन-जिन पदाधिकारियों की संलिप्तता है, उनपर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है. शक्ति यादव ने कहा, विजय कुमार सिन्हा खुद भ्रष्टाचार करने में लगे हुए हैं. दूसरी ओर, जेडीयू प्रवक्ता निहोरा प्रसाद यादव ने कहा, तेजस्वी यादव को जिन-जिन विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई, उन सबमें भारी घोटाला हुआ और यही कारण है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसी वजह से इनसे नाता तोड़ा, क्योंकि ये सब भ्रष्टाचार में लगे थे.


## उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो।
### (निलाम पत्र शाखा)

जिला नीलाम पत्र शाखा, बोकारो

-: नीलाम पत्र मु0 के बकायेदारों के विरूद्ध निर्गत वारंट की सूची :-

| क्र0 | बैंक का नाम | नी0 प0 मु0 सं0 | देनदार का नाम पता | बकाया राशि | निर्गत वारंट | संबंधित थाना |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BOI, SEC-9 | 32/21-22 | SARAINA BANO, S/O- DIN MD. ANSARI, R/O-BAIDMARA, P.S. - HARLA, BOKARO, | 961848 | B/W | HARLA |
| 2 | BOI, SEC-9 | 05/23-24 | RUPA KUMARI, W/O -AJAY KUMAR, R/O-HOUSE NO.-315, BASANTI MORE SEC-9, P.O. -SEC-9, P.S. -HARLA, BOKARO | 1108081.61 | B/W | HARLA |
| 3 | BOI, SEC-9 | 12/22-23 | URMILA DEVI, W/O-BUDHU RAVIDAS,R/O-QR. NO.-179,SEC-9/C, ST-18, P.O. -SEC-9, P.S. -HARLA, BOKARO | 1935711.79 | D/W | HARLA |
| 4 | BOI, SEC-9 | 01/19-20 | MD. SABBIR ANSARI, R/O-QR. NO.-1122,SEC-9/B, ST-15, P.O. -SEC-9, P.S. -HARLA, BOKARO | 910549 | B/W | HARLA |
| 5 | BOI, SEC-9 | 07/23-24 | DEEPAK KUMAR, S/O- HARI PD. KUMHAR, R/O- BABUDIH, VILL-RANIPOKHAR, P.O. -BAIDMARA, P.S. -HARLA, BOKARO | 1121856.97 | B/W | HARLA |
| 6 | BOI, SEC-9 | 02/22-23 | 1. M/S MAA JAGDAMBA CRUSHER, PROP. RAKESH KR. SINGH, S/O- SURENDRA SINGH, R/O- RANA PRATAP NAGAR CHAS, P.O. & P.S. - CHAS, BOKARO, 2. VIJAY KR. OJHA, S/O-LT. BHARAT OJHA, QR. NO. -1354, SEC-1/B, P.O. & P.S. -B.S.CITY, DIST -BOKARO | 999463.87 | B/W | CHAS/B.S.CITY |
| 7 | BOI,MAMA RKUDAR | 12/23-24 | BANMALI MAHATHA, S/O-DARPAN NARAYAN MAHATHA, R/O -VILL-KOLBENDI,P.O. -KHAMARBENDI, P.S. -PINDRAJORA, DIST- BOKARO, | 111488.8 | B/W | PINDRAJORA |
| 8 | BOI, BYE PASS CHAS | 03/20-21 | 1. M/S SANIA GARMENTS, PROP. BIRENDRA KUMAR, S/O- TULSI RAM, R/O-QR.NO.- 1310, SEC-1/B, B.S.CITY, P.O.&P.S. - B.S.CITY, BOKARO, JHARKHAND 2. SHAILENDRA KUMAR BEHRA, S/O- LT. NITYANAND BEHRA, R/O- QR.NO.- 854, SEC-3/A, B.S.CITY, P.O.&P.S. - B.S.CITY, BOKARO, JHARKHAND | 768045 | B/W | B.S.CITY |
| 9 | BOI, BYE PASS CHAS | 04/20-21 | SANTU SHARMA, S/O- BACHU SINGH, R/O-PLOT NO.- 354, BARI CO-OPERATIVE COLONY, B.S.CITY, P.O.&P.S. - B.S.CITY, BOKARO, JHARKHAND | 695105 | B/W | B.S.CITY |
| 10 | BOI, BYE PASS CHAS | 05/21-22 | SURESH CHANDRA MAHATHA, , R/O-DUMARJORA, P.O. -CHIKSIYAP.S. - CHAS(M), BOKARO, JHARKHAND | 506481 | B/W | CHAS(M) |
| 11 | BOI, BYE PASS CHAS | 16/21-22 | M/S HIRA PLYWOOD & ALUMINIUM, PROP. HIRA LAL SAW, S/O - ANANT SAW, R/O - YADUVANSH NAGAR CHAS, NEAR PIPAL TREE, P.O.&P.S. - CHAS, BOKARO, JHARKHAND | 1333066 | B/W | CHAS |
| 12 | BOI, BYE PASS CHAS | 16/19-20 | M/S SIDDHARTH SALES, PROP. RAKESH ROSHAN, R/O- GUJARAT COLONY, CHAS, P.O.&P.S. - CHAS, BOKARO, JHARKHAND | 525806.24 | B/W | CHAS |
| 13 | BOI, BYE PASS CHAS | 17/19-20 | M/S AMRIT RAJ GARMENTS, R/O-SHOP NO.-4, ARYA MARKET, BYE PASS ROAD, CHAS, P.O. & P.S. -CHAS, DIST-BOKARO | 525867.48 | B/W | CHAS |
| 14 | BOI, BYE PASS CHAS | 18/19-20 | ANITMA KUMARI, W/O-RAJESH KUMAR SINGH, R/O-BANSHIDIH, CHAS, P.O. & P.S. -CHAS, DIST-BOKARO | 792010 | D/W | CHAS |
| 15 | BOI, BYE PASS CHAS | 22/19-20 | 1. M/S AKSHAV ENTERPRISES, PROP. AKSHAY KUMAR GUPTA, S/O -KRISHNA GUPTA 2. KRISHNA GUPTA, S/O -LT. YADU NANDAN GUPTA, BOTH R/O -BYE PASS ROAD, CHAS, P.O. & P.S. -CHAS, DIST-BOKARO | 655154 | B/W | CHAS |
| 16 | BOI, BYE PASS CHAS | 25/19-20 | ARUN THAKUR, S/O-RADHA MOHAN THAKUR, R/O-AT-NEAR-CENTRAL EXCISE OFFICE, SEC-5, B.S.CITY, P.O. & P.S. -SEC-6 DIST-BOKARO | 1000395 | B/W | SEC-6 |
| 17 | BOI, BYE PASS CHAS | 10/15-16 | HARI PRASAD SINGH, S/O-BRINDAWAN SINGH, R/O-VILL.-SIJUA, P.O. & P.S. -BALIDIH, DIST-BOKARO | 531796 | B/W | BALIDIH |
| 18 | BOI, G.G.S.E. | 01/23-24 | 1. M/S M.P. CONSTRUCTION, PROP -RAMESH CHOUDHARY, R/O -TELIDIH SITE, P.O. & P.S. -CHAS, DIST-BOKARO 2. RAMESH CHOUDHARY, S/O -LT. MAHADEO CHOUDHARY, R/O -QR.NO.-2238, SEC-6/D, P.O. & P.S. -SEC-6, DIST-BOKARO | 936299.69 | B/W | CHAS/SEC-6 |
| 19 | BOI, G.G.S.E. | 02/23-24 | 1. M/S BHARAT ENTERPRISES, PROP. -BHARAT KR. TIWARI 2. BHARAT KUMAR TIWARI, S/O-KRISHNA DAS TIWARY, BOTH R/O-VILL-SIYARDA, P.O. -NARAYANPUR, P.S. -PINDRAJORA, DIST-BOKARO | 699342.46 | B/W | PINDRAJORA |
| 20 | BOI, G.G.S.E. | 03/23-24 | 1. M/S RAVI STEEL FURNITURE, PROP. -RAVI PATHAK, 2. RAVI PATHAK, S/O -AWADH BIHARI PATHAK, 3. RAJPATI DEVI, W/O -AWADH BIHARI PATHAK, ALL R/O -H.NO.-151/RI, SWAMI SAHAJANAND COLONY, P.O. & P.S. -CHAS, DIST-BOKARO | 593467.09 | B/W | CHAS |
| 21 | BOI, G.G.S.E. | 06/23-24 | 1. M/S SHREE OM AUTOMOBILES, PROP -ASHOK JHA, R/O-TELIDIH SITE TELIDIH, P.O. & P.S. -CHAS, DIST-BOKARO 2. ASHOK JHA, S/O-LT. SATISH JHA, 3. RAVI KUMAR JHA, S/O-ASHOK JHA, BOTH R/O-YADUBANSH NAGAR CHAS, P.O. & P.S. -CHAS, DIST-BOKARO | 925306.46 | B/W | CHAS |
| 22 | BOI, G.G.S.E. | 01/18-19 | M/S RAINBOW ENTERPRISES, PROP. MD. SADIQUE KHAN, S/O-MD. KHALIQUE KHAN, R/O-AT-ANSARI MOHALLAH, MASJID GALI, CHAS, BOKARO | 636560 | B/W | CHAS |
| 23 | BOI, G.G.S.E. | 02/18-19 | M/S SHRI BALAJI TEXT TILES, PROP. AHOK KUMAR BANSAL, S/O-RAM NARAYAN BANSAL, AT-RANA PRATAP NAGAR, P.O. & P.S. -CHAS, DIST-BOKARO | 870034 | B/W | CHAS |
| 24 | BOI, G.G.S.E. | 07/18-19 | M/S ARMAAN DECORATORS & SOUND, PROP. SANTOSH KUMAR DAS, S/O -LT. BATUL DAS, PERMANENT R/O -VILL.-KURA, P.S. -PINDRAJORA, DIST-BOKARO, AT PRESENT R/O-ADARSH COLONY, CHAS, P.O. & P.S. -CHAS, DIST-BOKARO | 567380 | B/W | PINDRAJORA/CHAS |
| 25 | BOI, SIWANDIH | 12/22-23 | MOBIN ANSARI, S/O-SIDDHKHI ANSARI, R/O-AT-MAKHDUMPUR, P.O. -HAISABATU, P.S. -BALIDIH, DIST-BOKARO | 611965 | B/W | BALIDIH |
| 26 | BOI, SIWANDIH | 07/19-20 | M/S R.K. POULTRY, PROP. RAJ KISHORE THAKUR, S/O-INDRA NATH THAKUR, P.O. & P.S. -BALIDIH, DIST-BOKARO | 1815001 | B/W | BALIDIH |
| 27 | BOI, SIWANDIH | 01/19-20 | SARFARAZ KURAISHI, S/O -SIRAJ KURAISHI, R/O-C/O-SIRAJ TIMBER, LAKRI GOLA, UKRID MORE, P.O. & P.S. -SEC-12, DIST-BOKARO | 1204015.47 | B/W | SEC-12 |
| 28 | BOI, SIWANDIH | 04/22-23 | SUNIL KUMAR SHARMA, S/O-KULESH SHARMA, R/O-AT-QR.NO.-DS1/36/A, RAILWAY COLONY, P.O. & P.S. -BALIDIH, DIST-BOKARO | 680197 | B/W | BALIDIH |
| 29 | BOI, SEC-9 | 01/23-24 | 1. M/S PUSHKAR ENTERPRISES, PROP. DEEPAK KUMAR SINGH, R/O -HB-11, CITY CENTRE, SEC-4, P.O. & P.S. -SEC-4, B.S.CITY, DIST-BOKARO 2. DEEPAK KUMAR SINGH, S/O-KEDAR SINGH, QR.NO.-1137, SEC-4/A, ST-5, P.O. & P.S. -SEC-4, DIST-BOKARO | 1112185.24 | B/W | SEC-4 |
| 30 | BOI, SEC-9 | 06/22-23 | M/S SONY ENT., PROP. AMAR NATH MAHTO, S/O-MATAL MAHTO, R/O -H.NO.-20, VILL.-CHIHATI, P.O. -BAIDMARA, P.S. -HARLA, DIST-BOKARO | 840300.84 | B/W | HARLA |
| 31 | BOI, SEC-9 | 30/21-22 | M/S BALRAM POULTRY FARM, PROP. -BALRAM MAHTO, S/O-DHUNDHA MAHTO, R/O-CHITAHI BASTI, P.O. -BAIDHMARA, P.S. -HARLA, DIST-BOKARO | 647300 | B/W | HARLA |
| 32 | BOI, BYE PASS CHAS | 11/15-16 | 1. M/S MAMTA ENTERPRISES, PROP. -NAMITA DEVI, W/O -BIJENDRA KUMAR 2. (GUARANTOR) BIJENDRA KUMAR, S/O-RABINDRA PRASAD, 3. (GUARANTOR) SUSHILA DEVI, W/O-RABINDRA PRASAD, ALL R/O-YADUVANSH NAGAR, CHAS, P.O. & P.S- CHAS, DIST- BOKARO 4. (GUARANTOR) SUDHANSHU SHEKHAR MISHRA, S/O-MAHA RUDRA MISHRA, R/O-QR.NO.-496, SEC-9/B, B.S.CITY, P.O. -SEC-9, P.S. -HARLA, DIST-BOKARO | 916146 | B/W | CHAS/HARLA |
| 33 | BOI, SEC-9 | 03/23-24 | 1. M/S FAMILY RESTURANT, Prop. KARTIK CHANDRA BANERJEE, R/o-SSP-5, SEC-4/A, LAXMI MARKET P.O. & P.S - SEC-4, Dist-Bokaro 2. KARTIK CHANDRA BANERJEE, R/O-QR.NO.-3018, SEC-4/C, B.S.CITY, P.O. & P.S. -SEC-4, DIST-BOKARO 3. BABITA BANERJEE, W/O- KARTIK CHANDRA BANERJEE, R/O-VILL. & P.O. -KANAK CHAS, P.S. -CHANDANKIYARI, DIST -BOKARO | 561499.65 | B/W | SEC-4/ CHANDANKIYARI |
| 34 | BOI, BYE PASS CHAS | 13/23-24 | 1. M/S JAI MAA TARA ENTERPRISES, PROP. VIJAY KR. SHARMA, S/O-JALESHWAR PRASAD, R/O-AT-FLAT NO.-A-2, THIRD FLOOR CITY RESIDENCY, NEAR DURGA MANDIR CHIRA CHAS, P.O. & P.S. - CHAS, BOKARO 2. BRAJENDRA KR. SINGH, S/O-AWADH BIHAARI SINGH, R/O -QR. NO.-2239, SEC-12/C, P.O. & P.S. -SEC-12, BOKARO | 1826006 | B/W | CHIRA CHAS/ SEC-12 |
| 35 | BOI, BYE PASS CHAS | 21/19-20 | M/S OM SAI BODY BUILDERS, PROP. BIRENDRA KR. SINGH, S/O- RAI NARAYAN SINGH, R/O- JAMGORIYA, TALGARIYA MORE, CHAS, P.O. -CHAS, P.S. - CHAS(M), BOKARO, JHARKHAND | 992731.01 | B/W | CHAS(M) |
| 36 | BOI, BYE PASS CHAS | 07/23-24 | GEETA KUMARI, D/O-TRILOKI PATHAK, R/O -AT-5868, KAILASH NAGAR CHAS, P.O. & P.S. -CHAS, DIST-BOKARO | 672761 | D/W | CHAS |
| 37 | BOI, SEC-9 | 06/23-24 | 1. M/S CAR JUNCTION, PROP. AKHILESHWAR KR. MISHRA, R/O-PLOT NO.-JA-6, CITY CENTRE SEC-4, P.O. & P.S. -SEC-4, BOKARO 2. NAYAN KR. SINGH, R/O -FLAT NO.-VA-53, BLOCK-A, VAISHNAVI COMPLEX, CHIRA CHAS, P.O. & P.S. -CHIRA CHAS, BOKARO | 1028754.77 | B/W | SEC-4/ CHIRA CHAS |

PR 345299 (District) 24-25 (D)

जिला निलाम पत्र पदाधिकारी,
बोकारो



## कार्यालय फुसरो नगर परिषद (बोकारो)।

पत्रांक– 86/न.प. दिनांक–27/01/2025

-: आम सूचना :-

पिछड़े वर्गो के लिए राज्य आयोग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–701/राँची दिनांक– 03.12.2024 के निमित्त पिछड़े वर्गो की पात्रता निर्धारण हेतु फुसरो नगर परिषद के वार्ड–01 से वार्ड–28 में डोर–टू–डोर सर्वेक्षण कार्य किया गया। डोर–टू–डोर सर्वेक्षण के आधार पर तैयार प्रपत्र–01 में आंकड़ों का प्रारुप बोकारो जिला के वेबसाईट www.bokaro.nic.in, फुसरो नगर परिषद के सूचना पट्ट में आमजनो के लिए सूचना प्रकाशित किया जाता है। आंकड़ों से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन फुसरो नगर परिषद, कार्यालय में दिनांक–02.02.2025 तक कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में अवलोकन किया जा सकता है।

सर्वेक्षण में प्रस्तुत आंकड़ों के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो दिनांक– 02.02.2025 तक लिखित रुप से अपनी आपत्ति, साक्ष्य सहित फुसरो नगर परिषद कार्यालय में जमा कर सकते है।

प्रशासक
–सह– कार्यपालक पदाधिकारी
फुसरो नगर परिषद।

PR 345252 Urban Development and Housing(24-25)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, धनबाद

Phone No.-0326-2313368, email- eercddhanbad-jhr@nic.in

**सूचना**

एतद् द्वारा श्री परवेज अहमद खान, फिसरी ऑफिस, माडा कॉलोनी, धनबाद को सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, धनबाद अंतर्गत I.R.Q.P work in NH -32 Saraidhela - Sugiadih to hirak point road (length 2.230 Km) and centre hospital to co- operative colony road (length-1.30 Km ) total length 3.530 Km under Plan head for the year 2024-25 का कार्य मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक–1326(अनु०), दिनांक–14.10.2024 के द्वारा आपको आवंटित किया गया है। इस कार्यालय के पत्रांक–1824, दिनांक–14.10.2024, पत्रांक–2069, दिनांक–30.11.2024, पत्रांक–2183, दिनांक–18.12.2024 एवं पत्रांक–2229, दिनांक–27.12.2024 द्वारा एकरारनामा करने हेतु सूचित किया गया एवं कई बार दूरभाश से भी सूचना दी गई परन्तु आपके द्वारा अभी तक एकरारनामा नहीं किया गया है। जिससे प्रतीत होता है कि कार्य करने के प्रति आपकी अभिरूचि नहीं है।

अतः आपको प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अंतिम बार निदेश दिया जाता है कि प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिनों के अन्दर एकरारनामा कर कार्य प्रारंभ कर दें अन्यथा अग्रधन की राशि को जब्त करते हुए आपको काली सूची में डालने हेतु उच्चाधिकारियों को अनुशंसा कर दी जाएगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद

PR 345297 Road(24-25)#D



## Government of Jharkhand
### Urban Development and Housing Department
### PHUSRO NAGAR PARISHAD (BOKARO)

**Very Short Term E-Tender Notice No. : - PMC/03/2024-25 (2nd Call)**

| Group No. | Tender Reference No. | Description | Estimated Cost in Rs. | Earnest Money in Rs. | BOQ Document Fees in Rs. | Duration for Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | PMC/04/03/ 2024-25 | Laying of paver block near 11 no star club in ward 14 under pnp | 6,12,512.00 | 12,300.00 | 5,000 | 04 Month |

1. Date of Publication of Tender on website (Online) - 01.02.2025 From 10:30 AM (Uploding of Bid Online Only)
2. Date of Downloading of Tender on website (Online) - 03.02.2025 From 10:30 AM (Downloading Bid Online Only)
3. Last Date and Time of Submitting of Bids (Online) - 10.02.2025 up to 05:00 PM (Submitting Bid Online Only)
4. Date and Time of Opening of Bid (Online Only) – 11.02.2025 From 10:30 AM (Opening of Bid Online Only)
5. Name of Online E-Tender Notice Inviting Officer - Mr. Rajeev Ranjan (Administrator, Phusro Nagar Parishad)
6. Name and Address of E-Tender Notice Inviting Office- Office of The Administrator, Phusro Nagar Parishad (Bokaro)
7. Contact No. of E-Procurement Officer – 06549-356303
8. Help Line No. of E-Procurement Office - 06549-356303
9. Only E-Tenders will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Administrator
Phusro Nagar Parishad
Bokaro

PR 345244 (Urban Development and Housing) 24-25 (D)



## कार्यालय - जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बोकारो

**आवेदन–पत्र आमंत्रण अल्पकालीन सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड राँची के राज्यादेश संख्या 05 दिनांक 13.06.2024 के आलोक में **मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना** अन्तर्गत **पुरस्का सम्मान/ केज मत्स्य पालकों को लाईफ जैकेट/जलाशय स्तरीय मछुआरों (बिरसा मत्स्य किसान के लिए आईडेन्टिटी कार्ड/सीधे संवाद हेतु मोबाई रिर्चाज कूपन एवं नये रंगीन मछली** (महिला कृषकों के लिए) लक्ष्य प्राप्त है। पूर्व में **PR No. 328123 Fish (24-25):D** एवं **PR No. 338510 Fish (24-25):D** द्वारा समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित की गई थी। पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण पुनः विज्ञापन प्रकाशित की जा रही है। इच्छुक **केज लाभुक/मत्स्य कृषक/महिला मत्स्य कृषक/मत्स्य बीज उत्पादकों** से आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की **अंतिम तिथि 11.02.2025** अपराहन **05:00** बजे तक निर्धारित है।

**योजनाओं की विवरणी निम्न प्रकार है:–**

| क्र0 संख्या | विवरणी | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) 101 | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) 789 | कुल लागत (रू0 में) | स्वीकृत अनुदान (रू0 में) | लाभुक का अंशदान (रू0 में) | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुरस्कार/ सम्मान | 3 | – | – | 30,000/– | – | उत्कृष्ट मत्स्य कृषकों, मत्स्य बीज उत्पादकों तथा हैचरी संचालकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार स्वरूप/सम्मानित करने हेतु अधिकतम मो0– 30,000/– रू0 मात्र प्रति चयनित मत्स्य कृषक को पुरस्कार के रूप में 12 Paddel Wheel Aerator (विभाग द्वारा अनुमोदित) अथवा मत्स्य बीज पैकेजिंग हेतु ऑक्सीजन सिलन्डर (Accessories सहित) के क्रय हेतु प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। |
| 2 | केज मत्स्य पालकों के लिए लाईफ जैकेट | 101 | – | 2420/– | 75% (अधिकतम मो0 1815/–) | (25%) 605 | वैसे केज लाभुक जिनके द्वारा केजों में वर्तमान में मछली पालन किया जा रहा है तथा लाभुक अपना अंशदान लगाने की लिखित सहमति एवं विगत वर्षों का केज में मछली उत्पादन का आँकड़ा लिखित रूप में आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
| 3 | जलाशय स्तरीय मछुआरों (बिरसा मत्स्य किसान) के लिये आईडेन्टिटी कार्ड | 150 | – | – | – | – | जलाशय स्तरीय मछुआरों (बिरसा मत्स्य किसानों) के लिए आईडेन्टिटी कार्ड हेतु लिखित आवेदन कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। जलाशय स्तरीय मछुआरों के शिकारमाही पहचान पत्र हेतु आवेदन कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है संबंधित प्रपत्र में जलाशय मत्स्य जीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष का हस्ताक्षर एवं मुहर आवश्यक है। आवेदन पत्र में निहित सभी विन्दुओं को पूर्ण एवं सुस्पष्ट रूप से भरना अनिवार्य है। |
| 4 | मत्स्य बीज उत्पादकों/मत्स्य मित्रों से सीधे संवाद हेतु मोबाईल रिर्चाज कूपन | 362 | 50 | 500/- प्रति लाभुक | – | – | मत्स्य बीज उत्पादक को विभाग द्वारा लिये गऐ स्पॉन का डाटा संधारण करने एवं मछलियों का ऑकड़ा उपलब्ध कराने के उपरान्त अपने मोबाईल पर मो0 500/–रू0 का रिर्चाज कर प्रकाणक कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। |
| 5 | महिलाओं के स्वनियोजन हेतु नये रंगीन मछलियों के पालन, संवर्द्धन एवं विपणन | 11 | | | | | एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में महिलाओं के स्वनियोजन हेतु नये रंगीन मछलियों के पालन, संवर्द्धन एवं विपणन हेतु आवेदन आमंत्रण किये जाते है। |

नोट :– आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि 11.02.2025 समय 05:00 बजे अपराहन** तक है। आवेदन का प्रारूप एवं आवेदन पत्र कार्यालय में निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। उक्त योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,बोकारो

PR 345241 Fish(24-25).D



## B.I.T. SINDRI
### P.O.-SINDRI INSTITUTE
### DIST; DHANBAD (JHARKHAND) PIN: 828123

e-tender Notice -
BIT/14/2024-25/Mec2

Reference Number: BIT/14/2024-25/Mec2 Dated :- 25-01-2025
Tender ID: 2025_DHTE_97984_1

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name & address of office Inviting tender | Director, B.I.T., Sindri, P.O. Sindri Institute, Sindri, Dhanbad, Jharkhand - 828123 |
| 2 | Name or work | Supply of Induction furnace systems for workshop lab equipments for Mechanical Engineering Department at BIT Sindri Dhanbad Jharkhand. |
| 3 | Document download start date | 30-01-2025 |
| 4 | Document download end date | 10-02-2025 |
| 5 | Bid submission end date | 13-02-2025 |
| 6 | Bid opening date | 14-02-2025 |

Bidders must bid through e-tenders portal.
B.I.T. Sindri, Dhanbad wishes to purchase Laboratory Equipments for its Laboratories in Mechanical Engineering Department. Further details can be seen on website:- https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Director,
B.I.T., Sindri

PR 345273 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department(24-25).D



## B.I.T. SINDRI
### P.O.-SINDRI INSTITUTE
### DIST; DHANBAD (JHARKHAND) PIN: 828123

**e-tender Notice -**
**RE/BIT/11/2024-25/Pro1**

Reference Number: RE/BIT/11/2024-25/Pro1
Dated :- 25-01-2025
Tender ID: 2025_DHTE_97983_1

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name & address of office Inviting tender | Director, B.I.T., Sindri, P.O. Sindri Institute, Sindri, Dhanbad, Jharkhand -828123 |
| 2 | Name or work | Supply of Advance Manufacturing lab equipments for Production and Industrial Engineering Department at BIT Sindri Dhanbad Jharkhand. |
| 3 | Document download start date | 30-01-2025 |
| 4 | Document download end date | 10-02-2025 |
| 5 | Bid submission end date | 10-02-2025 |
| 6 | Bid opening date | 11-02-2025 |

Bidders must bid through e-tenders portal.
B.I.T. Sindri, Dhanbad wishes to purchase Laboratory Equipments for its Laboratories in Production and Industrial Engineering Department. Further details can be seen on website:- https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Director, B.I.T., Sindri

PR.NO.345274 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department(24-25):D

# जैन समाज के निर्वाण पर्व पर हादसा, सात की मौत



**बागपत (ईएमएस):** यूपी के बागपत जिले के बड़ौत में मंगलवार को जैन समुदाय द्वारा आयोजित भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर मानस्तम्भ परिसर में बना लकड़ी का एक ढांचा गिरने से सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई। वहीं ३९ अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिलाधिकारी (डीएम) अस्मिता लाल ने बताया कि बड़ौत में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम में लकड़ी का ढांचा गिर गया। यह कार्यक्रम पिछले ३० वर्षों से यहां आयोजित किया जा रहा था। इस बार कार्यक्रम के दौरान लकड़ी का ढांचा गिर गया और यह हादसा हुआ।

उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद २० लोगों को छुट्टी दे दी गई और बाकी का इलाज चल रहा है। वहीं हादसे में सात लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। फिलहाल राहत-बचाव का काम चल रहा है। बताया जाता है कि श्रद्धालु बड़ी संख्या में अस्थायी मंच की लकड़ी की सीढ़ियों पर चढ़ गए, और अधिक भार होने की वजह से वह टूट गया। घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय अस्पतालों में मरीजों की निरंतर निगरानी कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजकों द्वारा पूर्व में अनुमति ली गई थी।यह कार्यक्रम पिछले २५-३० साल से हर वर्ष आयोजित किया जा रहा है।

हादसा क्यों और कैसे हुआ, यह जांच का विषय है। वहीं, एक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा बागपत शहर से २० किलोमीटर दूर बड़ौत शहर के गांधी रोड स्थित श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज के मैदान में हुआ। वहां आज सुबह करीब आठ बजे श्री १००८ आदिनाथ भक्तांबर प्रचार के तत्वाधान में मोक्ष कल्याणक निर्वाण महोत्सव के तहत भगवान आदिनाथ के अभिषेक के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अचानक ही मानस्तम्भ परिसर में बनाए गए ६५ फुट ऊंचे अस्थायी मंच की लकड़ी की सीढ़ियां टूट गईं जिससे मंच पर मौजूद और उसके पास खड़े श्रद्धालु नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जिसने भगदड़ पर काबू पाते हुए घायलों को अस्पताल भिजवाया।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। घटना से गुस्साए श्रद्धालुओं का कहना है कि हादसे के बाद घायल हुए लोगों को तुरंत चिकित्सा सुविधा नहीं मिल सकी। एंबुलेंस की अनुपलब्धता के चलते उन्हें ई-रिक्शा से अस्पताल पहुंचाया गया। कई श्रद्धालुओं की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि अस्थायी सीढ़ियां भीड़ का भार सहन नहीं कर पाईं और टूट गईं। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और आपदा प्रबंधन की कमी को लेकर लोग नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

# प्रगति यात्रा में पूर्णिया पहुंचे नीतीश कुमार



**पूर्णिया (एजेंसी):** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों प्रगति यात्रा पर हैं. यात्रा के तीसरे टरण में सीएम कुमार पूर्णिया पहुंचे. जहां कृत्यानंद नगर प्रखंड में मुख्यमंत्री ने ५८०.८७ करोड़ रुपये से अधिक की कुल ६२ योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया. वहीं, मुख्यमंत्री ने कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की.

मुख्यमंत्री ने मजरा पंचायत के भवानीपुर गांव में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने 'लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान' के तहत अपशिष्ट प्लास्टिक के उपयोग से सड़क निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली. 'जल जीवन हरियाली अभियान' के अंतर्गत मां कामाख्या पोखरा के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और इसका जायजा लिया.

इसके बाद मुख्यमंत्री ने किलकारी बिहार बाल भवन, पूर्णिया के बच्चों की पेंटिंग, चित्र प्रदर्शनी, अभिनय, नृत्य विधा, जूट आर्ट और सिक्की आर्ट के बने उत्पादों एवं विभिन्न कार्यों को भी देखा. उन्होंने बच्चों के सृजनात्मक कार्यों की प्रशंसा भी की. मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया. इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के जीविकोपार्जन के लिए की जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली.

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं. उनका पहनावा और बोलचाल भी काफी अच्छा हो गया है. वे लोगों से बेहिचक होकर बातें करने लगी हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कन्या मध्य विद्यालय, मजरा का निरीक्षण किया और बच्चों से मुलाकात कर शैक्षणिक कार्य आदि की जानकारी ली. मुख्यमंत्री ने रंगभूमि मैदान स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का स्थल अवलोकन किया और खिलाड़ियों से मुलाकात की.

मुख्यमंत्री ने अपने पूर्णिया दौरे के क्रम में कई घोषणाएं भी की. उन्होंने पूर्णिया जिले के कृत्यानंद नगर प्रखंड में स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेले को राजकीय मेले का दर्जा देने का आश्वासन लोगों को दिया. इसके अलावा, उन्होंने माता पूरन देवी मंदिर के परिसर का विकास और सौंदर्यीकरण के साथ ही मंदिर तक पहुंचने के लिए नए संपर्क पथ का निर्माण कराने की घोषणा की.

## 1 फरवरी से ठंड बढ़ने की संभावना

**पटना,(ईएमएस) :** बिहार के १० जिलों में मंगलवार को घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही, पछुआ हवा चलने से लोगों को ठंड और कनकनी का अहसास होगा।

# गाय को राष्ट्र माता व संस्कृत को हिंदुओं की भाषा घोषित करें



**महाकुंभ नगर (ईएमएस) :** महाकुंभ में आयोजित परम धर्म संसद में गाय को राष्ट्र माता और संस्कृत को हिंदुओं की भाषा घोषित करने के पुरजोर मांग की गयी। महाकुंभ नगर के सेक्टर १२ में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में आयोजित परम धर्म संसद में पहली बार तीन पीठों के शंकराचार्य एक मंच पर दिखे।

परम धर्म संसद में तीन पीठ के शंकराचार्य पहली बार एक साथ एक मंच पर दिखे। द्वारकापीठ, ज्योतिर्मठ और श्रृंगेरीपीठ के शमराचार्य की मौजूदगी में आयोजित परम धर्म संसद १००८ में गौ हत्या की निंदा कर गाय को राष्ट्रमाता और संस्कृत को हिंदुओं की भाषा घोषित करने के लिए हुंकार भरी गई।

द्वारकापीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने कहा कि हिंदी बोलचाल की भाषा है लेकिन, संस्कृत सनातनी भाषा है। हिंदू वही जो गाय की भक्ति और गाय की सेवा करे। हिंदू हो तो दिल में हिंदुत्व दलगत राजनीति से उठ कर गाय और संस्कृत की सेवा करनी चाहिए। संस्कृत, संस्कृति और संस्कार समय की मांग है। नई पीढ़ी की शिक्षा नीति, राजनीति धर्म के अनुसार होनी चाहिए।

धर्म का पालन करने से से धर्म की रक्षा हो जाएगी। देश की रक्षा सेना कर रही है। हमें धर्म की रक्षा करनी है। इसके लिए धर्म का पालन करना जरूरी है। शंकराचार्य विद्युशेखर भारती, श्रृंगवेरी पीठ ने कहा जब तक गो माता की हत्या होती रहेगी, तब तक सुख शांति और समृद्धि नहीं आ सकती। गौहत्या रुकने तक थकना नहीं है।

## नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश कर रहे लालू यादव

**पटना (एजेंसी):** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजद प्रदेश अध्यक्ष के पद से जगदानंद सिंह की विदाई की अटकलें लगाई जा रही हैं. बिहार की सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि राजद अध्यक्ष लालू यादव फिलहाल नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश कर रहे हैं. इस काम की जिम्मेदारी नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के कंधों पर है. बता दें कि वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह काफी लंबे समय से कार्यालय नहीं आ रहे हैं. पार्टी का कहना है कि उनकी तबीयत सही नहीं है.

# महाकुंभ तीर्थाटन को नया आयाम दे रही भारतीय रेल

**पटना, (ईएमएस) :** महाकुंभ २०२५ के अमृत महोत्सव में भारतीय रेल ने सेवा का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। न केवल यातायात की सुविधा बढ़ाने तक यह सेवा सीमित है, बल्कि तीर्थयात्रियों को एक आरामदायक और खुशहाल यात्रा का भी अनुभव प्रदान किया गया है। श्रद्धा और आस्था की पुण्य भूमि प्रयागराज तक यात्रियों को पहुंचाने में भारतीय रेल ने विश्व स्तरीय आतिथ्य सेवा में जो योगदान दिया है, वह सदा स्मरणीय रहेगा। महाकुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में रेलवे ने अपने इंफ्रास्ट्रक्चर, सेवाओं और सुविधाओं में बड़े सुधार किए हैं। इसके लिए नए और रचनात्मक उपायों को लागू किया है, जिसमें तरह-तरह की सुविधाएं शामिल हैं। भारतीय रेल कुंभ यात्रियों के लिए नए मानक स्थापित कर रहा है, जो भविष्य में अन्य बड़े आयोजनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।

भारतीय रेल ने पवित्र संगम की यात्रा को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाने का महत्वपूर्ण काम किया है। पिछले एक दशक में भारत सरकार ने रेलवे के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए वित्त पोषण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले दो वर्षों में ५००० करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यात्री सुविधाओं में सुधार किया गया है। इससे रेलवे स्टेशन आरामदायक, सुविधाजनक और आध्यात्मिकता के जीवंत केंद्र में बदल गया है।

पहले रेलवे स्टेशन मुख्य रूप से रेलगाड़ियों के रुकने, यात्रियों के चढ़ने-उतरने और सामान ढुलाई के लिए उपयोग किए जाते थे। लेकिन समय के साथ स्टेशनों में सुधार हुआ और अब ऐसा लगता है कि रेलवे स्टेशन तीर्थ यात्रियों के स्वागत के लिए प्रवेश द्वार में बदल गए हैं। स्लीपिंग पॉड्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज और रिटायरिंग रूम की अत्याधुनिक सुविधा सुकून देनेवाले हैं जो यात्रियों को आकर्षित करते हैं। कहा जाए, तो पहले के भीड़भाड़, शोरगुल वाले माहौल से बिल्कुल अलग भारतीय रेल का यह उपहार है आम यात्रियों के लिए।

रेलवे ने यात्रियों को रास्ता ढूंढने में मदद करने के लिए कुछ नई व्यवस्था बनाई है। स्टेशन पर अलग-अलग हिस्सों को अलग-अलग रंगों से चिह्नित किया गया है, ताकि यात्री आसानी से जान सकें कि उन्हें



किस तरफ जाना है। टिकटों पर भी रंगों का उपयोग किया गया है, ताकि यात्रियों को यह समझने में मदद मिले कि उनकी ट्रेन कहां से चलेगी या किस प्लेटफॉर्म पर जाएगी। पांव संकेतक, जमीन पर बने होते हैं। ये यात्रियों को सही दिशा में जाने के लिए मार्गदर्शन कराने का काम करते हैं। रेलवे स्टेशन पर यह उन्नत सुविधा तीर्थयात्रा के अनुभव का आनंद बढ़ा देता है। जैसे ही कोई श्रद्धालु रेलगाड़ी से उतरता है तो उसके अनुकूल सारी सुविधाएं मिलती हैं।

कुंभ में रोजाना लगभग एक करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की संभावना को देखते हुए व्यापक पैमाने पर उनके लिए ठहरहने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना आसान नहीं है। लेकिन भारतीय रेल ने इस चुनौती को स्वीकार किया। १७ नए यात्री आश्रय गृहों का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन की क्षमता१,२५,००० से अधिक यात्रियों के संभालने की है। पहले यह क्षमता मात्र २१,००० यात्रियों के लिए थी। इसके अतिरिक्त, नए प्लेटफॉर्म के निर्माण किए गए और अब बढ़कर इसकी संख्या ४८ हो गई है। तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर गंतव्य सुनिश्चित हुई है। शौचालय, पेयजल सुविधा, शिशु-पोषण जोन और चिकित्सा जांच कक्ष जैसी उन्नत सुविधाएं भी यात्रियों की आवश्यकताएं पूरी कर रही हैं। राज्य सरकार ने खुसरो बाग को एक आवासीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया है, जिसमें एक लाख से अधिक तीर्थयात्रियों के ठहरने की सुविधा है। रेलवे द्वारा उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा, निर्बाध आपूर्ति और बैकअप सिस्टम से उच्च मांग के बावजूद सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

भारतीय रेल ने महाकुंभ २०२५ का अनुभव सभी के लिए आरामदायक बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। यात्री सुविधा केंद्र, व्हीलचेयर सेवाओं के साथ सहायता बूथ और सामान ट्रॉलियां मुहैया कराना तीर्थयात्रियोंजरूरी आवश्यकताएं पूरी करते हैं। प्रयागराज जंक्शन और छिवकी जैसे प्रमुख स्टेशनों को विशेष रूप से सुगम और आरामदायक आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुसज्जित किया गया है। सरकार के सुगम्य भारत मिशन के अनुरूप, भारतीय रेल ने लिफ्ट और एस्केलेटर सहित दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाओं की संख्या बढाई है। ये उपाय समावेशिता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि बुजुर्गों से लेकर दिव्यांगजन तक हर कोई इस पवित्र आयोजन में सुगमता से भाग ले सके।

परंपरा को आधुनिकता के साथ जोड़ने के भारतीय रेल के प्रयासों ने एक ऐसा माहौल बनाया है जो उत्थान और आरामदायक के साथ ही आधुनिक भी है। रेलवे तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के साथ ही, महाकुंभ के अनुभव को अद्वितीय बनाने में अभिन्न भूमिका निभा रहा है। भारतीय रेल महाकुंभ के दौरान सुविधाओं के उन्नयन से धार्मिक आयोजनों में आतिथ्य के नए मानक स्थापित कर रही है, जिसमें प्रचालन के साथ ही आतिथ्य और देखभाल के साथ सद्भावना का भी संयोजन है।


**अधीक्षक का कार्यालय, शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद**

पत्रांक :– 136/SNMMCH — अल्पकालीन निविदा सूचना — दिनांक :– 28.01.2025

शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद में वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए मानक स्तर के निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत वितरक से शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद में अधिष्ठापित अग्निशमन यंत्र के सिलिन्डरों के रिफिलिंग हेतु 2–बोली व्यवस्था (2-bid system) के अन्तर्गत दो प्रतियों में मुहरबंद अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्राप्त करनें की अंतिम तिथि– 14.02.2025 के संध्या 05:00 बजे तक होगी। निविदा हाथों–हाथ एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा। विलम्ब से प्राप्त निविदा पर विचार नही किया जायेगा। इच्छुक संवेदक निविदा से संबंधित कागजात किसी भी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है।

ह0/–
अधीक्षक
शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद

PR 345279 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D



**जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय, धनबाद।**
(समाहरणालय बिल्डिंग, सुसनीलेवा, भेलाटांड़, तृतीय तल–826004) Email:-dse.dhanbad1@gmail.com, dse.dhanbad@gmail.com

**Corrigendum** — Date: 24/01/2025

Reference to Tender Notice PR No.344212, RFP No 06, Memo No.87 issued on date: 11/01/2025, can be downloaded from the website (https://dhanbad.nic.in).

Due last date for submission of proposal for Tender Notice PR No.344212, RFP No 06, Memo No.87 is being extended upto 10/02/2025 (Time: 5:00 PM).

The following reference clauses in the bid document have been modified and revised text shall replace the original text in the bid document. The compliance requirements for these clauses, however, remain the same as previously mentioned in the bid document.

| Reference in the Bid Document | Original Clause | Revised Clause |
|---|---|---|
| RFP No.- 06, Under Section: 3. Scope of Work, Annexure:- 8 (Benches for Std-6 to Std-8), Sr. No. 1: | Benches for Std-6 to Std-8 OVERALL FRAME SIZE: W36" X D34" X H24" TOP SIZE: W36" X D16" X H24" SHELF SIZE: W34" X D12" X H6" SEAT SIZE: W36" X D12" X H14" MATERIAL: 17 MM PRE LAMINATED BOARD PIPE SIZE: 25 MM X 25 MM | Benches: • W-1050mm x 0-950mm x Ht-760mm. Knock down classroom dual desk is specially designed for rugged use. The desks are made of pressed formed MS CRCA section & CRCA tube fitted with pre laminated particle board top, seat & back. Hanger for water bottle and bag. The overall appearance of the product shall be as per photograph. • Top- Size: - 994x450x18 MM thk. Plain Particle Board with 1 Side Post formed & remaining three sides PVC Edge Banding. • Seat- Seat height: - 450 MM, Seat size: - 1050x300x18 MM thk. Plain Particle Board with1 Side Post Formed & remaining three sides PVC Edge Banding. • Back- Back size: - 1050x150x18 MM thk. Plain Particle Board with 1 Side Post Formed & remaining three sides PVC Edge Banding. • Shelf- Shelf 0.8 MM thk. CRCA sheet. Bull nose front edge with stiffener 1 MM Thk CRCA. • Modesty- Modesty 0.8 MM thk. CRCA sheet. Square perforation. • Tie member Frame: Horizontal Tie member frame made of 25x15x1 .2 MM thk. CRCA Pipe. For rigid joint, the tie member frame must b e a welded one. • Footrest: Footrest pressed formed CRCA section 1.5 MM Thk. • Side frame (leg) - Side frame C - section pressed formed 1 mm thk. CRCA Sheet welded with 25x50x1 .2 MM thk tube. And back rest pipe 025 x 1.6 MM thk. Back rest upper mouth has been closed with cap for avoiding sharp edges. • Cap & Levelers- All pipe caps are curved PPCP material. 4 nos. of PVC Grommet have been provided at bottom for preventing scratches on floor & Product as well. • Finish- All steel components are epoxy powder coa ted followed by seven tanks anti corrosion treatment of surface. |
| RFP No.- 06, Under Section: 3. Scope of Work, Annexure:- 8 (Benches for Std-6 to Std-8), Sr. No. 1: Unit/Size | 60 | As per Requirement |
| RFP No.- 06, Under Section: Financial Proposal Annexure: 08 : Item of Work : Benches for Std. 6 to 8 : Unit: Nos.: Qty: | 6 | 01 |

District Superintendent of Education, Dhanbad

PR 345287 (School Education and Literacy) 24-25 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**अधीक्षक का कार्यालय, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, धनबाद**
दूरभाष : 0326-2230352(O), 9431120164(M)
Email: superintendentsnmmch@gmail.com

पत्रांक– 137/SNMMCH — अल्पकालीन निविदा सूचना — धनबाद, दिनांक– 28.01.2025

शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद के कार्य हेतु दो वर्षों के लिए बोलेरो निओ गाड़ी की वाह्यश्रोतिय व्यवस्था के तहत अनुभवी एवं योग्य संवेदको से दो बोली व्यवस्था (2Bid System) के अंतर्गत निम्नांकित शर्तो के अधीन मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि– 14.02.2025 होगी। निविदा स्पीड–पोस्ट अथवा हाथों–हाथ जमा किया जा सकता है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में स्वयं अथवा प्राधिकृत प्रतिनिधि को भेजकर निविदा प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
अधीक्षक शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद

PR 345278 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D



**e-Proccurement Cell**
**ENERGY DEPARTMENT**
**GOVT.OF JHARKHAND**
**Electrical Executive Engineer,Electric Works Division, Dhanbad**
**e- Procurement cell**
**Very Short E-Tender Reference No- Energy/EWD/Dhanbad/41/2024-25**

| Sl. No | Name of work | Estimated Cost (Rs) | Tender Fee (BID Document Fee) | Bid Security (EMD Fee 2%) | Completion Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Temporary Lighting Arrangement of street Light, Rope Light & Gate Light on Electric Pole installed from Nagar Paalika Chowk to Hiljla Mela Surroundings places at Dumka on the occasion of Rajkiya Hijla Mela 2025 ( for 8 days) | 17,41,312.00 | 5000.00 | 35000.00 | 08 days |
| 2 | Date of Publication of tender on website | 04.02.2025 | | | |
| 3 | Online bid submission period | From 05.02.2025 at 10:30 am to 10.02.2025 at 2:00 pm | | | |
| 4 | Technical Bid Opening Date | 11.02.2025 at 3:00 pm | | | |
| 5 | Name and address of the office inviting tender | Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dhanbad | | | |
| 6 | Contact no. of Procurement officer | 0326-2311382 | | | |
| 7 | Helpline number of e- Procurement cell | 0651-2490069 | | | |

Note- Only online tender will be accepted.
Any change in B.O.Q can be see on website http://jharkhandtenders.gov.in
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Electrical Executive Engineer
Electric Works Division, Dhanbad.

PR 345272 Energy(24-25).D


## दिनदहाड़े युवक को मारी गोली

**पटना,(ईएमएस) :** दानापुर स्थित लखनिबीघा में बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को दिन दहाड़े गोली मारकर गंभीर रुप से जख्मी कर दिया। घायल युवक रौशन कुमार खगौल रोड स्थित वाटर पार्क में टिकट काउंटर पर काम करता है। घायल को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे चीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

जानकारी अनुसार यह घटना सुबह ११ बजे हुई, जबकि रौशन बाइक से खगौल जा रहा था। तभी अचानक बाइक सवार बदमाशों ने उस पर फायर कर दिए। गोली उसके दाहिने हाथ में लगी है। स्थानीय लोगों ने मदद करते हुए घायल युवक को दानापुर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घायल की मॉ का कहना है कि उसके बेटे की किसी कोई दुश्मनी नहीं थी। वहीं दानापुर एएसपी भानु प्रताप सिंह इस मामले को निजी विवाद बता रहे हैं।

# एकलव्य विद्यालय में नामांकन के लिए 9 मार्च को परीक्षा, चमरा लिंडा ने जारी किया शिक्षा कैलेंडर

**रांची (एजेंसी):** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक सुधार हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। मंत्री चमरा लिंडा आज मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स पहुंचकर आदिवासी कल्याण राज्य अन्तर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन तथा विद्यार्थियों के अध्ययन से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। मंत्री चमरा लिंडा ने आदिवासी कल्याण आयुक्त को निर्देश दिया कि १ मई २०२५ से राज्य में कुल ५९ एकलव्य मॉडल विद्यालयों में वर्ग ६ से ८ तक के जनजातीय बच्चों का नामांकन कार्य पूर्ण करते हुए अध्यापन कार्य सुनिश्चित करें। इस बाबत उन्होंने शिक्षा कैलेंडर भी जारी किया।



**शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन लक्ष्य**

मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि पूर्व में राज्य के भीतर मात्र ७ एकलव्य मॉडल विद्यालय ही संचालित थे, जिसमें पूरे राज्य के अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का नामांकन किया जाता था, ऐसी व्यवस्था से हजारों की संख्या में जनजातीय वर्ग के बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते थे। मंत्री चमरा लिंडा ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी एकलव्य मॉडल एवं आश्रम विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तर्ज पर संचालित किया जाना सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय बच्चे-बच्चियों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति गंभीरता से कार्य कर रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाना सरकार का लक्ष्य है।

मंत्री चमरा लिंडा ने पूर्व के नामांकित छात्र-छात्राओं जो अपने गृह जिला से दूर के विद्यालय में अध्ययनरत हैं, (वर्ग-०९ एवं १० को छोड़कर) को उनके गृह जिला के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में स्थानांतरित करने का विकल्प देने का निर्देश दिए हैं।

मंत्री चमरा लिंडा ने यह विकल्प १५ से २५ फरवरी २०२५ तक प्राप्त कर लिया जाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने विकल्प के आधार पर उत्पन्न होने वाली रिक्तियों का समायोजन कक्षावार अप्रैल, २०२५ हेतु नामांकन के क्रम में पूर कर लिए जाने का निर्देश दिया है।

**बैठक में ये निर्देश भी दिए गए**

१. नामांकन की प्रक्रिया शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ में नामांकन की प्रक्रिया की पूर्ण जिम्मेवारी सभी प्रमण्डलीय उप-निदेशक, कल्याण, झारखण्ड की होगी। २. चयन प्रक्रिया सभी चयनित छात्र/छात्रा यथा सम्भव प्राथमिकता के आधार पर अपने प्रखण्ड, जिला तत्पश्चात मूल / निकटवर्ती जिलों के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकित किए जाए।

३. वैसे जिले जो एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय से आच्छादित नहीं हैं वहाँ के चयनित छात्र/छात्रा निकटतम् जिला के (विद्यार्थियों के इच्छा के अनुकुल) एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में नामांकन ले सकेंगे। सभी चयनित विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में झीशषशीशपलश के अनुसार नामांकन किया जाए।

४. सभी एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में आधारभूत सुविधा अविलम्ब सुनिश्चित कराई जाए। छशु एचठड डलहशाश द्वारा निर्मित विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु सम्बंधित निर्माण एजेंसियों से सम्पर्क करते हुए उन विद्यालयों के निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्पष्ट तिथि प्राप्त की गई।

**शिक्षा कैलेंडर इस प्रकार है-**

-१, ८ एवं १५ फरवरी २०२५-विज्ञापन प्रकाशन
-५ से २८ फरवरी २०२५- ईएमआरएस नामांकन फॉर्म भरा जाएगा।
-९ मार्च २०२५ - प्रवेश परीक्षा
-२८ से २५ मार्च २०२५ - परीक्षा फल प्रकाशन
-एक से १० अप्रैल २०२५ - काउंसलिंग
-१० से २० अप्रैल २०२५-अप्रैल नामांकन प्रक्रिया पूर्ण
-२५ अप्रैल २०२५-सभी विद्यार्थियों का स्कूल में प्रवेश
-१ अप्रैल २०२५-कक्षा (सत्र) प्रारंभ

मौके पर अजय नाथ झा कल्याण आयुक्त, संजय भगत प्रोजेक्ट निदेशक, रांची, उप निदेशक धीरेंद्र सिंह, उप सचिव बिनोद बिहारी बाके एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिवरात्रि के मौके पर शिवबारात में शामिल होने का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मिला आमंत्रण



**रांची (एजेंसी):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शिवरात्रि महोत्सव समिति, बाबा वैद्यनाथधाम, देवघर के सदस्यों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को २६ फरवरी को बाबा बाबा मंदिर, देवघर में आयोजित होने वाले शिव बारात में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में शिवरात्रि महोत्सव समिति देवघर के अध्यक्ष अभिषेक आनंद, पंडा धर्मरक्षिणी सभा देवघर के पूर्व महासचिव कार्तिक नाथ ठाकुर, मंत्री अरुणानंद झा, चंद्रशेखर खवाड़े, अपूर्वानंद झा और धर्मेंद्र सिंह शामिल थे।

## भारत फाइनेंस कंपनी के कार्यालय से ढ़ाई लाख की लूट, पड़ताल में जुटी पुलिस

**रांची (एजेंसी):** जिले के रातू थाना क्षेत्र में भारत फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में ३ हथियार बंद अपराधियों ने करीब ढ़ाई लाख रुपए की लूट की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## रांची विश्विद्यालय का नाम डॉ रामदयाल मुंडा यूनिवर्सिटी करने की मांग, अबुआ अधिकार मंच ने सौंपा ज्ञापन

**रांची (एजेंसी):** अबुआ अधिकार मंच ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. अजित कुमार सिन्हा को एक मांगपत्र सौंप रांची विश्वविद्यालय का नाम झारखंड के महान शिक्षाविद, समाज सुधारक और आदिवासी संस्कृति के संरक्षक, पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा के नाम पर रखने की मांग की। मंच ने यह बताया कि डॉ. पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा का योगदान शिक्षा, साहित्य, समाज सुधार, राजनीति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में अतुलनीय रहा है। उनके नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण करना झारखंड राज्य की सांस्कृतिक और शैक्षिक पहचान को और मजबूती देगा।



अबुआ अधिकार मंच का नेतृत्व कर रहें अभिषेक शुक्ला ने कहा, यह मांग राज्य के विभिन्न संगठनों, संस्थाओं, बुद्धिजीवियों और छात्रों द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही है। विश्वविद्यालय का नाम बदलने का यह कदम झारखंड की सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षिक पहचान को न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेगा। मांगपत्र में मंच ने कुलपति महोदय से आग्रह किया कि वे इस प्रस्ताव पर शीघ्र निर्णय लें और इसे अमल में लाने की प्रक्रिया शुरू करें।

कुलपति ने कहा केविश्वविद्यालय प्रशासन इस मामले पर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेगी। मांग पत्र सौंपने वाले में मुख्य रूप से: बिपन कुमार यादव, विक्रम यादव, विशाल कुमार यादव, दलमानी यादव, मनजीत कुमार, अंकित, मनोज कुमार, नेयाज अली, साहिल कुमार, सुमित कुमार, आकाश नयन, अनुज के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## डीजीपी ने साइबर अपराध की रोकथाम के लिए की समीक्षा बैठक, बताया -एपीके एप्लीकेशन से शातिर कैसे करते हैं ठगी

**रांची (एजेंसी):** झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एपीके एप्लिकेशन से संबंधित साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए समीक्षा बैठक की। इस बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के एसपी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य एपीके एप्लिकेशन से जुड़ी धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से बचाव के लिए सुरक्षा नीतियों की व्यापक समीक्षा करना था।



समीक्षा बैठक के दौरान एसपी जामताड़ा ने साइबर अपराध की रोकथाम के बारे में एक प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी असली एप्लिकेशन की तरह दिखने वाली नकली एपीके फाइल्स में मैलवेयर और वायरस छिपाकर यूजर्स के डिवाइस में इंस्टॉल करवा देते हैं। इससे अपराधी यूजर्स का निजी डेटा चोरी कर लेते हैं, बैंकिंग जानकारी प्राप्त करते हैं और डिवाइस को रिमोट कंट्रोल में लेकर अपराध कर लेते हैं।

इस बैठक में यह तय किया गया कि इस तरह के साइबर अपराधों से बचने के लिए लोगों को जागरूक करना और उन्हें सही एपीके फाइल्स डाउनलोड करने के बारे में जानकारी देना बेहद महत्वपूर्ण है। साथ ही, पुलिस अधिकारियों को इस तरह के अपराधों के बारे में और अधिक संवेदनशील बनाने और त्वरित कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश भी दिए गए।

१. केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ऐप्स डाउनलोड करें। २. अपने फोन में विश्वसनीय एंटी वायरस ऐप इस्टॉल करें। ३. अनजान स्रोतों से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें। ४. सिस्टम को हमेशा अपडेट रखना सुनिश्चित करें। ५. सार्वजनिक स्थलों पर ब्लूटूथ और वाई-फाई प्रयोग करने पर विशेष ध्यान दें। ६. संदिग्ध कॉल्स/विज्ञापनों/लिंक/गतिविधि/मुफ्त ऑफर आदि को नजरअंदाज करें। ७. सिस्टम में ऑटोमैटिक डाउनलोड मोड को बद रखना सुनिश्चित करें। ८. साईबर अपराध की रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान में निश्चित रूप से भाग लें।

## पुलिस ने उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर जीतेंद्र सिंह को किया गिरफ्तार

**रांची (एजेंसी):** झारखंड पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति पार्टी (जेजेएमपी) के एरिया कमांडर जीतेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह सफलता पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले की जानकारी पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी।



पुलिस अधीक्षक ने बताया कि २३ जनवरी की रात करीब दस बजे, जीतेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी और उसके अन्य साथी संतोष सिंह, सतेन सिंह, लिटू सिंह, राकेश सिंह उर्फ मोटू, सुकुलदेव उरांव हथियारों के साथ सेमरियाटांड़, बेंदी, लातेहार के युगल किशोर सिंह के घर पर हमला करने पहुंचे थे। उन्होंने घर की छत पर चढ़कर खिड़की-दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया और घर के आंगन में खड़ी एक मोटरसाइकिल को लूट लिया। युगल किशोर सिंह द्वारा इस घटना का आवेदन देने के बाद लातेहार पुलिस ने मामला दर्ज किया (कांड संख्या २०/२५)।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी टीम बनाई गई, जिसमें पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े समेत अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सेमरियाटांड़ गांव के पास आरती भठ्ठा के जंगल से जीतेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर एक लोडेड देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

इस छापामारी में पुलिस टीम के अन्य सदस्य - दुलड़ चौड़े, सअनि रविंद महली, सअनि उमापद महतो, आरक्षी प्रताप भुईंया, सतेंद्र उरांव, चौकीदार मुस्लिम अंसारी और सैट-१ के जवान शामिल थे। पुलिस की यह कार्रवाई एक बड़ी सफलता मानी जा रही है और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

## जैक के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का अब तक नहीं हुआ चयन, टल सकता है मैट्रिक और इंटर एग्जाम

**रांची (एजेंसी):** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कार्यकाल १८ जनवरी को समाप्त होने के बाद से यो दोनों पर खाली पड़े हैं। इसका असर ८वीं से १२वीं तक की बोर्ड परीक्षाओं पर पड़ सकता है, जिनमें २१,८४,२४८ छात्र शामिल होने वाले हैं। परीक्षा को लेकर संशय के कारण छात्रों की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। जैक ने अपरिहार्य कारणों से ८वीं और ९वीं की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। अब १०वीं और १२वीं बोर्ड परीक्षाओं को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है। जानकारी हो कि १०वीं (मैट्रिक) परीक्षा के एडमिट कार्ड २५ जनवरी से डाउनलोड होने थे, लेकिन अब तक जारी नहीं हुए हैं। वहीं १२वीं (इंटर) परीक्षा के एडमिट कार्ड २८ जनवरी से डाउनलोड होने हैं, लेकिन इनके भी समय पर जारी होने को लेकर संशय है। अगर परीक्षा की तारीखों में बदलाव हुआ, तो कई अन्य परीक्षाओं से टकराव की आशंका है।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### आज मौनी अमावस्या---

करेंगे। १२ बजे पर पंचायती नया उदासीन अखाड़ा स्नान करेगा। दोपहर १३.०५ पर पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन स्नान करेगा। सबसे अंत में पंचायती निर्मल अखाड़ा दोपहर २.२५ पर स्नान करेगा। अखाड़े का स्नान लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। महाकुंभ में १४४ साल बाद दुर्लभ शुभ संयोग बन रहा है।

### आज 100वां मिशन---

इसकी पहली पीढ़ी की सैटेलाइट एनवीएस-०१ में था।

### सीमा विवाद सुलझाने के बाद---

के संबंध तोड़ दिए थे। भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान की सेवा बंद थी, लेकिन अब सब नॉर्मल होने जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर यात्रा फिर से शुरू करने पर कैसे चीन मान गया? भारत और चीन के बीच रिश्ते सुधरने की सबसे अहम वजह है बातचीत। २०२० में रिश्तों में दरार पड़ने के बाद दोनों देशों ने लगातार बातचीत की। बातचीत का नतीजा है कि अब दोनों देशों के बीच रिश्ते सामान्य होते नजर आ रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर महीने पीएम मोदी और शी जिनपिंग कजान शहर में ब्रिक्स समिट में मिले थे। दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। इस मुलाकात में ही सीमा पर शांति और दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने पर सहमति बनी थी। इस दौरान सीमा पर तनाव कम करने, कैलाश मानसरोवर यात्रा और डायरेक्ट फ्लाइट की बहाली पर मोदी ने जिनपिंग को समझाया था। जिसके बाद भारत और चीन के बीच बातचीत हुई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से बहाली और सीधी उड़ानों को शुरू होने के पीछे पीएम मोदी और शी जिनिपंग के बीच मुलाकात है।

पीएम मोदी और जिनपिंग की उस मुलाकात के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी समकक्ष वांग यी की मुलाकात हुई थी। दोनों के बीच भारत-चीन सीमा पर सैनिकों की वापसी पर चर्चा हुई साथ ही भारत और चीन के रिश्तों को २०२० से पहले वाली स्थिति में करने पर भी बातचीत हुई थी। इतना ही नहीं, पिछले महीने एनएसए अजीत डोभाल ने बीजिंग का दौरा किया था। इन बातचीत और मुलाकातों ने भारत और चीन के बीच रिश्तों को नया मुकाम दिया। इसका असर हुआ कि अब भारत और चीन के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं। इसका एक और उदाहरण यह भी है कि चीन अब भारत का सबसे बड़ा कारोबारी भागीदार बन चुका है। पहले यह तमगा अमेरिका के पास था।

### आईएसआईएस मॉड्यूल---


थे और उनका पीएमके के नेता वी. रामलिंगम की हत्या में शामिल होना माना जा रहा है। वी. रामलिंगम की २०१९ में हत्या कर दी गई थी। इस मामले को सांप्रदायिक ऐंगल से देखा जा रहा है और जब जांच आगे बढ़ी तो इसमें पीएफआई का नाम सामने आया।

### दाऊद इब्राहिम से संबंध के---

आरोपी ने पुलिस को अनमोल के साथ हुई बातचीत के बारे में भी बताया। एक रिपोर्ट के मुताबिक बातचीत का एक अंश है, राम राम भाई लोग आप सबको लॉरेंस भाई ने भी राम राम बोलने को बोला है। क्या चल रहा है। अपने को एक काम करना है, हिम्मत रखो। बांद्रा में घर के पास रेकी करना है, उसी एरिया में घर भाड़े से ले लो। अपना काम होने के बाद एक फोर व्हीलर गाड़ी और एक फ्लैट हर एक को मिलेगा...। उससे पहले ५ लाख रुपए एडवांस दूंगा। अपने भाई का बदला लेना है। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने दावा किया है कि ये बातचीत शुभम लोनकर और अनमोल के बीच स्पीकर पर हुई है और उस दौरान तीन और आरोपी भी मौजूद थे। चार्जशीट में कहा गया है कि अनमोल ने हत्या की प्लानिंग अपने सहयोगी अनुज थापन की मौत का बदला के लिए की थी।

## हेमंत कैबिनेट की बैठक आज, मंत्रिमंडल सचिवालय ने जारी की अधिसूचना

**रांची (एजेंसी):** हेमंत सरकार कैबिनेट की बैठक आज प्रोजोक्ट भवन धुर्वा में होगी। इस बारे में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि कैबिनेट की बैठक, बुधवार २९ जनवरी को अपराह्न ४ बजे से झारखंड मंत्रालय, प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।



## हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे और ओलंपियन निक्की प्रधान को हरमू में जमीन देगी सरकार, कल सौंपे जायेंगे कागजात

**रांची (एजेंसी):** झारखंड राज्य सरकार भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान और ओलंपियन सलीमा टेटे, और ओलंपियन निक्की प्रधान को हरमू में भूखंड आवंटित करने जा रही है। बुधवार को प्रोजेक्ट भवन के एनेक्सी भवन में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दोनों खिलाड़ियों को भूखंड के कागजात सौंपेंगे। इस मौके पर राज्य सरकार के कई मंत्री भी मौजूद रहेंगे। इस मौके पर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम के आयोजन पर दिशा-निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने १४ अगस्त २०२४ को अपनी ७४वीं बैठक में यह फैसला लिया था कि सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को ३७५० वर्ग फीट जमीन आवंटित की जाएगी। सलीमा टेटे को प्लॉट संख्या १० बी और निक्की प्रधान को प्लॉट संख्या १० ए आवंटित किया जाएगा। कार्यक्रम में दोनों खिलाड़ियों के परिजन और प्रशिक्षकों को भी सम्मानित करने की योजना है। इसके लिए खेल निदेशालय के अधिकारी अपनी तैयारी में जुट गए हैं। सलीमा के पहले कोच को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति बनी हुई है। हॉकी झारखंड से जुड़े एक पदाधिकारी ने सलीमा के पहले कोच होने का दावा किया है, जबकि हॉकी झारखंड ने ५ सितंबर २०२१ को आयोजित अपनी एजीएम के दौरान एक प्रशिक्षक को सलीमा टेटे का पहला कोच बताते हुए पुरस्कृत किया था।

## युवक ने एसिड पीकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**रांची (एजेंसी):** रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली में रहने वाले युवक ने एसिड पीकर आत्महत्या कर ली है। युवक की पहचान इमरान अहमद के रूप में हुई है।

जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और रिम्स पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वहीं मृतक के भाई ने बताया कि उनका भाई एसिड पीकर घर लौटा और जब परिजनों को पता चला तब उसे रिम्स ले जाया गया।

आत्महत्या के पीछे की वजह साफ नहीं हुई है। हालांकि परिजनों ने बताया कि युवक की मानसिक स्थिति थोड़ी खराब थी इस वजह से वह डिप्रेशन की दवाई भी खाता था।

डिप्रेशन की वजह से आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

## सीएम हेमंत सोरेन ने नेशनल बैंड कॉम्पटीशन में प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्राओं से की मुलाकात

**रांची (एजेंसी):** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज नई दिल्ली में २४-२५ जनवरी को आयोजित नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन-२०२५ में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय स्तर के इस बैंड कॉम्पटीशन के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बैंड टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।



उन्होंने कहा कि एक सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने बैंड कॉम्पटीशन के जरिए अपनी प्रतिभा को पूरे देश के समक्ष पेश कर झारखंड का नाम रौशन किया है। उन्होंने बैंड टीम के सभी सदस्यों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वे अलग-अलग क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखार कर सामने ला सकें। यहां के बच्चे-बच्चियों को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए भी सरकार योजना पर तरीके से कार्य कर रही है। बच्चों के एक्स्पोज़र के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

विदित हो कि नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन में प्रथम स्थान हासिल करने वाली इस टीम के द्वारा नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले किया गया। झारखंड के लिए पहला मौका था जब नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में यहां की कोई बैंड टीम शामिल हुई हो। इस अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर शशि रंजन, स्टेट नोडल अफसर धीरसेन सोरेंग, फिजिकल एजुकेशन शिक्षक निशा पन्ना, प्रशिक्षक प्रेम राणा, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ के जरनैल सिंह और अमरवीर सिंह मौजूद थे।



# घर पर आसानी से उगाया जा सकता है हरा धनिया

भारतीय घरों में खाने का जायका बढ़ाने के लिए हरा धनिया का इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए हर रसोई में खाने में स्वाद और फ्लेवर के लिए फ्रेश धनिया गार्निश के लिए डाला जाता है। हालांकि, हर वक्त फ्रेश धनिया लाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। लेकिन अगर हम आपसे कहें कि आप घर में ही फ्रेश धनिया उगा सकती हैं और वो भी 3 तरीकों से।

## सीड्स से उगाएं हरा धनिया

आप अपने गार्डन में हरा धनिया बीज की सहायता से लगा सकती हैं। (सेहत के लिए वरदान है हरा धनिया, डाइट में जरूर करें शामिल) आपको किसी भी प्लांट की शॉप से बीज आसानी से मिल जाएंगे, जिसे आप किसी गमले, कंटेनर या फिर प्लास्टिक की बोतल में मिट्टी की मदद से पौधा लगा सकती हैं। हालांकि, पौधे की ग्रोथ तभी होगी जब आप इसका नियमित रूप से ध्यान रखेंगी जैसे- आप मिट्टी की नमी पर ध्यान दें, पौधे में नियमित रूप से पानी डालें।

## कटिंग से उगाएं हरा धनिया

आप अपने किचन में भी हरा धनिया का पौधा लगा सकती हैं। इसके लिए, आपको बस धनिये के पत्ते की जरूरत होगी। हालांकि, इसके पौधे को सही तरीके से लगाने के लिए आपको मिट्टी सही तरीके से तैयार करनी होगी। साथ ही, आपको बाजार से गमला खरीदकर लाना होगा और इसमें मिट्टी और खाद की मदद से कटिंग लगानी होगी।

## हरा धनिया की जड़ का करें इस्तेमाल

बहुत-सी महिलाएं हरा धनिये की जड़ को बेकार समझकर फेंक देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि आप इसकी जड़ की सहायता से फ्रेश हरा धनिया भी उगा सकती हैं। कहा जाता है कि जड़ से उगाया गया पौधा बीज से ज्यादा अच्छा होता है। साथ ही, इसकी ग्रोथ भी अच्छी होती हैं। इसके लिए बस आपको मिट्टी में जड़ को बोना है और नियमित तौर पर पानी डालना है।

## धनिया उगाने का आसान तरीका

**आवश्यक सामग्री**- कंटेनर/गमला/प्लास्टिक की बोतल, मिट्टी और खाद, कटिंग/बीज, पानी

**विधि** - पौधा लगाने के लिए सबसे पहले आपको गमले का चुनाव करना होगा। आप छोटा गमला सेलेक्ट कर सकती है। गमले का चुनाव करने के बाद आप इसमें मिट्टी डालें और अच्छी तरह से मिला लें। आप पौधे की मिट्टी तैयार करते समय 50% कोको-पीट और 50% वर्मीकम्पोस्ट का इस्तेमाल कर सकती हैं। मिट्टी तैयार करने के बाद आप इसमें पौधे की कटिंग, बीज को अच्छी तरह से लगा दें। कटिंग या बीज को लगाने के बाद आप पौधे में पानी डालें। बस आपका पौधा पूरी तरह से तैयार है। आप इसका नियमित रूप से ध्यान रखें और फ्रेश हरा धनिया आने का इंतजार करें।



# अपने बच्चे को क्रिएटिव थिंकिंग के लिए करें प्रोत्साहित

**हमारी शिक्षा, लाइफ और करियर में क्रिएटिविटी एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह बात छोटे बच्चे को आप कैसे समझाएं? ऐसे में पैरेंट्स यही सोचते हैं कि बच्चों के लिए कैसे प्रोडक्टिव बनाएं।**

क्रिएटिविटी एक ऐसी चीज है, जो आपको जीवन में और बेहतर बनाता है। हालांकि यह एक गलत धारणा है कि रचनात्मकता एक जन्मजात प्रतिभा है। इसमें आप खूब सारे आइडियाज और इमेजिनेशन का यूज करते हैं और कुछ शानदार आर्ट के साथ आते हैं। हमारी शिक्षा, लाइफ और करियर में क्रिएटिविटी एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह बात छोटे बच्चे को आप कैसे समझाएं? ऐसे में पैरेंट्स यही सोचते हैं कि अपने बच्चों को क्रिएटिव थिंकिंग के लिए कैसे प्रोत्साहित करें यह हर मां-बाप सोचता है।

सीनियर क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट कहती हैं, 'बच्चों को नई चीजों को आजमाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्हें उन चीजों के बारे में बताएं और वो चीजें करने के लिए प्रेरित करें, जो उनकी स्कूल करिकुलम का हिस्सा न हों। उनके साथ डॉक्यूमेंट्री देखें और उनसे डॉक्यूमेंट्री के बारे में पूछें।' आइए एक्सपर्ट से जानें कि बच्चों को और किन तरीकों से प्रेरित किया जा सकता है।

## बच्चों को सवाल पूछना सिखाएं

बच्चों में रचनात्मक सोच विकसित करने का एक मेन तरीका यह है कि उन्हें हमेशा सवाल करते रहने के लिए प्रेरित करें।जब भी आप उनके साथ समय बिता रहे हों तो उनसे सवाल पूछें। जैसे आप उनसे छोटे-छोटे सवाल कर सकते हैं। ऐसे में उनके मन में जिज्ञासा बनेगी और वह नई चीजों के बारे में समझने की कोशिश करेंगे। इससे उनके कल्पनाशील कौशल में वृद्धि होगी और समस्या को सुलझाने की क्षमता विकसित होगी।

## अच्छी डॉक्यूमेंट्रीज दिखाएं

एक शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री स्टोरी स्टूडेंट्स की लिटरेसी को सोर्स, स्वयं से और दुनिया से जुड़ाव के साथ बढ़ाने में मदद करती है। यह न केवल दुनिया को समझने और उससे जुड़ने का अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि हमारे आसपास कई चीजों को समझने का भी एक अच्छा तरीका है। अपने बच्चों के साथ कोई भी डॉक्यूमेंट्रीज देखें तो उसकी चर्चा करें। उन्होंने इससे क्या सीखा और क्या समझा जानने की कोशिश करें।

## सामाजिक और भावनात्मक कौशल सिखाएं

अपने बच्चों सामाजिक और भावनात्मक कौशल सिखाना भी बहुत जरूरी है। उन्हें पशु आश्रयों और वृद्धाश्रमों जैसी जगहों पर ले जाएं और स्वयं सेवा का महत्व सिखाएं। जब बच्चे ऐसा करेंगे तो वह औरों के प्रति भी सेंसेटिव अप्रोच रखने में सक्षम होंगे। ऐसी जगहों पर वे महत्वपूर्ण सामाजिक और भावनात्मक कौशल सीख सकेंगे और साथ ही समाज में भी योगदान दे सकेंगे।

## नींद में न करें लापरवाही

इन सबके बाद सबसे महत्वपूर्ण चीज है कि आपका बच्चा पूरी और अच्छी नींद ले। अच्छी नींद का मतलब है कि उसके दिमाग को बेहतर आइडियाज उत्पन्न करने के लिए और नई चीजों पर काम करने के लिए समय मिलेगा। इनोवेटिव आइडियाज तभी आएंगे जब उसके दिमाग को शांति मिलेगी। बाकी एक्टिविटी के साथ उसकी नींद का भी पूरा ध्यान दें।

## उनके साथ क्विज और पजल खेलें

क्विज और पजल जैसे गेम बच्चों के दिमागी विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। पजल आपके बच्चे की समस्या-समाधान और क्रिटिकल थिंकिंग स्किल को विकसित करती हैं, जो बाद में जीवन में अन्य स्किल की महारत के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। पजल्स बच्चों को पैटर्न रिकग्निशन, मेमोरी और ग्रॉस और फाइन मोटर स्किल दोनों में मदद कर सकती हैं। इसलिए उनके साथ पजल खेलें।

## आउटडोर गेम खिलाएं

अपने बच्चों को घर में रहने के लिए ही न कहें। उन्हें बाहर निकालें और कई फन एक्टिविटीज में उन्हें शामिल होने के लिए कहें। बच्चों के साथ आउटडोर गेम्स खेलें। ऐसे में उनकी एक्सरसाइज भी होगी और वे कुछ नया भी सीखेंगे। आप उन्हें तैराकी करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। किसी गेम में जैसे क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन आदि जैसे खेलों में शामिल होने के लिए कह सकते हैं।





# घर में लगाएं ये फूल तनाव होगा दूर

**आजकल के भागदौड़ भरे जीवन में सुकून के दो पल चुराना बेहद मुश्किल हो गया है। बिजी लाइफ स्टाइल की वजह से लोग अक्सर तनाव में रहते हैं। ऐसे में इस तनाव को दूर करने के लिए अधिकतर लोग शहर से दूर बाहर किसी हिल स्टेशन पर जाना पसंद करते हैं। लेकिन हर कोई टेंशन कम करने के लिए हिल स्टेशन नहीं जा सकते हैं। लेकिन इसका ये मतलब नहीं है कि आप तनाव में रहें।**

आप जीवन की टेंशन को घर में ही कम कर सकते हैं। आपके दिमाग में भी यहीं सवाल आया होगा कि कैसे टेंशन कम होगी? घबराइए मत हम आपकी सारी उलझन को दूर कर देंगे। इस लेख में हम आपको कुछ फूल के बारे में बताएंगे, जो आपके घर में खुशियां लेकर आएंगे। साथ ही यह फूल घर के साथ-साथ जीवन को भी महका देंगे।

## चमेली

फूल न केवल घर की सुंदरता को बढ़ाते हैं बल्कि घर का वातावरण भी शुद्ध होता है। ऐसे में आप अपने घर में चमेली के फूल का पौधा लगा सकते हैं। चमेली का फूल अक्सर हर घर में मिल जाता है। इस फूल से पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। फूल की भीनी-भीनी खुशबू आपके घर को खुशनुमा माहौल देगी। कहा जाता है कि चमेली का पौधा लगाने से घर में खुशियां आती हैं।

## कमल

हिंदू धर्म में कमल का फूल बेहद खास माना जाता है। यह फूल मां लक्ष्मी को बेहद प्रिय है। कहा जाता है कि इस फूल को लगाने से घर में लक्ष्मी और सुख-समृद्धि आती है। घर में इस पौधे को लगाना बेहद शुभ माना जाता है।

## मोगरा का फूल

ऐसा कहा जाता है कि घर में मोगरा पौधा लगाने से नकारात्मक ऊर्जा कम हो जाती है। मोगरे के फूल गर्मियों के मौसम में खिलता है। इस फूल की भीनी-भीनी खुशबू आपके तनाव को कम कर देंगे। मोगरा के फूल की खुशबू से घर आपके मन को तरोताजा कर देगी।

## गुलाब

गुलाब का फूल न केवल दिखने में खूबसूरत है बल्कि यह फूल औषधीय गुण से भरपूर है। गुलाब की खुशबू तनाव को दूर करने में मदद करती है, साथ ही इससे रिश्ते की मिठास बनी रहती हैं।

## चम्पा

चम्पा फूल को लगाने से घर का वातावरण शुद्ध होता है। हल्के पीले और सफेद रंग के ये चम्पा के फूल बहुत ही खूबसूरत होते हैं। इस फूल को लगाने से घर में सौभाग्य आता है।

## गुड़हल का फूल

गुड़हल के फूल का उपयोग पूजा-पाठ में किया जाता है। भगवान गणेश को लाल गुड़हल के फूल बेहद पसंद है। ऐसा माना जाता है कि इस फूल को घर में लगाने से सकारात्मक ऊर्जा आती है। लाल गुड़हल के फूल को आप भगवान बजरंगबली को भी अर्पित कर सकते हैं।

## पारिजात

ऐसा माना जाता है कि पारिजात का फूल लगाने से घर में सुख-शांति बनी रहती है। यह फूल रात के समय में खिलते हैं सुबह पेड़ से टूटकर गिर जाते हैं। इस फूल की खुशबू से पूरा घर महक जाता है। सुबह-सुबह घर में भीनी-भीनी खुशबू से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती हैं। पारिजात के फूल को हरसिंगार के नाम से भी जाना जाता है। इस फूल की खुशबू से तनाव कम हो जाता है।



# घर में प्लास्टिक फर्नीचर रखते समय रखें ध्यान

**फर्नीचर हर घर की जरूरत है। आमतौर पर, लोग अपने घर के लिए ऐसे फर्नीचर खरीदना पसंद करते हैं, जो देखने में आकर्षक भी हों और बेहद अफोर्डेबल भी हों। इस लिहाज से प्लास्टिक के फर्नीचर का चयन करना एक अच्छा ऑप्शन माना जाता है। इनमें आपको डिजाइन से लेकर साइज व कलर आदि में एक बिग वैरायटी देखने को मिलेगी।**

यूं तो प्लास्टिक के फर्नीचर का इस्तेमाल करने में कोई समस्या नही है। लेकिन अगर आप प्लास्टिक के फर्नीचर को घर में जगह दे रही हैं, तो आपको वास्तु के कुछ नियमों का ध्यान रखना चाहिए। दरअसल, प्लास्टिक के फर्नीचर को अगर घर में सही तरह से ना रखा जाए तो यह कभी-कभी नकारात्मकता भी पैदा कर सकते है। तो चलिए आज इस लेख में आपको वास्तुशास्त्री डॉ.आनंद भारद्वाज बता रहे हैं कि घर में प्लास्टिक के फर्नीचर रखते समय किन वास्तु टिप्स का ख्याल रखा जाना चाहिए

## कलर का रखें ख्याल

जब आप प्लास्टिक के फर्नीचर का इस्तेमाल कर रही हैं, तो आपको इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि उस फर्नीचर का कलर कैसा है। आमतौर पर, प्लास्टिक के फर्नीचर के लिए क्रीम, व्हाइट, येलो और लाइट कलर का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। कभी भी ब्लैक कलर के प्लास्टिक फर्नीचर को घर में नही रखना चाहिए। वही, आजकल ऐसे प्लास्टिक फर्नीचर भी अवेलेबल हैं, जिसमें एक साथ कई कलर मिक्स होते हैं, बेहतर होगा कि आप उसे भी अवॉयड करें।

## जब करें पूजा

ऐसे कई लोग होते है, जिन्हें घुटनों की समस्या होती है तो वह कुर्सी पर बैठकर पूजा करते हैं। कोशिश करें कि आप जिस कुर्सी का इस्तेमाल पूजा स्थान में कर रहे हैं,, वह प्लास्टिक की ना हो। लेकिन फिर भी अगर आप ऐसा कर रहे हैं, तो कुर्सी पर कोई कपड़ा अवश्य बिछाएं। आपको यह विशेष रूप से ध्यान रखना है कि पूजा करते समय आप प्लास्टिक के डायरेक्ट संपर्क में ना रहें।

## लॉन में करें इस्तेमाल

यूं तो प्लास्टिक के फर्नीचर को लोग घर के किसी भी हिस्से में इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आमतौर पर इस तरह के फर्नीचर को ऐसी जगह रखने की सलाह दी जाती है, जहां पर आप फुर्सत के पल बिताते हो और कोई बहुत आवश्यक या सेंसेटिव काम ना करते हो। इस लिहाज से प्लास्टिक फर्नीचर को घर के पीछे लॉन या फिर सामने खुले आंगन, व छत आदि पर रखना अधिक अच्छा माना जाता है।

## प्लास्टिक का ना हो बेड

कुछ समय पहले तक बेड बनाते समय केवल लकड़ी का ही इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन अब मार्केट में प्लास्टिक के बेड भी मिलने लगे हैं। हालांकि, कभी भी घर में प्लास्टिक के बेड का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। बेड एक ऐसा फर्नीचर है, जिस पर आप एक लंबा समय बिताते हैं। ऐसे में प्लास्टिक की एनर्जी आपकी बॉडी की एनर्जी में नकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। बेड के लिए हमेशा लकड़ी के इस्तेमाल को ही प्राथमिकता दें।

## जब करें स्टडी

आजकल बच्चों की स्टडी टेबल और चेयर प्लास्टिक की मिलती हैं, जिन्हे लोग खरीदना काफी पसंद करते हैं। लेकिन वास्तु के अनुसार बच्चों की स्टडी टेबल और चेयर प्लास्टिक की नहीं होनी चाहिए। इससे बच्चे को पढ़ाई में ध्यान लगाने में समस्या पैदा हो सकती है। बेहतर होगा कि आप उनके लिए लकडी से बने फर्नीचर को प्राथमिकता दे। हालांकि, आप किसी कारणवश प्लास्टिक फर्नीचर का इस्तेमाल कर रहे है तो उस पर कोई कपड़ा बिछा दें।



# अगर पाना चाहते हैं चेहरे पर पिम्पल्स से छुटकारा इस्तेमाल करें चावल का पानी, पिंपल की समस्या भी होगी दूर



**ज्यादातर लड़कियां ऑयली स्किन से परेशान रहती हैं। मानसून के मौसम में नमी के कारण त्वचा अधिक तैलीय और चिपचिपी हो जाती है। इसकी वजह से पिंपल्स और एक्ने जैसी त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। इन समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, जो और भी परेशानियां पैदा करते हैं। अगर आप भी इन समस्याओं से परेशान हैं और कुछ घरेलू उपाय ढूंढ रहे हैं तो आज हम आपको चावल के पानी के उपाय बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं चावल के पानी से जुड़े टिप्स.**

### चावल के पानी के फायदे

क्लींजर के रूप में कार्य करता है

चावल का पानी त्वचा के लिए क्लींजर का काम करता है। इसे हल्के हाथों से रुई की मदद से चेहरे पर लगाएं और सूखने दें। इससे त्वचा साफ हो जाएगी.

### पिंपल की समस्या दूर हो जाएगी

चावल का पानी पिंपल्स के लिए बहुत फायदेमंद होता है, यह पिंपल्स के दाग, सूजन को कम कर सकता है। चावल का पानी नए पिंपल्स को निकलने से रोकता है। चावल के पानी को चेहरे पर लगा रहने दें और सूखने पर धो लें।

### सूखी त्वचा के लिए

अगर आपकी त्वचा बहुत ज्यादा रूखी है तो आप नहाने के पानी में चावल का पानी मिला सकते हैं। इससे आपको काफी राहत मिलेगी.

### बुढ़ापा रोधी लाभ

चावल के पानी में एंटी एजिंग गुण होते हैं। जो त्वचा में कसाव लाता है, त्वचा का रंग साफ करता है। यह त्वचा को हाइड्रेट करता है और उसकी नमी लौटाता है। चावल के पानी को त्वचा पर लगा रहने दें, जब यह सूख जाए तो इसे धो लें।

### घर पर चावल का पानी कैसे बनायें

चावल का पानी बनाने के लिए चावल को एक बाउल में डालें और अच्छी तरह धो लें. - फिर चावल को रात भर भिगोकर रखें. सुबह तक चावल फूल जायेंगे और दाने दिखने लगेंगे. अब इसे छानकर एक बोतल में भर लें. इसे रोजाना टोनर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

# सफेद बालों की समस्या दूर होगी, घर में बना यह तेल, बाल होंगे काले

**आज के समय में ज्यादातर लोग सफेद बालों से काफी परेशान हैं। जवान से लेकर मिड एज वालों के लिए सफेद बालों की समस्या काफी बढ़ती जा रही है। बालों की सफेदी धीरे-धीरे सफेद होने लगेगी कम, बस घर में बना लें यह तेल।**

आजकल युवाओं से लेकर बड़ों लोगों को सफेद बालों की समस्या से जूझ रहे हैं। हमारी जीवनशैली और खानपान का असर हमारे शरीर में जरुर देखने को मिलता है। कई कारण से बालों का सफेद होने की समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। यदि आप भी बालों के सफेद होने से परेशान हैं, तो घर में बने इस हेयर ऑयल को जरुर लगाएं। जो बालों को काला कर देगी और बालों का नेचुरल कलर लौट आएगा।

बालों को काला करने वाला हेयर ऑयल बनाने का तरीका

- 1 कप कलौंजी
- 1 कप सरसों का तेल
- पानी

कैसे बनाएं बालों को काला करने वाला तेल

- इसके लिए आप एक कप कलौंजी को किसी कांच के बर्तन में रातभर के लिए भिगोकर छोड़ दें।
- अगली सुबह इस पानी के साथ कलौंजी को पीसकर पेस्ट बना लें।
- फिर आप किसी लोहे की कड़ाही में ये पेस्ट और सरसों का दो कप तेल डालकर पकाएं। इसे तब तक पकाएं जब तक कि ये पककर आधा ना होने लगे। गैस की फ्लेम को बंद कर दें और ठंडा होने जाने दें।
- अब किसी मलमल के कपड़े से इसे अच्छे से छान लें और तेल को किसी कांच की शीशी में भरकर रख लें और तैयार है बालों को नेचुरली काला करने वाला तेल।

कैसे बालों पर लगाएं यह ऑयल

रात को सोने से पहले आप बालों को जड़ो और जिन जगहों पर बाल सफेद हो रहे हैं वहां हेयर ऑयल लगा लें। पूरी रात के लिए छोड़ दें फिर अगली सुबह शैंपू से बालों को धो लें। लगातार कई सप्ताह बालों में तेल लगाने से बालों का नेचुरल कलर लौट आएगा।





# प्रेशर कुकर में इन चीजों को भूलकर भी न पकाएं, डॉक्टर के मुताबिक बन जाएगा जहर, सेहत हो जाएगी खराब

**प्रेशर कुकर एक ऐसा किचन अप्लायंस है, जिसने हमारे जीवन को काफी आसान बना दिया है. आम खाने को पकाने से लेकर बेकिंग या स्टीमिंग तक, यह एक अप्लायंस सब कुछ कर सकता है.लेकिन रुकिए, क्या आप जानते हैं कि कुछ ऐसे भी खाद्य पदार्थ हैं जिन्हें कभी भी प्रेशर कुकर में नहीं पकाना चाहिए, क्योंकि वे अपना स्वाद और बनावट खो सकते हैं और खाने के पूरे अनुभव को खराब कर सकते हैं. इनमें आलू, चावल और मछली भी शामिल हैं.**

### आलू

भोपाल के आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉक्टर राजेश शर्मा ने कहा कि प्रेशर कुकर में आलू जैसी सब्जी पकाना भी हानिकारिक हो सकता है. दरअसल, प्रेशर कुकर में बनने वाली गर्मी आलू में पाए जाने वाले नेचुरल शुगर को और ज्यादा गर्म कर देती है, जिससे इसके पोषक तत्वों कम हो जाते हैं. इसके अलावा, उबले आलू में अधिक मात्रा में एंटी-न्यूट्रिएंट्स होते हैं, जो बॉडी को सही ढंग से पोषक तत्व प्रदान नहीं करते हैं.

### फ्रिटर्स और फ्राइड फूड्स

कुरकुरे और कुरकुरे फ्रिटर्स या फ्राइड फूड्स खाने की इच्छा है, तो उन्हें प्रेशर कुकर में पकाने से बचना सबसे अच्छा है क्योंकि अगर आप ढक्कन खोलकर भी पकाएंगे तो भी परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं होंगे. ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रेशर कुकर भाप में खाना पकाने के लिए होता है और डीप-फ्राइड फूड्स पकाने से स्वाद और अनुभव खराब हो सकता है.

### मछली पकाने से बचें

इसके अलावा प्रेशर कुकर में मछली पकाने से भी बचना चाहिए, क्योंकि मच्छली को प्रेशर कुकर में पकाने से उसमें मौजूद न्यूट्रिएंट्स और ओमेगा-3 फैटी एसिड्स खत्म हो जाते हैं.

### प्रेशर कुकर में न पकाएं पालक और पत्तेदार सब्जियां

प्रेशर कुकर में पालक, केल और लेट्यूस जैसी पत्तेदार सब्जियां नहीं पकाना चाहिए. यदि कोई शख्स इन पतेदार सब्जियों को प्रेशर कुकर में पकाता है तो इससे पालक के अंदर मौजूद ऑक्सालेट्स घुल सकते हैं, जिसरो किडनी स्टोन हो सकता है. इसके साथ ही यह सब्जियां गूदेदार हो सकती हैं और उनका रंग और स्वाद खराब हो सकता है.

### चावल को प्रेशर कुकर में न पकाएं

अधिकांश लोग चावल को कुकर में पकाते हैं. हालांकि, ऐसा करने आपके सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है. दरअसल, चावल को कुकर में पकाने पर उसमें से स्टार्च एक्रिलामाइड नाम का रसायन निकलने लगता है, जो हेल्थ के लिए नुकसानदेह होता है.

### सब्जियां को कुकर में पकाने से बचें



इतना ही नहीं सब्जियों को भी कुकर में नहीं पकाना चाहिए. कुकर में खाना बनाते वक्त टेंपरेचर काफी हाई होता है. इससे सब्जियों में मौजूद पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं और आपको बॉडी को सब्जी खाने से कोई फायदा नहीं होता.

### केक और बेक्ड सामान

प्रेशर कुकर बेकिंग के लिए डिजाइन नहीं किए गए हैं, इसलिए बेक्ड सामान की बनावट, स्वाद और स्थिरता अलग-अलग हो सकती है.

### क्रीम बेस्ड सूप

झअधिक गर्मी के कारण क्रीम फट सकती है.

### सीफूड

मछली, सीप, झींगा, मसल्स और क्लैम जैसे सीफूड प्रेशर कुकिंग के लिए बहुत नाजुक होते हैं. इन खाद्य पदार्थों के इसमें पकाने से बचें.

### पास्ता

पास्ता स्टार्च से भरपूर होता है और बहुत ज्यादा पानी सोख सकता है, जिससे आपके सॉस की स्थिरता प्रभावित होती है.

### डेयरी प्रोडक्ट्स

तीव्र दबाव डेयरी में मौजूद प्रोटीन को तोड़ सकता है, जिससे यह अलग हो सकता है.



# सब्जी में ज्यादा हो गया है नमक तो न हों परेशान, इन आसान उपायों से चुटकियों में करें बैलेंस

खाना पकाना एक कला है. इसलिए स्वादिष्ट भोजन बनाना हर किसी के लिए संभव नही हो सकता है. सब्जी, दाल या कोई भी ग्रेवी बनाते समय उसमें पर्याप्त मात्रा में नमक, जीरा और इमली डालना बहुत जरूरी है. अगर सब्जी में इनकी मात्रा बढ़ जाए तो इसे खाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है. मसाले यदि ज्यादा हो जाए तो लोग इसे खा सकते हैं, लेकिन नमक ज्यादा हो जाए तो खाना मुश्किल हो जाता है. वहीं नमक का अधिक सेवन कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है.

नारियल का दूध

अगर किसी भी ग्रेवी में नमक ज्यादा हो तो नारियल का दूध निचोड़ कर उसमें मिला सकते हैं. इसके लिए नारियल के दूध में थोड़ा सा पानी मिलाकर ग्रेवी में मिला लें. ऐसा करके आप करी का स्वाद बढ़ा सकते हैं और अधिक नमक को भी संतुलित कर सकते हैं.

दही

अगर सब्जी ज्यादा नमकीन है तो इसमें एक बड़ा चम्मच दही डालें और अच्छी तरह मिला लें. फिर इसे 5 मिनट तक गर्म करें. यह भी नमक कम करने का एक प्रभावी तरीका है.

आलू

सब्जी में नमक ज्यादा होने पर आप उबले आलू का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. यह सबसे आम तरीकों में से एक है. इसके लिए आलू को उबालकर मैश कर लें और सब्जी में डाल दें और कुछ देर के लिए छोड़ दीजिए. इसके अलावा आप कच्चे आलू को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर सब्जी में डाल सकते हैं. इसे कम से कम 15 मिनट से ज्यादा समय तक पकाएं. आलू सब्जी में मौजूद ज्यादा नमक सोख लेगा और नमक की मात्रा को बराबर कर देगा। कुछ देर सब्जी में रहने के बाद आलू को बाहर निकाल लें.

चीनी

अगर सब्जी नमक ज्यादा हो तो थोड़ी चीनी या गुड़ मिला सकते हैं. चीनी की मिठास नमक को कुछ हद तक कम करने में मदद करती है. इसे दाल और अचार में भी आजमाया जाता है. यह न केवल अधिक नमक को कम करेगा बल्कि ग्रेवी का स्वाद भी बढ़ाएगा. लेकिन इस विधि को सभी तरह की ग्रेवी पर न आजमाएं

पानी

यदि ग्रेवी बहुत अधिक नमकीन है, तो इसे कम करने का सबसे आसान तरीका थोड़ा पानी डालना है. इससे नमक की मात्रा को समायोजित करने में मदद मिलेगी.

ताजा मलाई

ताजी क्रीम करी में अतिरिक्त नमक को संतुलित करने में भी मदद करती है. लेकिन पहले आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि करी का स्वाद और ताजी क्रीम का स्वाद एक साथ मिक्स हो जाए. ऐसा करने से करी का स्वाद भी बढ़ जायेगा.

गेहूं का आटा

गेहूं का आटा एक अन्य घटक है जो करी में अतिरिक्त नमक को संतुलित करने में मदद करता है. इसके लिए गेहूं के आटे को गूंथकर छोटी-छोटी गोलियां बनाकर करी में मिला सकते हैं. पंद्रह मिनट तक उबालने के बाद इन्हें हटाया जा सकता है.

टमाटर

अगर चिकन करी और फिश करी में नमक ज्यादा हो जाए तो एक या दो कटे हुए टमाटर या इमली का रस डाल दीजिए. इससे करी में स्वाद भी बढ़ जाएगा और अधिक नमक को संतुलित करने में मदद मिलेगी.

## संक्षिप्त समाचार

### विदेश सचिव मिसरी ने चीन के विदेश मंत्री से की मुलाकात, वांग बोले-दोनों देश शक के बजाय प्रतिबद्धता से करें काम

**बीजिंग, एजेंसी।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात कर द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। मिसरी भारत-चीन संबंधों को बेहतर बनाने के लिए चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के सिलसिले में दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। वांग विदेश मंत्री होने के साथ-साथ सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के शक्तिशाली राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और भारत-चीन सीमा तंत्र के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भारतीय पक्ष के विशेष प्रतिनिधि हैं। मिसरी की यात्रा पिछले महीने विशेष प्रतिनिधि तंत्र के तहत वांग और डोभाल के बीच वार्ता के बाद हुई है। मिसरी के साथ बैठक में वांग ने कहा कि पिछले वर्ष रूस के कजान में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच बैठक के बाद से दोनों पक्षों ने दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को गंभीरतापूर्वक क्रियान्वित किया है, सभी स्तरों पर सक्रिय बातचीत की है तथा चीन-भारत संबंधों में सुधार की प्रक्रिया को गति दी है। सोमवार की बैठक को लेकर चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वांग ने कहा कि दोनों पक्षों को अवसर का लाभ उठाना चाहिए, एक-दूसरे से मुलाकात करनी चाहिए, अधिक ठोस उपाय तलाशने चाहिए, तथा एक-दूसरे पर संदेह, एक दूसरे से अलगाव के बजाय आपसी समझ, आपसी समर्थन को लेकर प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए। वांग ने कहा कि चीन-भारत संबंधों में सुधार व विकास दोनों देशों और उनके लोगों के मौलिक हितों में है, तथा 'ग्लोबल साउथ देशों के वैध अधिकारों व हितों की रक्षा के लिए अनुकूल है। वांग ने कहा कि भारत और चीन के बीच अच्छे संबंध एशिया और दुनिया की दो प्राचीन सभ्यताओं की शांति, स्थिरता, विकास और समृद्धि में योगदान देने के लिए भी अनुकूल हैं।

### पाकिस्तान में वरिष्ठ पत्रकार आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार

**इस्लामाबाद एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने एक वरिष्ठ पत्रकार को पंजाबी अधिकारियों की हत्या को वैध बताने पर आतंकवाद के आरोपों के तहत गिरफ्तार किया है। दैनिक 'खबरें के पूर्व संपादकीय प्रभारी और कई पुस्तकों के लेखक राज़िश लियाकतपुरी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। लियाकतपुरी लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर रहीम यार खान जिले से ताल्लुक रखते हैं। पत्रकार पर इलेक्ट्रॉनिक अपराध निवारण अधिनियम (पीईसीए) की विभिन्न धाराओं के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया, पुलिस ने पत्रकार और लेखक राज़िश लियाकतपुरी के खिलाफ आतंकवाद और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखकर पंजाबी अधिकारियों की हत्या को कानूनन सही बताया था और पंजाब में एक नए प्रांत - सरायकिस्तान - को पंजाबी प्रशासन के चंगुल से मुक्त करने की मांग की थी। राज़िश के परिवार और लियाकतपुर के पत्रकारों ने आरोप लगाया कि उन्हें तीन दिन पहले पुलिस की छापेमारी के बाद हिरासत में लिया गया था। उन्हें अज्ञात स्थान पर अवैध हिरासत में रखा और शनिवार रात तक उनकी गिरफ्तारी नहीं दिखाई और रविवार तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। 'डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, राज़िश के परिवार और लियाकतपुर के पत्रकारों ने आरोप लगाया कि सराइकी भाषा के लिए आवाज उठाने के कारण उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

### रूस ने पूर्वी यूक्रेन के अहम शहर पर कब्जा करने का दावा किया

**मास्को एजेंसी।** रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के औद्योगिक केंद्र पर कीव की पकड़ को कमजोर करने के मकसद से जारी अपने अभियान के तहत पूर्वी यूक्रेन के रणनीतिक रूप से अहम एक शहर पर कब्जा कर लिया है। रूस ने रविवार को यह दावा किया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने वेलीका नोवोसिल्का पर कब्जा किए जाने की घोषणा की। युद्ध से पहले इस शहर की आबादी करीब 5,000 थी। बहरहाल, रूस के इस बयान की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी। उसके सैनिक रणनीतिक कदम उठाते हुए केवल कुछ क्षेत्रों से वापस आए हैं। अगर शहर पर कब्जे की पुष्टि हो जाती है, तो पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में रूस के हमलों के बीच वेलीका नोवोसिल्का पहला ऐसा अहम शहर होगा।

# यूके में में 200 कंपनियों ने अपनाया 4 दिन काम और 3 दिन छुट्टी

**कर्मचारियों की हो गई बल्ले-बल्ले**



**लंदन, एजेंसी।**
यूके में कर्मचारियों के लिए गुड न्यूज सामने आई है। एक तरफ भारत में जहां कुछ लोग 70 से 90 घंटे काम करने की सलाह दे रहे हैं, वहीं यूके की कम से कम 200 कंपनियों ने ऐसा फैसला लिया है, जो कर्मचारियों के लिए काफी अच्छा है।

कम से कम 200 ब्रिटिश कंपनियों ने अपने सभी कर्मचारियों के लिए बिना किसी सैलरी कम किए हफ्ते में चार दिन काम करने के लिए हस्ताक्षर किए हैं। द गार्जियन की एक रिपोर्ट में 4 डे वीक फाउंडेशन के हवाले से कहा गया है कि कुल मिलाकर ये 200 कंपनियां 5,000 से अधिक लोगों को रोजगार देती हैं और इन चैरिटी में मार्केटिंग और टेक्नोलॉजी फर्मों का प्रतिनिधित्व सबसे अच्छा है। 4 डे वर्किंग के समर्थकों का मानना है कि 5 डे वर्किंग पैटर्न पुराने आर्थिक युग से विरासत में मिला है । पैटर्न में बदलाव का एलान करते हुए, फाउंडेशन के अभियान निदेशक जो राइल ने कहा 9-5, 5 दिन वर्किंग पैर्टन 100 साल पहले बना था और अब यह आज के समय के हिसाब से सही नहीं है। हमें लंबे समय से इसमें अपडेट की आवश्यकता है।

फाउंडेशन के अभियान निदेशक ने आगे कहा कि 50 प्रतिशत अधिक खाली समय के साथ, चार दिन काम करने से लोगों को अधिक खुशहाल, अधिक संतुष्टिदायक जीवन जीने की आजादी मिलेगी।

सैकड़ों ब्रिटिश कंपनियां और एक स्थानीय परिषद पहले ही दिखा चुकी है कि बिना सैलरी कम किए चार दिन का हफ्ता वर्कर और एम्पलॉयर दोनों के लिए फायदेमंद हो सकता है। इस बदलाव को सबसे पहले लगभग 30 मार्केटिंग, विज्ञापन और प्रेस संबंध फर्मों की तरफ से अपनाया गया था। इस मुकदमे का पालन 29 चैरिटी, एनजीओ और सामाजिक देखभाल उद्योग-आधारित संगठनों और 24 टेकनॉलिजी, आईटी और सॉफ्टवेयर फर्मों द्वारा किया गया था। बाद में बिजनेस, कंसल्टिंगऔर प्रबंधन क्षेत्रों की अन्य 22 कंपनियां भी इसमें शामिल हो गईं और स्थायी रूप से कर्मचारियों को चार दिन काम करने का ऑफर दिया गया। इस कदम को उप प्रधान मंत्री एंजेला रेनर सहित लेबर पार्टी के कई वरिष्ठ राजनेताओं का समर्थन मिला। हालांकि, सत्ता हासिल करने के बाद से पार्टी ने आधिकारिक तौर पर इस नीति को नहीं अपनाया है। अब तक, कुल 200 कंपनियां हफ्ते में 4 दिन काम करने के नियम को लागू कर चुकी हैं, जिनमें लंदन की 59 कंपनियों का नेतृत्व है। कर्मचारी, जो अभी भी दूर से काम करने का आनंद ले रहे हैं, बैक-टू-ऑफिस जनादेश के खिलाफ काम कर रहे हैं। यह तब देखा गया जब स्टार्लिंग बैंक के कर्मचारियों के एक समूह ने इस्तीफा दे दिया क्योंकि मुख्य कार्यकारी ने मांग की कि हजारों कर्मचारी उसके कार्यालयों में अधिक बार आएं।

# चुन-चुन कर बदला ले रहे ट्रंप!

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब से सत्ता संभाली है वो लगातार कड़े एक्शन लेते जा रहे हैं। उन्होंने डब्ल्यूएचओ से अमेरिका के बाहर होने, अमेरिका सीमा पर इमरजेंसी घोषित करने समेत कई बड़े निर्णय लिए हैं। ट्रंप ने अपने शपथ में ही साफ कर दिया था कि वो अपने राजनीतिक दुश्मनों को नहीं छोड़ेंगे। इसी बीच अब उन्होंने उनके खिलाफ 2020 में खुफिया दस्तावेज रखने का आरोप लगाने वाले अधिकारियों को बाहर का रस्ता दिखा दिया है। न्याय विभाग ने एक दर्जन से अधिक अधिकारियों को नौकरी से निकाल दिया, जिन्होंने पूर्व विशेष वकील जैक स्मिथ द्वारा डोनाल्ड ट्रंप की 2020 के चुनाव में हार के बाद की गई कार्रवाइयों की जांच पर काम किया था।



विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल जेम्स मैकहेनरी ने अधिकारियों को इसलिए हटाया क्योंकि उन्हें विश्वास नहीं था कि जांच में उनकी भूमिका के कारण उन कर्मचारियों पर राष्ट्रपति के एजेंडे को लागू करने के लिए भरोसा किया जा सकता है।

हालांकि, अभी ये स्पष्ट नहीं है कि स्मिथ की टीम के किन अधिकारियों को निकाला गया है। स्मिथ ने ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद उनके खिलाफ दोनों मामलों को वापस ले लिया था। उन्होंने न्याय विभाग की नीति का हवाला दिया, जो मौजूदा राष्ट्रपतियों के खिलाफ मुकदमा चलाने पर रोक लगाती है।

जानकारी के अनुसार, पिछले सप्ताह जिन अधिकारियों को यह सूचित किया गया था कि उन्हें ट्रंप की शीर्ष प्राथमिकताओं, विशेष रूप से आव्रजन प्रवर्तन पर काम करने के लिए फिर से नियुक्त किया जा रहा है, उनके अलावा अन्य अधिकारियों को भी निकाला गया है। फॉक्स न्यूज ने पहले इन अधिकारियों को निकाले जाने की सूचना दी थी।

# अमेरिका पर होने वाला है मिसाइल अटैक ट्रंप ने दिया आयरन डोम बनाने का इमरजेंसी ऑर्डर

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी कर रहे हैं। उनके आदेशों को दुनिया गौर से देख रही है। कुछ फैसले ऐसे हैं, जो काफी चर्चाओं में भी है।

इसी बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका में आयरन डोम सिस्टम की तरह अगली पीढ़ी की मिसाइल रक्षा प्रणाली का निर्माण करने का आदेश दिया है। बता दें कि हमास की ओर से दागी गई मिसाइलों के हमले से बचने के लिए इजरायल आयरन डोम सिस्टम का इस्तेमाल करता आया है।



सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अगली की पीढ़ी रक्षा कवच अमेरिका को बैलिस्टिक, हाइपरसोनिक, एडवांस क्रूज मिसाइलों और अन्य हवाई हमलों से बचाएगा। अमेरिका के नए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के पदभार ग्रहण के दिन रिपब्लिकन कांग्रेस की बैठक में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि इजरायल के पास आयरन डोम है। उनके पास मजबूत मिसाइल डिफेंस सिस्टम है। इजरायल पर 342 मिसाइलें दागी गई थीं लेकिन इनमें से सिर्फ एक मिसाइल ही थोड़ी बहुत निशाने पर लगी थी। अन्य देशों के पास इस तरह का सिस्टम क्यों नहीं होना चाहिए और हमारे पास ऐसा क्यों नहीं है ट्रंप ने आगे कहा कि हम हमारे देश के लिए ऐसा ही आयरन डोम बनाएंगे और ये सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी हमारे देश की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सके और हमारे लोगों को नुकसान नहीं पहुंचा सके। हालांकि, ट्रंप ने यह नहीं बताया कि अमेरिका को किस देश से खतरा है। हालांकि, ट्रंप किस देश से कब पंगा ले लें, इसका अंदाजा लगा पाना काफी मुश्किल है। आयरन डोम एक एयर डिफेंस सिस्टम है। इजरायली सेना का दावा है कि उसका आयरन डोम सिस्टम दुश्मन की 90 फीसद मिसाइलों को हवा में ही ध्वस्त कर देता है। यह एयर डिफेंस सिस्टम दुश्मन के ड्रोन को भी नेस्तनाबूंद कर देता है। इजरायली कंपनी राफेल एडवांस डिफेंस सिस्टम और इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने इस एयर डिफेंस सिस्टम को बनाया है। यह दिन-रात समेत किसी भी मौसम में मार करने में सक्षम है। यह एक ग्राउंड-टू-एयर डिफेंस सिस्टम है, जो रडार और तामिर इंटरसेप्टर मिसाइलों से लैस है। रडार दुश्मन मिसाइलों की जानकारी देता है और बताता है कि मिसाइल या रॉकेट कहां गिर सकता है और यह कितनी दूर है। इसके बाद इंटरसेप्टर मिसाइलें अपना काम करती हैं और हवा में ही दुश्मन रॉकेट ध्वस्त कर दिए जाते हैं।

# जल्द अमेरिका का दौरा करेंगे पीएम मोदी, ट्रंप ने खुद बताया समय



**वाशिंगटन, एजेंसी।**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की। दोनों में भारत और अमेरिका के रिश्तों को और बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। ट्रंप ने खुद पीएम मोदी से बातचीत के बारे में बताया है। फिर से राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद ट्रंप की मोदी के साथ यह पहली बातचीत थी। ट्रंप ने बताया कि मोदी फरवरी में अमेरिका का दौरा करेंगे। ट्रंप ने कहा कि भारत अवैध अप्रवासियों को वापस लेने के मामले में सही कदम उठाएगा और उन्होंने मोदी के साथ अप्रवासन पर चर्चा की।

इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को और ऊंचाई पर ले जाने, वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। ट्रंप ने 20 जनवरी, 2025 को ही अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली है।

अपने प्रिय मित्र डोनाल्ड ट्रंप से बात करके अत्यंत खुशी हुई। उनकी ऐतिहासिक विजय और दोबारा राष्ट्रपति बनने पर उन्हें बधाई दी। हम एक-दूसरे को लाभ पहुंचाने वाली और भरोसेमंद साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने लोगों की भलाई, वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे।

**ट्रंप के शपथ समारोह में शामिल नहीं हुए थे पीएम:** ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के शामिल होने की चर्चा थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हालांकि, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उस समारोह में मोदी के विशेष प्रतिनिधि के रूप में शिरकत की।

**इन मुद्दों पर हुई दोनों में बात=:** इस बीच, पीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मोदी और ट्रंप ने प्रौद्योगिकी, व्यापार, निवेश, ऊर्जा और रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा की। साथ ही वैश्विक मुद्दों मसलन पश्चिम एशिया और यूक्रेन की स्थिति को लेकर भी बातचीत की। दोनों नेताओं ने जल्द मिलने पर भी सहमति जताई।वैसे ट्रंप प्रशासन ने भारत के साथ अपने संबंधों को लेकर अब तक मिले-जुले संकेत दिए हैं।

**18 हजार भारतीय भेजे जा सकते हैं वापस** : विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहली मुलाकात जयशंकर से की, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के सभी आयामों पर चर्चा हुई। अमेरिकी पक्ष ने अवैध रूप से रह रहे 18 हजार भारतीयों को वापस भेजने का मुद्दा उठाया है। इसके अलावा, ट्रंप ने उन देशों के आयात पर अधिक शुल्क लगाने का भी एलान किया है जो अमेरिकी उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाते हैं। हालांकि, भारत को अभी तक इस सूची में शामिल नहीं किया गया है।

# कैपिटल हिल के हमलावरों ने ट्रंप की माफी ठुकराई, कहा- हमारी करतूत माफी के योग्य नहीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
छह जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल हिल पर हिंसा के सिलसिले में दोषी ठहराए गए कम-से-कम दो लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दिए गए क्षमादान को अस्वीकार कर दिया है। जैसन रिडल और पामेला हेम्पहिल का मानना है कि अमेरिकी संसद के सामने उनका कृत्य क्षमा योग्य नहीं था। ट्रंप द्वारा दिए गए क्षमादान को स्वीकार करने से इस प्रचार को बढ़ावा मिलेगा कि हिंसा वास्तव में एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन था। 71 वर्षीय हेम्पहिल ने कहा कि वह 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडन की ट्रंप पर जीत की औपचारिक घोषणा रोकने के प्रयास में अपनी भूमिका की जिम्मेदारी ले रही हैं। हेम्पहिल को दोषी करार दिए जाने के बाद 60 दिन की जेल की सजा मिली थी। अमेरिकी नौसेना में काम कर चुके रिडल ने कहा कि ट्रंप का क्षमादान अस्वीकार करने से उनके रोजगार की संभावना बेहतर होगी। रिडल को 90 दिन जेल और 750 डॉलर जुर्माने की सजा मिली थी। ट्रंप प्रशासन ने यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट के लगभग 60 वरिष्ठ कैरियर अधिकारियों को छुट्टी पर भेज दिया है। अमेरिका द्वारा दुनियाभर में यूएस सहायता पर रोक लगाने के बाद यह फैसला लिया गया है। प्रशासन ने शनिवार को कर्मचारियों से अपील की है कि वे वाशिंगटन द्वारा ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति के अनुरूप दुनिया भर में सहायता आवंटित करने के तरीके को बदलने में मदद करें। यह भी कहा गया है कि अगर किसी अधिकारी ने आदेश की अनदेखी की तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# चीन की प्रयोगशाला से ही हुई कोरोना की उत्पत्ति ! दुनिया में जानबूझकर फैलाया गया था वायरस

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने कोरोना वायरस को लेकर नया खुलासा किया है । सीआईए का मानना है कि कोविड-19 महामारी के लिए जिम्मेदार वायरस की उत्पत्ति प्रयोगशाला से ही हुई है और इसे दुनिया में जानबूझकर फैलाया गया। सीआईए के एक आकलन के अनुसार, यह आशंका चीन पर उंगली उठाती है, हालांकि खुफिया एजेंसी को अपने निष्कर्षों पर पूर्ण विश्वास नहीं है। यह निष्कर्ष किसी नयी खुफिया जानकारी का परिणाम नहीं है, तथा शनिवार को जारी की गई रिपोर्ट पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन और पूर्व सीआईए निदेशक विलियम बर्न्स के आदेश पर पूरी की गई है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एजेंसी का नेतृत्व करने के लिए चुने गए जॉन रैटक्लिफ के आदेश पर इस रिपोर्ट को शनिवार को सार्वजनिक किया गया। सीआईए का सूक्ष्म निष्कर्षों के आधार पर मानना है कि साक्ष्यों की समग्रता से यह पता चलता है कि कोविड-19 के लिए जिम्मेदार कोरोना वायरस की उत्पत्ति प्राकृतिक उत्पत्ति की तुलना में प्रयोगशाला में होने की अधिक आशंका है। सीआईए के प्रमुख रैटक्लिफ ने फॉक्स न्यूज को बताया, ''मुझे अपने पहले दिन ही बाइडेन प्रशासन में वास्तव में हुए एक आकलन को सार्वजनिक करने का अवसर मिला। इसलिए इस पर राजनीतिक होने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने कहा कि सीआईए ने यह आकलन किया है कि दुनिया भर में इतनी तबाही मचाने वाली इस महामारी का सबसे संभावित कारण वुहान में एक प्रयोगशाला से संबंधित घटना थी। ''और इसलिए हम आगे भी इसकी जांच जारी रखेंगे।



# डब्ल्यूईएफ का काला सच: जिस्मफरोशी वाली पार्टियों में 9-9 करोड़ में बुक हुई गर्ल्स... रिपोर्ट से दुनिया में मचा तहलका

**न्यूयार्क एजेंसी।**
विश्व आर्थिक मंच की पांच-दिवसीय वार्षिक बैठक शुक्रवार को समाप्त हुई। विश्व आर्थिक मंच की इस सलाना बैठक में 130 देशों के 3,000 से अधिक दुनियाभर के नेताओं ने भी हिस्सा लिया लेकिन इस सम्मेलन के खत्म होने के बाद एक रिपोर्ट ने पूरी दुनिया में तहलका मचाकर रख दिया है। बताया जा रहा है कि दावोश में विश्व आर्थिक मंच में शामिल होने आए लोगों ने जमकर सेक्स पार्टियां की हैं।

एस्कॉर्ट एजेंसियों ने खुलासा किया है कि इस कार्यक्रम में सेक्स पार्टियों, वेश्याओं और ट्रांससेक्सुअल महिलाओं के लिए खूब मांग रही। आइए आपको बतातें है कि इस पूरे मामले का आखिरकार काला सच क्या है

रिपोर्ट में दावा किया है कि दावोस में डब्ल्यूईएफ के दौरान दुनिया के सबसे अमीर लोगों ने सेक्स पार्टियों और एस्कॉर्ट्स (वेश्याओं) की सेवाएं बड़े पैमाने पर लीं।

इस साल की बैठक में लगभग 3,000 व्यापारिक और राजनीतिक नेता शामिल हुए थे लेकिन इसके साथ ही सेक्स पार्टियों और ट्रांसजेंडर महिलाओं की भारी मांग भी चर्चा का विषय बन गई। एक वेबसाइट, जो डेट्स यू पे फॉर (भुगतान कर मिलने वाले साथी) की सेवा प्रदान करती है ने खुलासा किया कि इस आयोजन के दौरान कई लोगों ने सेक्स ऑर्गी (समूह सेक्स पार्टियों) का आयोजन किया।

एक एस्कॉर्ट एजेंसी के प्रवक्ता एंड्रियास बर्गर ने बताया कि इस साल दावोस और आसपास के इलाकों में 300 महिलाओं और ट्रांस महिलाओं को बुक किया गया। यह संख्या पिछले साल की 170 महिलाओं से काफी ज्यादा थी। एस्कॉर्ट एजेंसी लिया मॉडल्स ने बताया कि डब्ल्यूईएफ जैसे बड़े आयोजनों में एस्कॉर्ट्स की मांग बहुत बढ़ जाती है क्योंकि इस बैठक में दुनिया भर से कई अमीर और उच्च-श्रेणी के लोग आते हैं। डब्ल्यूईएफ जैसी बैठकों में अमीर लोग अपने पैसे खर्च करने में हिचकिचाते नहीं हैं। कई एस्कॉर्ट एजेंसियों ने बताया कि उनके ग्राहक अक्सर सीईओ और बड़ी कंपनियों के मालिक होते हैं जो सेक्स पार्टियों और साथ बिताने के लिए भारी रकम चुकाते हैं।

डब्ल्यूईएफ की बैठक जहां एक ओर वैश्विक निवेश और व्यापार को बढ़ावा देने का मंच है वहीं इस पर लगे सेक्स पार्टियों और वेश्यावृत्ति के आरोपों ने इसकी छवि पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह रिपोर्ट यह भी दिखाती है कि इन आयोजनों के पीछे सिर्फ व्यापारिक फैसले ही नहीं बल्कि अनैतिक गतिविधियां भी छिपी रहती हैं।

अंडर-19 विश्व कप

# तृषा की शतकीय पारी, भारत ने स्कॉटलैंड को 150 रन से रौंदा

कुआलालंपुर (एजेंसी)। सलामी बल्लेबाज तृषा गोंगाडी ने अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का पहला शतक जड़कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया जिससे भारत ने मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को 150 रन से करारी शिकस्त दी। सलामी बल्लेबाज तृषा ने 59 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 110 रन की पारी खेली। उन्होंने पहले विकेट के लिए कमालिनि जी (42 गेंद में 51 रन) के साथ 147 रन की साझेदारी करने के बाद सानिका चालके (20 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी की।



भारत ने ग्रुप एक के इस मैच में 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 14 ओवर में 58 रन पर आउट कर दिया। स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज पिप्पा केली (12) और एम्मा वालसिंघम (12) शीर्ष स्कोरर रहीं। बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन पर चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा ने पांच रन पर तीन विकेट लिये जबकि बल्ले से कमाल करने वाली तृषा ने छह रन देकर तीन बल्लेबाजों को चलता किया।

ग्रुप के अन्य मैच में बांग्लादेश ने अपने अभियान का अंत सुपर सिक्स चरण में वेस्टइंडीज पर 10 विकेट की जीत के साथ किया। वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 54 रन पर रोकने के बाद बांग्लादेश ने जुएरिया फिरदौस के नाबाद 25 रन की मदद से 13 ओवर में जीत दर्ज की। इस जीत से टीम ग्रुप एक में तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप दो में बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका का मैच शुरू हुए बिना रद्द हो गया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। इस मैच से एक अंक मिलने के बाद अमेरिका ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

# मोहम्मद सिराज की डेटिंग की अफवाह छूमंत्र, स्टोरी शेयर कर लिखा- वो मेरी बहन है

मुंबई (एजेंसी)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की आशा भोसले की पोती जानाई भोसले के साथ बीते दिनों एक तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। मशहूर युवा गायिका जानाई ने अपने 23वें जन्मदिन पर इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर की थी। एक तस्वीर में उनके साथ सिराज भी थे। उक्त खास तस्वीर में दोनों हंसी-मजाक करते नजर आए। कुछ ही समय में, फोटो इंटरनेट पर सामने आ गई और कई प्रशंसकों ने यह मान लिया कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इससे पहले कि अफवाहें और बढ़ें। जानाई ने सिराज के साथ भाई-बहन वाले रिश्ते का खुलासा कर दिया। जानाई ने सिराज से मुलाकात करते हुए अपनी पोस्ट साझा करने के लिए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी का सहारा लिया। तेज गेंदबाज ने भी उनका दोबारा जिक्र करते हुए उन्हें 'बहन' कहा।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद सिराज फिलहाल भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर हैं। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ भारत की मौजूदा सफेद गेंद श्रृंखला और आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं चुना गया है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जाने वाली टीम में तेज गेंदबाजी बैकअप की कमी पर चिंता व्यक्त की और सुझाव दिया कि जसप्रीत बुमराह की अनिश्चित फिटनेस को देखते हुए सिराज को शामिल किया जा सकता था। बुमराह इस समय चोट से उबर रहे हैं। इरफान ने कहा कि आपको एक बैकअप तेज गेंदबाज की जरूरत है। सिराज एक अच्छा विकल्प हो सकता था। दुबई में, चार स्पिनरों को खिलाना व्यवहार्य नहीं है। उम्मीद है कि चयनकर्ता उनका समर्थन करेंगे।जानाई भोसले जल्द ही 'द प्राइड ऑफ भारत-छत्रपति शिवाजी महाराज' में नजर आएंगी। वह संदीप सिंह की फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज की पत्नी रानी साई भोंसले की भूमिका निभाती नजर आएंगी। वह एक गायिका और नर्तकी हैं। युवा स्टार जल्द अपना गाना 'केहंदी है' रिलीज करने के लिए तैयार है। जानाई ने बीते दिनों अपना 23वां जन्मदिन मनाया था। उनके जन्मदिन समारोह की एक तस्वीर में श्रेयस अय्यर, सिद्धेश लाड और सुयश प्रभुदेसाई सहित अन्य क्रिकेटर भी दिखे थे। उक्त पार्टी में बिग बॉस की प्रतियोगी आयशा खान, 'मुंज्या' अभिनेता अभय वर्मा, जैकी श्रॉफ और आशा भोंसले भी मौजूद रहीं।

# पार्ल रॉयल्स की एसए-20 में रिकॉर्ड जीत, डरबन्स सुपर जाइंट्स बाहर

पार्ल (एजेंसी)। पार्ल रॉयल्स ने एसए-20 लीग में डरबन्स सुपर जाइंट्स (डीएसजी) को छह विकेट से हराकर घरेलू मैदान पर सभी पांच मैच जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है जब प्रतियोगिता के लीग चरण में कोई टीम घरेलू मैदान पर अजेय रही है। डीएसजी की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है क्योंकि पिछले सत्र की उप विजेता टीम अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकती। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे सुपर जाइंट्स ने 33 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 55) के नाबाद अर्धशतक और केन विलियमसन (45) के साथ उनकी 53 रन की साझेदारी की बदौलत टीम सात विकेट पर 143 रन बनाने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से ब्योर्न फोरटुइन ने 20 जबकि क्वेन मफाका ने 22 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।



रॉयल्स ने इसके जवाब में रूबिन हरमन की 59 रन की पारी और हुआन ड्रे-प्रिटोरियस (43) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 91 रन की साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत से रॉयल्स की टीम आठ मैच में सात जीत से 28 अंक के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। डीएसजी की टीम नौ मैच में सिर्फ एक जीत से आठ अंक के साथ अंतिम पायदान पर है।

## दिनेश कार्तिक ने धोनी को पछाड़ा, सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बने



नईदिल्ली (एजेंसी)। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक जो वर्तमान में एसए 20 2025 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं, ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। 39 वर्षीय कार्तिक 27 जनवरी को डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ 15 गेंदों पर 21 रन बनाकर टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए। कार्तिक ने अब टी20 में 361 पारियों में 7,451 रन बनाए हैं और इस तरह उन्होंने भारत के दिग्गज विकेटकीपर एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने अब तक 342 पारियों में 7,432 रन बनाए हैं। धोनी के पास आगामी आईपीएल सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए इस रिकॉर्ड को फिर से अपने नाम करने का मौका होगा।

कार्तिक अब टी20 में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपरों में सबसे आगे हैं, लेकिन आईपीएल में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपरों का रिकॉर्ड अभी भी धोनी के नाम है। लीग में धोनी के नाम 5,125 रन हैं और दूसरे नंबर पर कार्तिक हैं जिनके नाम 4,463 रन हैं। एसए20 में कार्तिक की टीम पार्ल रॉयल्स ने मौजूदा सीजन में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अब तक अपने 8 में से 7 मैच जीते हैं और फिलहाल 28 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। दिलचस्प बात यह है कि पार्ल रॉयल्स हाल ही में फ्रैंचाइजी क्रिकेट में पहली ऐसी टीम भी बनी है जिसने अपने सभी ओवर केवल स्पिनरों से ही कराए।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल

मेलबर्न (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में महिला एकल चैंपियन मैडिसन कीज ने सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए विश्व रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए फिर से शीर्ष 10 में जगह बनाई जबकि पुरुष वर्ग के चैंपियन यानिक सिनर ने एटीपी सूची में अपनी महत्वपूर्ण बढ़त बनाए रखी। कीज ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका पर तीन सेट की जीत के साथ अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।



इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। कीज महिला वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली अमेरिका की चौथी खिलाड़ी है। उनके अलावा कोको गॉफ (नंबर तीन), जेसिका पेगुला (नंबर छह) और एम्मा नवारो (नंबर नौ) शीर्ष 10 में शामिल अन्य अमेरिकी खिलाड़ी हैं। सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताब की हैट्रिक पूरी नहीं कर पाई लेकिन वह नंबर एक पर बनी हुई हैं। उनके बाद इगा स्वियातेक का नंबर आता है जो सेमीफाइनल में कीज से हार गई थी।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क्विनवेन तीन स्थान गिरकर आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि पाओला बडोसा मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गईं। पुरुषों के वर्ग में चोटी के चार खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछले साल जून से नंबर एक पर काबिज सिनर इस स्थान पर बने हुए हैं जबकि फाइनल में उनसे हारने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

उनके बाद कार्लोस अलकराज और टेलर फ्रिट्ज का नंबर आता है। पांव की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सेमीफाइनल से हटने वाले नोवाक जोकोविच एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि दानिल मेदवेदेव दो पायदान नीचे सातवें स्थान पर फिसल गए हैं।

# न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर को चुना गया आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर

दुबई (एजेंसी)। न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर एमेलिया केर ने मंगलवार को प्रतिष्ठित राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी पाने वाली अपने देश की पहली क्रिकेटर बनकर इतिहास रच दिया जब उन्हें 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया।



24 साल की एमेलिया ने लॉरा वोलवार्ट, चामरी अटापट्टू और अनाबेल सदरलैंड जैसी स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़कर महिला क्रिकेट का शीर्ष सम्मान हासिल किया। अमेलिया ना केवल राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी जीतने वाली न्यूजीलैंड की पहली खिलाड़ी हैं, बल्कि किसी भी श्रेणी में आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर बनने वाली अपने देश की पहली खिलाड़ी भी हैं।

पूरे साल के दौरान अमेलिया ने खेल के हर विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्व स्तरीय ऑलराउंडर के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनके बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने न्यूजीलैंड को कई मौकों पर मुश्किल से उबारा जबकि लेग स्पिनर के रूप में उनके कौशल ने उन्हें दुनिया की सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया।

अमेलिया ने कई मौकों पर गेंद से अपनी टीम के लिए मैच विजेता की भूमिका निभाई। बल्ले से वह न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा रहीं। उन्होंने शीर्ष क्रम की अच्छी शुरुआत का फायदा भी उठाया और शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने पर पारी को संभालने में भी सक्षम रहीं।

पहली बार 2017 में शुरू की गई राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी को अमेलिया से पहले सिर्फ तीन खिलाड़ियों को दिया गया है जिसमें ऑस्ट्रेलिया की एलिस पैरी, भारत की स्मृति मंधाना और इंग्लैंड की नैट स्काइवर-ब्रंट शामिल हैं। इन तीनों ने 2-2 बार यह पुरस्कार जीता है।

कोंस्टास या हेड

# श्रीलंका के खिलाफ किसे मिलेगी टीम में जगह, स्मिथ ने कर दिया खुलासा

गॉल (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पुष्टि की है कि बुधवार से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में उस्मान ख्वाजा के साथ सैम कोंस्टास की जगह ट्रेविस हेड बल्लेबाजी करेंगे। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम की पुष्टि नहीं की है और स्मिथ ने कहा कि गॉल की पिच की लगातार बदलती प्रकृति के कारण लाइन-अप को अंतिम रूप देने में देरी होगी।



कोंस्टास ने अपने पहले दो टेस्ट मैचों में प्रभावित किया और ऑस्ट्रेलिया को एक दशक में भारत पर पहली बार सीरीज जीतने में मदद की। लेकिन 2023 में ऑस्ट्रेलिया के सबसे हालिया उप-महाद्वीप भारत दौरे के अंतिम दो टेस्ट मैचों में चोटिल सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की जगह भरने के दौरान हेड के प्रयासों ने उन्हें सलामी बल्लेबाज के तौर पर जगह दिलाई।

स्मिथ ने अंतिम प्री-टेस्ट प्रशिक्षण सत्र से पहले कहा, ट्रैविस शीर्ष पर जाएगा, मुझे लगता है कि इसके अलावा यह काफी स्थिर रहेगा। मुझे नहीं लगता कि इसमें बहुत ज़्यादा बदलाव होगा। चयनकर्ताओं को भारत में जो कुछ देखने को मिला, वह उन्हें पसंद आया, जब उसे (हेड को) मौका मिला। वह नई गेंद के पीछे गया, तेज़ी से रन बनाए और तुरंत ही उन पर दबाव बनाया, इसलिए मुझे लगता है कि यहां भी यही सोच है। यह स्पष्ट नहीं है कि कोंस्टास मध्य-क्रम बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह बनाए रखेंगे या नहीं। मध्य-क्रम की खाली जगह के लिए नाथन मैकस्वीनी और जोश इंगलिस दोनों दावेदार हैं।

# छोले-पूरी खाने से इंकार, विराट कोहली ने दिल्ली के साथियों संग ट्रेनिंग के बाद यह देसी डिश खाई

कोटला (एजेंसी)। मंगलवार को विराट कोहली ठीक 9 बजे फिरोज शाह कोटला मैदान पर अभ्यास के लिए पहुंचे। वह 12 साल से भी अधिक समय के बाद अपनी प्रथम श्रेणी टीम के साथ ट्रेनिंग के लिए आए थे। तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को छोड़कर दिल्ली की टीम के अन्य सभी 18 सदस्यों के साथ ट्रेनिंग की और फुटबॉल खेला। वह लगभग तीन घंटे तक अपने घरेलू मैदान पर रहे और अपने आस-पास के सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चाहे युवा खिलाड़ी हों या अनुभवी मुख्य कोच सरनदीप सिंह या बल्लेबाजी कोच बंटू सिंह - सभी स्पष्ट रूप से उनके करीब रहना चाहते थे।



सभी के साथ विनम्र होने के बावजूद पूर्व भारतीय कप्तान अपने पूर्व अंडर-19 कोच महेश भाटी के साथ अधिक सहज दिखे, जो इस टीम के प्रशासनिक प्रबंधक भी हैं। डीडीसीए (दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, वो बदला नहीं है। उसको छोले-पूरी पसंद थे और हमने मंगवाकर रखा था। उसने बोला छोले पूरी नहीं खाऊंगा। उन्होंने जो खोजा, वह भी उनका पुराना पसंदीदा था। अधिकारी ने खुलासा किया, अभ्यास के बाद पुराने समय की तरह कढ़ी चावल सबके साथ खाया।

हर कोई इस आइकन के पीछे पड़ा था, जैसे कि यह कोई इवेंट हो। रणजी ट्रॉफी के मैचों को घरेलू क्रिकेट के कुछ चुनिंदा प्रशंसक कवर करते हैं, लेकिन सोमवार को यह संख्या तीन गुनी हो गई। किंग की हर हरकत पर नजर रखी गई। दो कोच - सरनदीप और बंटू - पूरे समय उनके साथ थे और फोटोग्राफरों या वीडियोग्राफरों के लिए उन्हें फ्रेम से एडिट करना मुश्किल था।

डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने याद करते हुए कहा जैसे कि यह कल की ही बात हो। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि दिल्ली रणजी टीम के तत्कालीन मैनेजर अजीत चौधरी ने 2006-07 में उन्हें 'चीकू' नाम दिया था। उन्होंने कोहली को तब से देखा है, जब वे पहली बार अंडर-15 ट्रायल के लिए यहां आए थे।

## विराट कोहली ने रणजी ट्रॉफी में वापसी से पहले ट्रेनिंग की, साथियों संग खेला फुटबॉल

स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने 12 साल बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी से पूर्व मंगलवार को यहां दिल्ली टीम के साथ ट्रेनिंग शुरू की। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे 36 वर्षीय कोहली 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेलेंगे जिससे इस प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में उनकी वापसी होगी। उन्होंने अपना पिछला रणजी मुकाबला 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था। कोहली आज सुबह ठीक 9 बजे अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे और टीम से मिलने तथा 'वार्म अप' के बाद उन्होंने टीम के साथियों के साथ करीब 15 मिनट तक फुटबॉल खेला। यह स्टार खिलाड़ी अपने नए साथियों के साथ सहज दिखा। दिल्ली के लगभग सभी खिलाड़ी पहली बार कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर रहे हैं और उन्हें अपने बीच पाकर काफी उत्साहित दिखे। अभ्यास ड्रिल दिल्ली के मुख्य कोच सरनदीप सिंह के मार्गदर्शन में हुई। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक टेस्ट दौरे के बाद एकदिवसीय और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा सहित भारत के सभी स्टार खिलाड़ी अपनी रणजी टीमों के लिए खेल रहे हैं। ऐसा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के इस आदेश के कारण हुआ है कि खिलाड़ियों को अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम से समय मिलने पर घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# एबी डिविलियर्स की चार साल बाद क्रिकेट में वापसी, इस लीग में करेंगे टीम की कप्तानी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने लगभग चार साल बाद खेल में अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी की घोषणा की है। डिविलियर्स, जिन्हें अब तक के सबसे अभिनव और रोमांचक क्रिकेटरों में से एक माना जाता है, वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के दूसरे संस्करण में गेम चेंजर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस की कप्तानी करेंगे।

संन्यास और गैर-अनुबंधित क्रिकेट दिग्गजों की विशेषता वाला यह प्रीमियर टी20 टूर्नामेंट दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए पुरानी यादों को ताजा करने वाला लेकिन रोमांच पेश करता है। अपनी वापसी पर डिविलियर्स ने कहा, चार साल पहले मैंने सभी क्रिकेट प्रारूप से संन्यास ले लिया था क्योंकि मुझे अब और खेलने की इच्छा नहीं थी। खैर, समय बीत चुका है और मेरे छोटे बेटे खेल खेलने लगे हैं। हम बगीचे में अधिक से अधिक खेल रहे हैं और ऐसा लगता है जैसे किसी तरह की लौ फिर से जल गई है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं जिम और नेट्स पर वापस जा रहा हूं और मैं जुलाई में डब्ल्यूसीएल के लिए तैयार हो जाऊंगा। अपनी बेजोड़ बहुमुखी प्रतिभा और निडर बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले डिविलियर्स की वापसी ने क्रिकेट जगत में उत्साह जगा दिया है। गेम चेंजर्स टीम, जिसमें उद्घाटन सत्र में जैक्स कैलिस, हर्शल गिब्स, डेल स्टेन और इमरान ताहिर जैसे दिग्गज शामिल थे, अब डिविलियर्स की कप्तानी में और भी उज्जवल भविष्य है।




साउथ अफ्रीका चैंपियंस के सह-मालिक और गेम चेंजर्स के संस्थापक अमनदीप सिंह ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, हम वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में प्रतिस्पर्धा करने और अपने महान क्रिकेटरों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारे कप्तान के रूप में एबी डिविलियर्स की वापसी हमारी टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और उनका नेतृत्व निस्संदेह हमें नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

साउथ अफ्रीका चैंपियंस के सह-मालिक हैरी सिंह ने कहा, एबी डिविलियर्स सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं हैं; वे एक आइकन हैं जिन्होंने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। हमारी टीम का नेतृत्व करने का उनका निर्णय खेल के प्रति उनके प्यार का प्रमाण है और हम उन्हें टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। यह टीम और लीग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के संस्थापक और सीईओ हर्षित तोमर ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, यही कारण है कि हमने डब्ल्यूसीएल की शुरुआत की - उन दिग्गजों को वापस लाने के लिए जिन्हें हम बहुत याद करते हैं। एबी डिविलियर्स के प्रशंसक के रूप में मैं उन्हें मैदान पर वापस आते देखकर रोमांचित हूं। मुझे यकीन है कि इंग्लैंड और उसके बाहर के क्रिकेट प्रेमी उनकी वापसी से खुश होंगे। डब्ल्यूसीएल के मुख्य संरक्षक निशांत पिट्टी ने कहा, वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के साथ हमारी साझेदारी क्रिकेट के स्वर्णिम युग का जश्न है। एबी डिविलियर्स की वापसी लीग की भावना को दर्शाती है और हमें इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने का सौभाग्य मिला है।